# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 22 मार्च, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-35 ■ पृष्ठ -14 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल-iniknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने दी बिहार दिवस की शुभकामनाएं

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार दिवस पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि बिहार का इतिहास गौरवशाली रहा है और वर्तमान में अपने निश्चय से बिहार का गौरवशाली भविष्य तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि बिहारवासी आपसी एकता, भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं स?द्भाव बनाये रखते हुये बिहार के गौरव को नई ऊँचाईयों पर पहुंचायेंगे।

### सीएम ने राज्यवासियों को दी चैती छठ की बधाई

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चैती छठ के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं। सीएम ने शुभकामना संदेश में कहा है कि छठ आत्मानुशासन का पर्व है, जिसमें लोग आत्मिक शुद्धि और निर्मल मन से अस्ताचलगामी और उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। कहा कि चैती छठ राज्यवासियों के लिये सुख, समृद्धि एवं शांति लेकर आये।

### नैनीताल में वाहन खाई में गिरा,दो पर्यटकों की मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के जनपद नैनीताल के तल्लीताल थाना क्षेत्र अंतर्गत गेठिया-खूपी के पास ज्योलीकोट-भवाली मार्ग पर शनिवार सुबह एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में उत्तर प्रदेश के दो पर्यटकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई,जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। डायल 112 के माध्यम से सूचना मिलने पर तल्लीताल पुलिस, एसडीआरएफ तथा अग्निशमन सेवा की टीमों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर संयुक्त रूप से खोज एवं बचाव अभियान चलाया।

### पानीपत में कोहरे की मार, 15 वाहन टकराए, 10 लोग घायल

**पानीपत।** पानीपत में दो दिन से मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण शनिवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। पानीपत में शनिवार को सुबह आ रही रुक कर हुई बरसात के कारण हुए घने कोहरे में दृश्यता इतनी कम हो गई कि हाईवे पर चल रहे वाहनों को कुछ ही दूरी पर आगे चल रहे वाहन दिखाई नहीं पड़ रहे थे। दृश्यता कम होने के कारण ही बस स्टैंड के पास एक के बाद एक 15 वाहन आपस में टकरा गए।

### शादी से पहले मंदिर दर्शन कर लौट रहे परिवार की कार टकराई, दादा-पोती की मौत

**नागौर।** जिले में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। मंदिर में धोक देकर लौट रहे परिवार की कार सामने से आ रही दूसरी कार से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों गाड़ियों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। यह हादसा जायल थाना क्षेत्र के तरनाऊ गांव के पास हुआ। पुलिस के अनुसार ओवरटेक करने के दौरान यह टक्कर हुई।

### गांधी मैदान पहुंचे निशांत ईद की दी बधाई

**पटना।** गांधी मैदान में परंपरागत रूप से बड़ी संख्या में लोगों ने ईद की नमाज अदा की। इस बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गांधी मैदान नहीं पहुंचे, उनकी जगह उनके पुत्र निशांत पहुंचे और लोगों को ईद की मुबारकबाद और बधाई दी। मुख्यमंत्री बनने के बाद से नीतीश कुमार हर साल ईद के मौके पर गांधी मैदान पहुंचते रहे थे। निशांत के साथ मंत्री अशोक चौधरी समेत जदयू के कई अन्य नेता मौजूद रहे। मंच पर निशांत को गमछा ओढ़ाकर मुस्लिम नेताओं ने उनका स्वागत किया।

## सतीश कुमार के श्राद्धकर्म में शामिल हुए सीएम

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को पीसी कॉलोनी, कंकड़बाग स्थित आवास पर जाकर पूर्व विधायक स्व. सतीश कुमार के श्राद्धकर्म में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सतीश कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने स्व. सतीश कुमार के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी। इस अवसर पर जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद संजय कुमार झा, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



## मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से की बातचीत बुनियादी ढांचे पर हमले की निंदा की

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** पश्चिम एशिया में पिछले 22 दिनों से जारी सैन्य संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से शनिवार को टेलीफोन कर बातचीत की और ईद एवं नवरोज की बधाई दी। मोदी ने आशा व्यक्त की कि यह त्योहारों का मौसम पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लेकर आएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हालिया हमलों पर चिंता जताई और



उनकी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित करते हैं और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में बाधा डालते हैं। प्रधानमंत्री ने नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के महत्व को दोहराया कि अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्ग खुले और सुरक्षित रहें। इसके अतिरिक्त मोदी ने ईरान द्वारा देश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने में दिए जा रहे निरंतर सहयोग को लेकर सराहना की। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह टेलीफोन पर दूसरी बातचीत है, जिसमें क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के मुद्दों पर चर्चा की गई।

# राज्य में आंधी-बिजली से 7 मरे

## मौसम का बदला मिजाज : तेज आंधी बारिश से हजारों एकड़ में लगी फसलें बर्बाद

**पटना (एनएसबी)।** पटना समेत बिहार के कई जिलों में शुक्रवार और शनिवार को आंधी-पानी, ओलावृष्टि और वज्रपात से 7 लोगों की जान चल गई गई, जबकि 10 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। गया और अररिया में 2-2, जमुई में 1 छात्रा और एक बच्चे और किशनगंज में 1 महिला समेत 7 मौतें हुई हैं। किशनगंज में पोल्ट्री फार्म पर बिजली गिरने से 4000 मुर्गियां मारी गईं। 5

### दस घायल, पटना-मुजफ्फरपुर और नालंदा में पेड़ों पर गिरा ठनका, लगी आग

### मकई, गेहूं और दलहन-तिलहन के पौधों को क्षति

जिलों में बिजली गिरने से आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। 25 जिलों में अलर्ट जारी है

पटना में ओलावृष्टि और 50-60 किमी/घंटा की रफ्तार से आंधी के साथ मूसलाधार बारिश हुई। बेतिया, बगहा, सीवान, सारण और जहानाबाद में भी भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग ने सतर्क रहने की सलाह दी है क्योंकि अभी भी आंधी-तूफान का दौर जारी रह सकता है। बांका, गोपालगंज, रक्सौल समेत अन्य जिलों में हुई तेज बारिश के चलते कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। खगड़िया में भी मौसम खराब रहा। यहां सुबह से ही रुक-रुककर बारिश होती रही। वहीं मुजफ्फरपुर, रक्सौल, पटना समेत 6 जिलों में हल्की बारिश हुई है। शनिवार सुबह बगहा और बेतिया में भी तेज बारिश हुई। वहीं बेमौस आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं, मक्का, केला, लीची और आम की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। इस दौरान आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से बिहार में 5 लोगों की मौत हो गई है। गयाजी में बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की जान चली गई। जमुई के चकाई में बिजली गिरने से 15 साल की छात्रा रागनी की मौत हो गई। मोकामा के टाल इलाके में ठनका गिरने से 10 मजदूर झुलस गए। वहीं पटना, नालंदा और मुजफ्फरपुर में ताड़ के पेड़ पर बिजली गिरी, जिससे पेड़ जल गया। समस्तीपुर में भी एक साथ कई ताड़ के पेड़ पर बिजली गिरने से आग लग गई। अररिया में आंधी के कारण दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा घायल हो गया है। इससे पहले शुक्रवार को राजधानी समेत 15 जिलों में तेज आंधी और बारिश हुई और 6 शहरों में ओले भी गिरे। किशनगंज में तेज आंधी में पेड़ गिरने से महिला की हुई मौत हो गई। 2 बच्चे भी घायल हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस बदलाव के पीछे का मुख्य वजह बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और एक सक्रिय ट्रफ लाइन है। साथ ही दिन में बढ़ती गर्मी के कारण वातावरण में अस्थिरता बढ़ गई है। यही कारण है कि अचानक बादल बन रहे हैं, जिससे आंधी-बारिश की संभावना बनी है।



### सैकड़ों घरों की छप्पर उड़ गए

सैकड़ों घरों की छप्पर उड़ गए। तेज आंधी और बारिश के कारण टीन के छत उखड़ गए,जिसके कारण लोग खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है।नेशनल हाईवे सहित स्टेट हाइवे और ग्रामीण सड़कों में दर्जनों स्थानों पर पेड़ गिर जाने के कारण यातयात व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है जिसे सामान्य बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कवायद जारी है।वहीं तेज आंधी और बारिश के कारण बिजली के तारों पर पेड़ और टहनियों के कारण कई इलाकों में रात से ही बिजली आपूर्ति बाधित है,जिसके कारण आमजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### क्षति का आकलन किया जा रहा : प्रशासन

तेज आंधी और बारिश के कारण जिले में हुए क्षति को लेकर सहायक जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी मृत्युंजय पांडेय ने कहा कि क्षति का आकलन किया जा रहा है।प्रखंड स्तर के अधिकारियों के साथ पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव और अन्य अधिकारियों को क्षति का आकलन करने और रिपोर्ट सबमिट करने का निर्देश दिया गया है।

## नवादा में PLFI के दो हार्डकोर उग्रवादी गिरफ्तार

### 40 किलो विस्फोटक के साथ बड़ी मात्रा में हथियार बरामद

**नवादा (एनएसबी)।** नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान में पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बिहार विशेष कार्य बल और नवादा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

इनकी निशानदेही पर जंगली क्षेत्र से पुलिस ने करीब 40 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री के साथ बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों नक्सली इस इलाके में पहुंचे हैं। इसी क्रम में पुलिस और एसटीएफ ने साझा ऑपरेशन चलाया और छापेमारी कर दोनों को पकड़ लिया। दोनों आरोपी लंबे समय से इस संगठन से जुड़े हुए थे और इलाके में नक्सली गतिविधियों को बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार लोगों की पहचान दयानंद राजवंशी उर्फ गुर्जर उर्फ पप्पू और मिथलेश राजवंशी के रूप में की गई है। दोनों रजौली थाना के हरदिया के रहने वाले हैं। इन दोनों की गिरफ्तारी रजौली थाना क्षेत्र से ही की गई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों की निशानदेही पर रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्र (भानेखाप) से भारी मात्रा में अवैध आग्नेयास्त्र एवं विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया।

## घरेलू फ्लाइट्स का किराया 23 मार्च से बढ़ा सकेंगी एयरलाइंस

### सरकार ने रोक हटाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अब एयरलाइन कंपनियां घरेलू फ्लाइट्स का किराया सीटों की मांग की हिसाब से बढ़ा सकेंगी। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने हवाई किराए पर लगी रोक को हटा दिया है। आदेश के मुताबिक यह फैसला 23 मार्च से लागू होगा। पिछले साल दिसंबर में इंडिगो की उड़ानों में आई रुकावटों के बाद फेयर कैप लगाया लगाया गया था। सरकार ने एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18000 तय किया था। एयरलाइन इससे ज्यादा दाम नहीं ले सकती थीं। दरअसल, पिछले साल DGCA ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए थे। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (FDTL) नाम दिया गया था। इसकी वजह से एयरलाइन कंपनी इंडिगो में स्टाफ की कमी हो गई जिससे हजारों फ्लाइट्स कैंसिल हुई थी। इस वजह से अन्य एयरलाइंस ने घरेलू फ्लाइट्स का किराया 50 हजार तक बढ़ा दिया था।

## ईरानी नेवी ने LPG लदा भारतीय जहाज होर्मुज पार कराया

### दावा- हमले से बचाने के लिए ट्रैकिंग सिस्टम बंद किए, अभी 22 जहाज फंसे

**तेल अवीव/ तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 22वां दिन है। ईरानी नेवी ने 13 मार्च की रात को एक भारतीय जहाज को सुरक्षित तरीके से होर्मुज स्ट्रेट पार कराया था। LPG लेकर आ रहा ये जहाज 10 दिन से फारस की खाड़ी में फंसा था। यह खबर ब्लूमबर्ग ने दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह काम भारत और ईरान के बीच बातचीत के बाद हुआ। जहाज को पहले से तय रास्ते से निकाला गया ताकि वह हमलों से बच सके। इस दौरान जहाज का ट्रैकिंग सिस्टम (AIS) बंद कर दिया गया था। हालांकि रिपोर्ट में इस जहाज का नाम नहीं बताया गया है। अभी तक दो भारतीय जहाज शिवालिक (16 मार्च) और नंदा देवी (17 मार्च) होर्मुज के रास्ते LPG लेकर भारत पहुंचे हैं। वहीं फारस की खाड़ी में अभी भी करीब 22 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं। फारस की खाड़ी में मौजूद होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के अहम शिपिंग रूट्स में शामिल है। यहां से दुनिया भर की करीब 20% ऑयल की सप्लाई होती है।

## अफगानिस्तान के काबुल में 4.6 तीव्रता का भूकंप

**काबुल (एजेंसी)।** नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (NCS) के एक बयान के अनुसार, शनिवार देर रात अफगानिस्तान में 4.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप 82 किलोमीटर की गहराई पर आया। इससे पहले दिन में, इसी क्षेत्र में 130 किलोमीटर की गहराई पर 4.5 तीव्रता का एक और भूकंप आया था। रेड क्रॉस के अनुसार, अफगानिस्तान में अक्सर भूकंप आते रहते हैं, विशेष रूप से हिंदू कुश क्षेत्र में, जो एक अत्यधिक सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है। अफगानिस्तान में भूकंप का खतरा, भारतीय और यूरेशियाई टेक्टोनिक प्लेटों के टकराव वाले क्षेत्र में इसकी भौगोलिक स्थिति से जुड़ा है।

## सरकार ने कमर्शियल एलपीजी का आवंटन बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया

### गैस सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी पर छापेमारी जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने शनिवार को कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए कमर्शियल एलपीजी का आवंटन बढ़ाकर अब 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें पहले से दिए गए 20 प्रतिशत और पीएनजी विस्तार से जुड़े सुधारों के आधार पर दिए गए 10 प्रतिशत के साथ अब अतिरिक्त 20 प्रतिशत आवंटन जोड़ा गया है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, यह अतिरिक्त 20 प्रतिशत एलपीजी उन क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा जहां इसकी ज्यादा जरूरत है। इनमें रेस्टोरेंट, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, फूड प्रोसेसिंग और डेयरी यूनिट, सरकारी सब्सिडी वाले कैंटीन, कम्युनिटी किचन और प्रवासी मजदूरों के लिए 5 किलो वाले सिलेंडर शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने केंद्र सरकार के दिशा-निदेर्शों के अनुसार गैर-घरेलू एलपीजी के वितरण के आदेश जारी कर दिए हैं। बाकी राज्यों में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध करा रही हैं। पिछले एक हफ्ते में करीब 13,479 मीट्रिक टन एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की गई है। शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों को प्राथमिकता दी गई है और



कुल कमर्शियल एलपीजी का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं क्षेत्रों को दिया जा रहा है। इस बीच, सरकार ने शनिवार को बताया कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देश भर में लगातार छापेमारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में अब तक 3,500 से ज्यादा छापे मारे गए हैं और करीब 1,400 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। तेल कंपनियों के अधिकारियों ने 2,000 से ज्यादा पेट्रोल पंप और एलपीजी एजेंसियों पर अचानक जांच भी की है, ताकि सप्लाई सुचारू बनी रहे और किसी तरह की गड़बड़ी न हो। सरकार ने कहा कि युद्ध जैसे हालात के बावजूद घरेलू एलपीजी और पीएनजी को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है।

## 1 से बदलेगा इनकम टैक्स सिस्टम : कई नियमों को बनाया गया सरल, लोगों को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर नियम, 2026 को अधिसूचित कर दिया है, जो नए आयकर अधिनियम 2025 के तहत 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। यह नया कानून 64 साल पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। सरकार का कहना है कि इससे टैक्स सिस्टम को ज्यादा सरल, पारदर्शी और विवाद-मुक्त बनाया जाएगा। हालांकि टैक्स दरों या स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन नियमों में कई अहम बदलाव किए गए हैं, जिनका




असर नौकरीपेशा लोगों, निवेशकों और व्यवसायियों पर पड़ेगा। देशव्यापी जागरूकता अभियान 'प्रारंभ 2026' के लॉन्च के दौरान बीते शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह नया टैक्स ढांचा छोटे करदाताओं के लिए अनुपालन को काफी आसान बनाएगा और मुकदमेबाजी को कम करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि भारत के छोटे कारोबारी और पेशेवर 'अर्थव्यवस्था की असली ताकत' हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि नया कानून इस तरह तैयार किया गया है कि इससे त्रुटियां, विवाद और अनुपालन लागत कम हो सके और लोगों का व्यवहार 'कन्फ्यूजन से कंप्लायंस' की ओर बदले। उन्होंने यह भी कहा कि मुकदमेबाजी को कम करना इस नए ढांचे का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए।

## चुनाव बाद पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कीमतें बढ़ेंगी, एमएसएमई पर चोट पहुंचेगी : राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिमी एशिया में चल रही जंग और कच्चे तेल की बढ़ती



कीमतों का असर भारतीय करेंसी पर पड़ रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। इसे लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार का घेराव किया। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "रुपये का डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर 100 की तरफ बढ़ना और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी- ये सिर्फ आंकड़े नहीं, आने वाली महंगाई के साफ संकेत हैं।" उन्होंने कहा कि सरकार चाहे इसे 'नॉर्मल' बताए, लेकिन हकीकत ये है कि उत्पादन और ट्रांसपोर्ट महंगे होंगे। एमएसएमई को सबसे ज्यादा चोट लगेगी। रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे। एफआईआई का पैसा और तेजी से बाहर जाएगा।

## खबरें : एक नजर में

### गुरुकुलम के बच्चे शैक्षणिक परिभ्रमन के लिए राजगृह रवाना



बच्चे को शैक्षणिक परिभ्रमन के लिए राजगृह हरि झंडी दिखाकर रवाना करते गंगावादी प्रेम जी।

**फतुहा (एनएसबी)।** संस्कार वोडिंग गुरुकुलम के छात्र- छात्राओं के जत्था को शैक्षणिक परिभ्रमन के लिए हरी झंडी दिखाकर गांधीवादी प्रेम जी ने राजगृह रबाना किया । उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि अब समय आ गया है कि मैकाले शिक्षा पद्धति को जड़ से समाप्त किया जाए । यह पद्धति फेक डिग्री और बेकार परीक्षा भर रह गया है। यह सिर्फ कागज का बच्चा बना रहा है । नई शिक्षा नीति में कुछ हद तक परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। अब बच्चे विद्यालय और महाविद्यालय के कक्षाओं के अलावे खेत, खलिहान , पहाड़ और नदी में जाकर व्यवहारिक शिक्षा ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि संस्कार के बिना शिक्षा अधूरा है । संस्कार वोडिंग गरुकुलम का शिक्षा वुनियदाई शिक्षा है । शिक्षा मनुष्य निर्माण के लिए हो शिक्षा का व्यापार उचित नही है। विद्यालय में गीत संगीत, खेल कूद, का नियमित आयोजन हो । मौके पर समाजसेवी शिशुपाल कुमार , अधिवक्ता राज कुमार, निदेशक राजेश गिरी , विकाश कुमार,समेत सैंकड़ो छात्र छात्राओं एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

### नदी थाना के मोनिया घाट से युवक का शव बरामद

**फतुहा (एनएसबी)।** नदी थाना की पुलिस ने शनिवार की देर शाम ग्रामीणों की सूचना पर थाना क्षेत्र के मोनिया घाट के किनारे गंगा नदी से लगभग 35वर्षीय एक युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को नदी से निकाल कर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु पटना भेज दिया है । युवक की पहचान समाचार प्रेषण तक नहीं हो पाया था।

### ई-ऑटो के उड़े परखच्चे छह गंभीर रुप से घायल

**दनियावां (एनएसबी)।** शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के अस्टर ग्लास कंपनी के पास शनिवार को दनियावां-हिलसा रोड पर एक ई-ऑटो और कार के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ई-ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कार भी बुरी तरह टूट गई। टक्कर में ई-ऑटो पर सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मुन्ना दास पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को तुरंत दनियावां पीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। घायलों में मोहम्मद ओसामा (47, भागलपुर), अरमान (24, करायपरशुराय), ज्योति कुमारी (32, खरजमा, हिलसा), सरोज देवी (60, मुस्तफापुर), सतीश कुमार (42, सुल्तानपुर) तथा गौरव कुमार (30) शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ई-ऑटो दनियावां की ओर आ रही थी, जबकि कार हिलसा की तरफ जा रही थी। टक्कर के बाद कार सवार वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है और फरार लोगों की तलाश शुरू कर दी है।

### शांतिपूर्ण ईद संपन्न

**फतुहा (एनएसबी)।** मुस्लिम भाइयों का ईद-उल-फितर पर्व गुरुवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। रायपुरा समेत कई मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई साथ ही अकीदतमंदों ने मुल्क की तरक्की और शांति के लिए दुआ मांगी। पुलिस प्रशासन की ओर से अकीदतमंदों के लिए ट्रैफिक की चाक-चौबन्द व्यवस्था की गई थी। अंत में लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारक बाद दी।

### गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 31 मार्च तक

**पटना (एनएसबी)।** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 ( 16-31 मार्च 2026) जिसका उद्देश्य गंगा एवं सहायक नदियों के अविरलता और निर्मलता बनाये रखना है एवं जल महोत्सव 2026(8 से 22 मार्च) का राष्ट्रव्यापी आगाज जल अर्पण दिवस के साथ हुआ, जिसका उद्देश्य सामुदायिक जल प्रबंधन को सुदृढ़ करना है। जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष जिला गंगा समिति पटना के निदेशानुसार नगर परिषद,बिहटा अंतर्गत श्रीरामपुर शिव मंदिर के प्रांगण एवं मनेर के त्रिवेणी संगम घाट पर श्रमदान, पौधरोपण जल एवं स्वच्छता शपथ का आयोजन वृहत्त स्तर पर किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद,बिहटा के सभापति श्रीमती प्रियंका कुमारी मैम, दीपेन्द्र मणि जिला परियोजना पदाधिकारी जिला गंगा समिति पटना, सुश्री साक्षी पाठक (स्वच्छता पदाधिकारी) के साथ, सफाई कर्मी, आईआईटी, पटना के स्वयंसेवक ,युवा मंडल के सदस्य के साथ ग्रामीण इलाकों के आमजन मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जन भागीदारी को सुदृढ़ करना और समुदायों को ग्राम जल प्रणालियों के प्रबंधन की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह अभियान देश भर में सुजल ग्राम (जल-सुरक्षित गांवों) के निर्माण की परिकल्पना का भी समर्थन करता है। इस अभियान का नारा है गांव का उत्सव, देश का महोत्सव, जो इस बात पर जोर देता है कि स्थानीय जल पहल सामूहिक रूप से एक राष्ट्रीय आंदोलन बन सकती है। जल महोत्सव के साथ गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पटना के आमजनों के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गंगा एवं सहायक नदियों के स्वच्छता के उद्देश्य को सार्थकता देने के लिए खास कर युवा वर्ग एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को आज के कार्यक्रम में प्रमुखता दी गयी एवं महिला सशक्तिकरण को भी सतत परिभाषित करने का सफल प्रयास किया गया ।

# मुख्यमंत्री ने ईद-उल-फितर के अवसर पर विभिन्न जगहों का किया भ्रमण, लोगों को दी बधाई एवं शुभकामनायें







**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ईद-उल-फितर के अवसर पर खानकाह-मुजीबिया फुलवारीशरीफ जाकर वहां के सज्जादा नशीं हजरत सैयद शाह आयतुल्ला कादरी से मुलाकात कर उनकी दुआयें ली और ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री मित्तन घाट, पटना सिटी स्थित खानकाह-ए-मुनएमिया पहुंचकर वहां के सज्जादा नशीं हजरत सैयद शाह शमीमुद्दीन अहमद मुनअमी के साथ मिलकर राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की दुआ की। साथ ही वहां मौजूद लोगों को ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री तकिया शरीफ, मित्तन घाट, पटना सिटी स्थित खानकाह बारगाहे इश्क पहुंचकर वहां के सज्जादा नशीं सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद सहित अन्य लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

ईद-उल-फितर के अवसर पर विभिन्न जगहों पर भ्रमण के दौरान ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, विधायक श्याम रजक, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, जिलाधिकारी डा. त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# बागवानी में किसानों और युवाओं के लिए असीम संभावनाएं : डा. प्रेम कुमार

नर्सरी और ग्रीन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है बिहार : राम कृपाल यादव

शहर के ज्ञान भवन में बिहार नर्सरी एवं ग्रीन-टेक कानक्लेव का हुआ शुभारंभ, 23 मार्च तक चलेगा

बिहार में पहली बार आयोजित हो रहा है बागवानी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का कान्क्लेव

यहां नर्सरी संचालक, कृषि वैज्ञानिक, किसान एवं व्यवसायी एक मंच पर हुए हैं एकत्रित



नर्सरी देखते विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव।

**पटना (एनएसबी)।** राष्ट्रीय स्तर का तीन दिवसीय नर्सरी एवं ग्रीन-टेक कानक्लेव, 2026 का शुभारंभ शनिवार को शहर के ज्ञान भवन में किया गया। यह कन्क्लेव 23 मार्च तक चलेगा। कृषि विभाग का उद्यान निदेशालय बागवानी क्षेत्र को आधुनिक तकनीक से सशक्त करने के लिए इसे आयोजित कर रहा है। परंपरा से प्रगति तक थीम पर आधारित यह कानक्लेव बागवानी के क्षेत्र में बिहार का पहला राष्ट्रीय स्तर का आयोजन है। इसके उद्घाटन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि आज बिहार के किसान खुशहाल हो चुके हैं, उनकी आय बढ़ रही है। किसान खेती के साथ ही पशुपालन और बागवानी करते हैं तो उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होती है। इस तरह के आयोजन से राज्य में बागवानी क्षेत्र का विकास होगा और किसानों की आय बढ़ेगी। बागवानी में किसानों और युवाओं के लिए हैं असीम संभावनाएं। उन्होंने कहा कि बिहार के कृषि उत्पाद आज राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। कृषि-बागवानी, पशुपालन-मत्स्य पालन का विकास होने से राज्य के लोगों को अब उनके गांव में ही रोजगार मिल रहा है।

कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि नर्सरी और ग्रीन टेक्नेलजी के क्षेत्र में बिहार बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। खेती के क्षेत्र में मशीन और तकनीक का इस्तेमाल बढ़ गया है। अब बागवानी से किसानों को अच्छी आय मिल रही है। गांव में ही अब रोजगार का बेहतर अवसर मिल रहा है। कृषि एवं बागवानी के क्षेत्र में नवाचार बढ़ रहा है। आज खेती और बागवानी में रोजगार के काफी नए अवसर मिल रहे हैं, किसान एवं युवा इसका लाभ उठाएं।

बिहार राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण मेहता ने कहा कि बिहार कृषि प्रधान राज्य है। हमारे यहां परंपरागत खेती होती रही है, लेकिन आज के दौर में तकनीक से कृषि एवं बागवानी का तेजी से विकास हो रहा है।

कृषि विभाग के प्रधान सचिव नमदेश्वर लाल ने कहा कि यह पहली बार है जब बिहार की धरती पर इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम से कृषि, बागवानी और तकनीक के साथ समन्वय स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। इससे किसानों को बागवानी की आधुनिक तकनीक से जोड़ने में मदद मिलेगी।

पूर्व मुख्य सचिव और बिहार म्यूजियम के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि मैं नर्सरी क्षेत्र से जुड़ा हूं। आज बागवानी के क्षेत्र में काफी तरक्की हो चुकी है। इस तीन दिवसीय नर्सरी एवं ग्रीन-टेक कनक्लेव के जरिए बिहार के किसानों को बागवानी की आधुनिक तकनीक से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

इस मौके पर उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार ने बताया कि इस कनक्लेव में देश के प्रमुख नर्सरी संचालक, ग्रोवर, कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक, उद्यान महाविद्यालयों के विशेषज्ञ तथा बिहार के किसान एवं व्यवसायी एक मंच पर एकत्रित होकर बागवानी के क्षेत्र में किए गए नवाचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करेंगे।

## बिहार दिवस : उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार थीम पर होगा समाज कल्याण विभाग का पवेलियन

विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेगी, लोगों को दी जाएगी इसकी समुचित जानकारी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार दिवस के मौके पर 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' थीम के अंतर्गत अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए समाज कल्याण विभाग की तरफ से महिला एवं बाल विकास निगम को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

गांधी मैदान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाली विभिन्न इकाइयों की तरफ से उनकी योजनाओं, उपलब्धियों एवं सेवाओं के प्रदर्शन के लिए थीम-आधारित पवेलियन स्टाल स्थापित किए जाएंगे।

इन पवेलियनों के जरिए आमजन को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा विभाग के पलेवियन में इस बार सूबे की पारंपरिक कलाओं मसलन लहठी एवं सुजनी कलाओं का प्रदर्शन करने के साथ-साथ महिला उद्यमियों के उत्पादों का प्रदर्शन-सह-विपणन करने के लिए भी पर्याप्त स्थल उपलब्ध कराया गया है।

विभाग की इकाईयों में समाज कल्याण निदेशालय, आईसीडीएस निदेशालय, राज्य आयुक्त निशक्तता (दिव्यांगजन) कार्यालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण निदेशालय, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय, स्टेट सोसाइटी फर अल्ट्रा पूअर एंड सोशल वेलफेयर (सक्षम) एवं राज्य बाल संरक्षण समिति आयोजन में शामिल रहेंगे।

महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से राज्य की विकास यात्रा, विशेषकर महिलाओं, बच्चों एवं कमजोर वर्गो के सशक्तीकरण से जुड़े प्रयासों को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

## 23 -31 मार्च : युद्ध-विरोधी, साम्राज्यवाद-विरोधी अभियान सप्ताह

**पटना (एनएसबी)।** भाकपा माले ने 23 मार्च से 31 मार्च तक पूरे देश में युद्ध-विरोधी और साम्राज्यवाद-विरोधी अभियान सप्ताह मनाने की घोषणा की है। इस दौरान देशभर में सभाएं, जुलूस, जनसंवाद, प्रतिरोध मार्च और विविध जनकार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युद्ध के खतरों, साम्राज्यवादी हस्तक्षेप और शांति, न्याय व जनतंत्र के सवालों को व्यापक रूप से जनता के बीच उठाया जाएगा।

भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि यह अभियान भगत सिंह के शहादत दिवस (23 मार्च) से लेकर का. चंदू के शहादत दिवस (31 मार्च) तक चलाया जाएगा, जो हमारे स्वतंत्रता संग्राम और जनसंघर्षों की गौरवशाली परंपरा से जुड़ा हुआ है।

उन्होंने अमेरिका - इजरायल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन और साम्राज्यवादी आक्रामकता बताया, अमेरिकाइजरायल के इस हमले ने पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध की आग में झोंकने का खतरा पैदा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि यह संघर्ष केवल एक देश तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति, अर्थव्यवस्था और मानवता के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। तेल और संसाधनों पर नियंत्रण की होड़ इस युद्ध को और खतरनाक बना रही है।

भाकपा माले ने देश की तमाम लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और शांति-प्रिय ताकतों से अपील की है कि वे इस अभियान सप्ताह में सक्रिय भागीदारी करें और युद्ध व साम्राज्यवादी दखल के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करें।

उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि शहीदों की विरासत से प्रेरणा लेकर हम युद्ध, हिंसा और साम्राज्यवाद के खिलाफ एक व्यापक जनआंदोलन खड़ा करें और दुनिया में शांति, न्याय और संप्रभुता की रक्षा के लिए आगे आएं।

# पटना के बापू टावर में 28 और 29 मार्च को होगा मगही महोत्सव

दो दिवसीय आयोजन में पहले दिन मगही भाषा, साहित्य-संस्कृति, लोक-कला, लोक-गायन, इतिहास व परंपरा आदि को लेकर आयोजित होंगे विविध सत्र

गया घराने की गायकी से होगा महोत्सव का शुभारंभ

दूसरे दिन मगही फिल्म महोत्सव में मगही भाषा की फिल्में दिखाई जाएगी

मगध के पर्यटन स्थलों की फोटो प्रदर्शनी के साथ मगही भाषा के पुस्तकों की प्रदर्शनी लगेगी

**पटना (एनएसबी)।** पटना में आगामी 28 और 29 मार्च को मगही भाषा, साहित्य-संसति-सिनेमा, लोक कला, लोक गायन, इतिहास-परंपरा का दो दिवसीय उत्सव आयोजित होने जा रहा है। यह महोत्सव पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर में आयोजित किया जाएगा, जो सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम 7 बजे तक चलेगा।

इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य मगही लोक भाषा, साहित्य, संस्कृति और संगीत में विमर्श को बढ़ावा देना है। आयोजन में विभिन्न सांसतिक और बौद्धिक कार्यक्रमों के जरिए मगही की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा।

**कार्यक्रमों का विवरण :** मगही महोत्सव के संयोजक रविशंकर उपाध्याय, विजेता चंदेल और उज्ज्वल कुमार ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में पहले दिन मगही भाषा, साहित्य-संसति, लोक-कला, लोक-गायन, इतिहास व परंपरा आदि को लेकर विविध सत्र आयोजित होंगे वहीं दूसरे दिन मगही फिल्म महोत्सव में मगही भाषा की फिल्में दिखाई जाएगी। महोत्सव का शुभारंभ गयाजी संगीत घराना की गायकी से होगा वहीं आयोजन के दरम्यान मगध के पर्यटन स्थलों की फोटो प्रदर्शनी के साथ मगही भाषा के पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगेगी।

मगही महोत्सव में कई रोचक और ज्ञानवर्धक सत्र व गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें विमर्श और परिचर्चा के सत्र होंगे, जहां मगही भाषा और साहित्य पर गहन चर्चा होगी। इसके अलावा युवा और नव उद्यमियों के साथ संवाद का आयोजन भी किया जाएगा।

जिसमें नई पीढ़ी को मगही संसति से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। लोक गायन और मगही कवि सम्मेलन के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। साथ ही, फिल्म फेस्टिवल का आयोजन इस महोत्सव को और भी उत्सवी बनाएंगे।

**मगही हस्ताक्षरों की रहेगी मौजूदगी :** आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन में मगही भाषा और साहित्य के क्षेत्र में देश और प्रदेश में कार्यरत प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। सभी गणमान्य लोग अपने अनुभव और विचार साझा करेंगे, जिससे मगही संस्कृति के प्रति लोगों का जुड़ाव और गहरा होगा। इस महोत्सव के जरिए मगही भाषा को न केवल संरक्षित करने बल्कि इसे व्यापक स्तर पर प्रचारित करने का प्रयास किया जा रहा है।

यह आयोजन मगही भाषा के माध्यम से मातृभाषा और संस्कृति के प्रति रुचि रखने वालों के लिए एक सुनहरा अवसर होगा। मगही भाषी लोगों से अपील की गई है कि वे इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी सांसतिक विरासत का उत्सव मनाएं।

# बिहार: ज्ञान, संस्कृति एवं विरासत की धरती

बिहार दिवस विशेष : विहार से बिहार तक



शम्भु शरण सिंह (लाइब्रेरियन)।
प्लस 2 उच्च विद्यालय, एकौना कुईयां, बड़हरा

ज्ञान, परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत की भूमि गौरवशाली बिहार का अपना एक समृद्ध इतिहास है। यह शिक्षा, राजनीति और अध्यात्म का केंद्र रहा है। बिहार राज्य की स्थापना 22 मार्च, 1912 ई को हुई थी, जब ब्रिटिश राज ने बिहार को बंगाल प्रेसिडेंट से अलग एक राज्य का दर्जा दिया। आधुनिक बिहार के जनक डाक्टर सच्चिदानंद सिन्हा को माना जाता है। दरअसल बिहार विहार शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है बौद्ध तीर्थ यात्रियों के घूमने या ठहरने का स्थान।

बिहार की राजधानी पटना है, जो गंगा नदी के किनारे बसा एक ऐतिहासिक शहर है। जहां तक बिहार दिवस मनाने की बात है, तो यह 22 मार्च, 2010 से प्रत्येक वर्ष उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह बिहार राज्य की समृद्धि, इतिहास एवं संस्कृति का जश्न है, जो मगध साम्राज्य सहित प्राचीन सभ्यताओं का घर भी है। यह दिवस बिहार के स्वर्णिम अतीत और राष्ट्र मैं इसके महत्व व योगदान को याद करने का अवसर है। इसलिए इस दिन सभी सार्वजनिक स्थानों पर ध्वजारोहण, प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनी, वृक्षारोपण अभियान, सामुदायिक भोजन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। यह राज्य का एक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक तौर पर वैभवशाली सूबा है।

यहां पटना, नालंदा, वैशाली, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, गया जी सहित कुल 38 जिले अवस्थित हैं। बिहार ने देश को कई महान विभूतियां दी है। जिसमें सम्राट अशोक, चाणक्य, आर्यभट्ट, डा. राजेंद्र प्रसाद, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, रामधारी सिंह 'दिनकर' एवं फणीश्वर नाथ 'रेणु' जैसे दिग्गजों ने देश को प्रेरित किया है। यहीं विश्व के प्रथम गणतंत्र की भूमि वैशाली है, तो सिखों के दसवें गुरु दशमेश गुरु गोविंद सिंह की जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा पटना साहिब में है। इसी तरह भगवान बुद्ध की प्रकाश भूमि बोधगया आज पूरे विश्व को अपने ज्ञान और विरासत से प्रकाशित कर रहा है।

यहां प्रकृति की श्रृंगार स्थली बिहार पर्यटकों को बुलाती है। यहां कहीं कलकल बहते जलप्रपात तो कहीं मंदिरों में घंटियों की आवाज पर्यटन मन को पुलकित करती है। यहां नवादा में ककोलत जलप्रपात, बांका में मंदार पर्वत, राजगीर में ग्लास ब्रिज, नेचर सफारी, घोड़ा कटोरा, किला, विश्व शांति स्तूप, गर्म पानी का झरना एवं स्वर्ण भंडार, नालंदा में प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय का खंडहर, पावापुरी में भगवान महावीर की मोक्ष भूमि एवं जल मंदिर, भागलपुर में प्राचीन विक्रमशिला विश्वविद्यालय एवं जैन मंदिर, मुजफ्फरपुर में गरीब नाथ मंदिर, सोनपुर में हरिहरनाथ मंदिर की प्रसिद्धि देश ही नहीं विदेशों में भी है।

इसी तरह राजधानी पटना में गोलघर, सभ्यता द्वार, बापू टावर, बिहार संग्रहालय, पटना संग्रहालय, ऐतिहासिक कुम्हरार पार्क कमलदह है। जैन मंदिर, खुदाबक्स ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी आदि देखते ही बनती है। नालंदा का नेपुरा पर्यटक ग्राम पूरे भारत में ग्रामीण पर्यटन के लिए विख्यात है। पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र यह स्थल सूबे को ख्यातिलब्ध बनाती है। यहां का कांवर श्रावणी मेला, सोनपुर मेला, पितृपक्ष मेला, राजगीर महोत्सव, वैशाली महोत्सव एवं छठ पूजा की छटा आकर्षक है।

यहां मधुबनी पेंटिंग, सिक्की कला, पटना कलम चित्रशैली काफी मशहूर है। भागलपुर का तसर सिल्क, बक्सर की सोन पापड़ी, सिलाव का खाजा, भोजपुर के उदवंतनगर का खुरमा, बिहार शरीफ का पेड़ा एवं चीनी से बनी रेबड़ी, गोपालगंज की पीडूकिया, मुजफ्फरपुर की लीची, दीघा का आम, किशनगंज की चाय पत्ती एवं अनानास तथा गया जी का तिलकुट एवं अनरसा आदि खूब प्रचलित है। इस प्रकार बिहार अपने आप में एक अनोखा प्रदेश है, जो ज्ञान, संस्कृति एवं विरासत की भी धरती कहलाता है।

## बिहार चारों ओर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है : अरुण शंकर प्रसाद

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के पर्यटन तथा कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने प्रदेशवासियों को बिहार दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है। यह प्रदेश ज्ञान-विज्ञान, आध्यात्म, मोक्ष, कला, साहित्य-संस्कार-संस्कृति और लोकतंत्र की जीवंत भूमि है, जिसने सदैव पूरे भारतवर्ष को नई राह दिखाई है। हमारी समृद्ध विरासत हमें अलग पहचान देती है। हमारी श्रमशीलता -सकारात्मकता, लक्ष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और वसुधैव कुटुंबकम का हमारा सिद्धांत भी हमें पूरी दुनिया में औरों से अलग करती है। आज बिहार चारों ओर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आईये हम सभी मिलकर बिहार को निरंतर नई पहचान देने और इसे नित नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए कदम से कदम बढ़ायें।

# दरभंगा में आंधी तूफान में मकई, गेहूं सहित आम की फसल बर्बाद


कुशेश्वरस्थान में बर्बाद मकई की फसल।


बेनीपुर में सड़क पर गिरा गिरा विशाल पेड़ ।

## किसानों में पसरा मायूसी, सरकार से नुकसान की भरपाई की उठने लगी मांग

**राजेश कुमार झा/ राजू रमण भारती**

**बेनीपुर/ कुशेश्वरस्थान/बहेड़ी।** दरभंगा जिले में शुक्रवार की देर शाम भीषण आंधी तूफान ने फसल को सबसे अधिक नुकसान किया है। जिले में मकई गेहूं आम की फसल को व्यापक नुकसान हुआ है। बेनीपुर में दो दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश, आंधी और ओलावृष्टि ने किसानों के साथ-साथ आम लोगों के लिए भी जीवन जीविका की बड़ी परेशानी खड़ी कर दी है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की गेहूं, मसूर व अन्य रबी फसलों के लिए अत्यंत नाजुक अवस्था में हुई बारिश ने गांव-गांव में नुकसान का आंकड़ा बहुत बड़ा कर दिया है। फसल तहस-नहस, किसानों के ऊपर आसमान से आफत शुक्रवार की शाम से शुरू हुई आंधी-तूफान के साथ बारिश ने खेतों में गेहूं की फसल को सरपट सुला दिया। अधिकांश खेतों में पानी जमा होने के कारण गेहूं, मसूर और अन्य दलहन फसलें लगभग बर्बाद हो गई है। मटर के दाने जैसे आकार के ओलों ने न केवल गेहूं, बल्कि मसूर व अन्य दलहनों को भी खेत में जमीनदोज कर दिया है। किसानों का कहना है कि ब्याज व कर्ज पर खेती करने के बाद अब ऊपरवाले के सिवा कोई सहारा नहीं बचा है।

ऊपर से आम व लीची फसल को भी भारी नुकसान स्थानीय किसानों के अनुसार छोटे-साइज के ओलों के कारण आम व लीची के फूल-फलों को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है। बेनीपुर, बिशनपुर, धरौरा, सकरी सहित कई मार्गों पर पेड़ गिरने से यातायात अवरुद्ध हो गया है। स्थानीय लोग पेड़ों को हटाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन मूसलाधार बारिश और आंधी के कारण काम में देरी हो रही है। वहीं, धरातल पर बिजली लाइनों के टूटने और ऊपर से बारिश रुकने का नाम न लेने के कारण बिजली आपूर्ति 24 घंटे से अधिक समय से बाधित बनी हुई है।

बसंती नवरात्र के अवसर पर लगाए गए कई पूजा स्थलों के पंडाल तूफान के कारण तहस-नहस हो गए हैं। पोहद्दी सुंदरबन चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुशील चौधरी ने बताया कि देर शाम आए आंधी ने पंडाल को उड़ा दिया। इधर कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड अंतर्गत दो दिनों से बेमौसम आंधी तूफान वारिस होने से किसानों के मेहनत पर संकट मंडराया किसानों कि चिंता फिर बढ़ने लगी है क्योंकि मक्के कि फसल व गेहूं कि फसल आंधी वारिस में,खेत लहलहा रही फसल तहस नहस हो गई है। गेहूं के वृक्ष खेत में गिर गया है जिससे गेहूं के दाना सुख जाएगा और हल्का हो जाएगा और मक्के कि बृक्ष भी गिर चुका है जबकि उसमें बाली होने को है।


तेज हवा की वजह से बर्बाद हुआ गेहूं की फसल।

## संक्षिप्त खबरें

### एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होना ही मानवता की सच्ची पहचान : ईश्वर मंडल

**दरभंगा (एनएसबी)।** ईद उल फितर के अवसर पर विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौर कर महीने भर से पाक रमजान में जुटे लोगों को गले मिलकर मुबारकबाद दिए। विधायक श्री मंडल ने बताया नेहरा रामनगर, जगदीशपुर पंचायत के फतेहपुर, मैनारहिका बाजीतपुर, जतुका, मुरीया, अदलपुर , लोआम, दरभंगा टावर एवं नाका 2 स्थित सहित सैंकड़ों जगह पहुंचकर उन्होंने समाजिक समरसता एवं भाईचारे का महापर्व ईद उल फितर की मुबारकबाद दिए हैं। उन्होंने सहाब खान और पार्षद बबली खान के निवास पर जाकर मुस्लिम भाइयों से मुलाकात की और उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान क्षेत्र में भाईचारे और अमन-चैन का संदेश दिया गया। इस दौरान विधायक ईश्वर मंडल ने कहा कि ईद करुणा, उदारता और एकता का उत्सव है। यह हमें हमारी साझा मानवता में निहित शक्ति और हमारे विविध एवं बहुलवादी समाज की सुंदरता की याद दिलाता है।



ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में ईद की मुबारकबाद देते विधायक ईश्वर मंडल ।

### धूमधाम से मनाई गई ईद, ईदगाहों और मस्जिदों में अदा की गई नमाज

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की गई ।एक महीने की इबादत के बाद ईद पर सुबह से ही ईदगाह में रौनक दिखी। इस मौके पर मसानखोन, कुमारी बिष्णुपुर ,गोड़ा, ब्रह्मपुर बर्रा, बलहा ,राम बाड़ी,झझरा नवटोलिया सहित अन्य ईदगाहों में आसपास के क्षेत्र के हजारों की संख्या में अमन चैन की दुआएं मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर या फिर हाथ मिलाकर ईद की बधाई देते दिखे। बच्चों से खासा उत्साह देखने को मिल रहा था। वैसे बे मौसम वारिस में भी ईदगाह परिसर के बाहर मेला का नजारा दिख रहा था। जहां बच्चे आइसक्रीम गुब्बारा आदि खरीदारी करने में मशगूल दिखे। वहीं शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर कुशेश्वरस्थान स्थान थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ जगह जगह भ्रमण कर रहे थे।

### पानी बहाव के लिए बना नाला हल्की बारिश में डूब गई

**जाले (एनएसबी)।** जाले विधानसभा क्षेत्र के मुरैठा गांव में दो माह पुर्व ही वार्ड संख्या तेरह में जल जमाव से मुक्ति के लिए लाखों रुपए खर्च कर नाला निर्माण की गयी थी किन्तु,छोटी वारीश में ही नाला समेत सड़क डुब गयी। सड़क नाला में तब्दील हो गया।

## घरेलू गैस का उपयोग करते पकड़े जाने पर कार्रवाई

# बहेड़ी में ब्रदर्स होटल के मालिक पर एफआईआर

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार के आदेश के आलोक में जिले के सभी गैस एजेंसियों के कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वरीय पदाधिकारियों के द्वारा गोदामों और होटलों पर औचक निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि दरभंगा जिलान्तर्गत संचालित एल.पी.जी. गैस एजेसियों द्वारा 21 मार्च को 10,186 से अधिक गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है, जबकि 12,982 सिलेंडर एजेसिंयों के गोदामों में शेष हैं। दरभंगा जिला में 22 मार्च 2026 को 10,690 एल.पी.जी. गैस सिलेंडर आने की संभावना है। साथ ही 23,672 गैस सिलेंडर 22 मार्च को वितरण के लिए उपलब्ध रहेगा।

> **21 मार्च को 10,186 से अधिक गैस सिलेंडरों का किया गया वितरण**
>
> **22 मार्च को 23,672 गैस सिलेंडर वितरण होने की है संभावना**

बताया गया कि प्रखंड-पणन पदाधिकारी द्वारा कल 57 और आज 18 स्थानों पर औचक छापामारी किया गया है।बहेड़ी में ब्रदर्स होटल को घरेलू गैस का प्रयोग करते हुए पकड़ा गया है जिस पर प्राथमिक की दर्ज की गई है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। नागरिक अपने घरों में गैस को अनावश्यक जमा नहीं करें। जिला में सभी एजेंसियों के द्वारा घरेलू गैस का डोर टू डोर वितरण किया जा रहा है।

# शादी के अवसर पर बेटियों को दिया जा रहा लाडली बेटी उपहार योजना का लाभ

**दरभंगा (एनएसबी)।** ग्रीन इंडिया यूथ वुमेन सोसाईटी विगत आठ वर्षो से समाज के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के स्वास्थ एवं शिक्षा और गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने का कार्य करती आ रही है।

संस्था द्वारा एक नवीन योजना का शुभारंभ विगत वर्ष किया गया "लाडली बेटी उपहार योजना"। इस योजना के तहत समस्तीपुर, बेगूसराय, सीतामढ़ी, दरभंगा जिला अन्तर्गत दर्जनों लाडली बिटिया के शुभ विवाह के सुअवसर पर संस्था के संस्थापक संजय कुमार झा, नन्द कुमार झा, पुजा कुमारी के द्वारा उपहार सौंपा गया। इस मौके पर कार्यकारी सदस्य श्रवणजी, मुन्नाजी पंचायत समिति, श्यामा देवी, गुड्डू यादव, राजू सर (शिक्षक), राजीव झा एवं समस्त ग्रामीण, परिवारजन मौजूद थे। संस्था द्वारा बढ़ाये गये इस कदम का उपस्थित सभी ने सराहना किया और साथ ही अपना सहयोग भी देने का आश्वासन दिया।

> **ग्रीन इंडिया यूथ वुमेन सोसाईटी द्वारा किया जा रहा महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के स्वास्थ एवं शिक्षा और गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने का कार्य**


सामाजिक कार्य करते ग्रीन इंडिया यूथ वुमेन सोसाईटी के पदाधिकारी व सदस्य।

# बरसात के बीच दरभंगा में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया ईद का पर्व


ईद की नमाज अदा करते लोग।

**दरभंगा (एनएसबी)।** ईदगाहो और मस्जिदों में हजारों नमाजियों ने ईद की नमाज पढ़ी और एक दूसरे से गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज से एक दिन पहले हुई बारिश के बावजूद सफाई के बाद वक़्त पर नमाज हो सके नमाजियों के लिए ईदगाह को तैयार किया गया। डॉ मो फैजुल्लाह अंसारी ने कहा के इस्माइलगंज ईदगाह के मैनेजमेंट कमिटी के साथ मिलकर वार्ड 37 के पार्षद मो. रियासत अली, वार्ड 38 के पार्षद के पार्षद प्रतिनिधि मो. गुलाब और वार्ड 36 के पार्षद प्रतिनिधि मो छोटे के प्रयास से जल्द नमाजियों के लिए ईदगाह को तैयार किया गया। हम महापौर, अंजुम आरा, उप महापौर, नाजिया हसन एवं पार्षदगणो, जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन, मिडिया के बन्धुओ, जिला शांति समिति सदस्यों का अच्छी तरह से ईद बहुत बड़ा योगदान रहा। साथ ही दरभंगा नगर निगम के सफाई कर्मियों का भी अहम योगदान रहा।

> **ईदगाहों और मस्जिदों व खानकाहो मे की गई ईद उल फितर की नमाज अदा**

ईद की नमाज को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कड़े सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद की नमाज संपन्न कराई गई। प्रधानाचार्य, सीएम कॉलेज दरभंगा, डॉ. मुश्तक अहमद ने बताया ईद मोहब्बत भाईचारे का पैगाम देता है। प्रधानाचार्य, महारानी कल्याणी कॉलेज, दरभंगा, डॉ मो रहमतुल्लाह ने कहा की देश और समाज मिलजुल कर तरक्की के राह पर आगे बढ़ता रहे दुआ की गई। हम श्रमिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, आर के दत्ता ने कहा की समाज में अमन चैन बनी रहे।

# भाजपा ने सदैव राष्ट्रवाद, सुशासन व अंत्योदय के सिद्धांतों को केंद्र में रखकर कार्य किया : सरावगी

**दरभंगा (एनएसबी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत महात्मा गांधी महाविद्यालय, सुंदरपुर, दरभंगा में भारतीय जनता पार्टी दरभंगा नगर दक्षिणी मंडल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशिला गुप्ता ने भारत माता, श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एँव दीप प्रज्वलित किया। प्रशिक्षण वर्ग की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पिंटू भंडारी ने की। यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन को सशक्त, सक्रिय एवं विचारधारा से सुसज्जित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पार्टी ने सदैव राष्ट्रवाद, सुशासन और अंत्योदय के सिद्धांतों को केंद्र में रखकर कार्य किया है। पार्टी का इतिहास संघर्ष, समर्पण और संगठन की मजबूती का प्रतीक रहा है। आज भाजपा का विस्तार देश के हर कोने में हुआ है, जिसका श्रेय समर्पित कार्यकताओं की मेहनत और नेतृत्व की दूरदर्शिता को जाता है। राज्यसभा की सांसद डॉ. धर्मशिला गुप्ता ने कहा कि सरकार ने समाज के प्रत्येक वर्ग—गरीब, किसान, युवा और महिलाओं—के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं और जनता को योजनाओं से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं। पूर्व विधायक अमरनाथ गामी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की मजबूती उसके वैचारिक आधार पर ही निर्भर करती है। यदि कार्यकर्ता अपने सिद्धांतों, मूल्यों और आदर्शों को आत्मसात कर लेते हैं, तो संगठन को आगे बढ़ाने में कोई बाधा नहीं आ सकती। कार्य पद्धति विषय पर प्रशिक्षण वर्ग को पूर्व विधान पार्षद डॉ अर्जुन सहनी ने संबोधित किया। संचालन जिला के महामंत्री संतोष पोद्दार ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा,राजू तिवारी,संगीता साह,जिला महामंत्री संतोष पोद्दार,सुजीत मल्लिक, विधानसभा प्रभारी मुकुंद चौधरी,विधानसभा संयोजक लक्ष्मण कास्यंकार,जिला मंत्री सचिन जैन, बालेन्दु झा,कृष्ण कुमार अग्रवाल,विशाल महासेठ, संतोष झा,मीणा झा, रेखा झा,सौरभ झा,सपना भारती रामकुमार शर्मा,सूरज चौधरी, रंजू मिश्रा, रमेश प्रसाद, दीपक महतो, सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

> **समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए भाजपा ने किया है कार्य : डॉ. धर्मशिला गुप्ता**


शुभारंभ करते प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सांसद डॉ धर्मशिला गुप्ता एवं अन्य ।

# गरीब, किसान, युवा व महिलाओं का उत्थान कर रही एनडीए सरकार : पप्पू सिंह

**अलीनगर (एनएसबी)।** पूर्वी मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के नरमा स्थित आवासिय कार्यालय परिसर मे किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तेलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर की गई।

इस अवसर पर दरभंगा पूर्वी के जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर प्रकाश डाला। जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात कर गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के उत्थान हेतु निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, हर घर जल योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंच रहा है। यह अभियान कार्यकताओं को मजबूत एवं सक्षम बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इसके तहत कार्यकताओं को मूलभूत प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण महाभियान विभिन्न विषयों पर आधारित है, जिसमें कुल सात सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में वैचारिक अधिष्ठान, संगठन का इतिहास एवं विकास, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, कार्य पद्धति, सरकार की उपलब्धियां, सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग, नमो एप एवं एआई, बूथ प्रबंधन तथा ह्लमन की बातह्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। संचालन मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया द्वारा किया गया। प्रशिक्षण महाभियान में प्रशिक्षक के रूप में गंगा राम सहनी, रणधीर सिंह, सुनील मिश्र एवं विकास कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान सुनील मिश्र, विकास कुमार, गंगा राम सहनी ने अपने विचार व्यक्त किया। मौके पर ललित मोहन मिश्र,मंडल महामंत्री अशोक सदा,प्रकाश सहनी,अमित कुमार सिंह,मुकेश सिंह,रमन जी यादव,रामबाबू पासवान,प्रमोद झा,प्रवीण साहू,राजेंद्र मुखिया,श्रवण झा,जगरनाथ यादव,मनोज कुमार झा,अनिल ठाकुर,राजेश मंडल,रामदेव प्रसाद,बैधनाथ साहू,त्रिवेणी सदा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान, महामंत्री पप्पू सिंह एवं अन्य ।

> **पूर्वी मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का विधिवत शुभारंभ**

# ओईनी के सुमित ने रचा इतिहास, बीसीसीआई लेवल-3 कोचिंग सर्टिफिकेशन के लिए क्वालीफाई कर बढ़ाया जिले का मान

## बिहार सीनियर महिला टीम के हेड कोच के रूप में पहले ही लिख चुके हैं सफलता की इबारत

**ओईनी (एनएसबी)।** मुश्किल नहीं है कुछ भी अगर ठान लीजिए। फिल्म उमराव जान के इस गीत को देखें तो एक उक्ति याद आती है, जिसमें किसी ने कहा है कि, अगर मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा, लक्ष्य पाने की जिद्द, लगन और प्रतिबद्धता हो तो, ऊंची उड़ान भरने से कोई नहीं रोक सकता। इसी जज्बे को सच कर दिखाया है समस्तीपुर के पूसा प्रखंड स्थित ओईनी निवासी सुमित कुमार ने। सुमित ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की प्रतिष्ठित लेवल-3 कोचिंग सर्टिफिकेशन एलिजिबिलिटी परीक्षा को 'डिस्टिंक्शन' के साथ उत्तीर्ण कर न केवल अपने जिले, बल्कि पूरे बिहार का परचम राष्ट्रीय स्तर पर लहराया है। सुमित की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और निरंतरता का परिणाम है। इससे पूर्व वर्ष 2019 में बीसीसीआई के लेवल-1 कोर्स में वे अपने बैच के टॉपर रहे थे। इसके बाद वर्ष 2023 में आयोजित लेवल-2 कोर्स में भी उन्होंने टॉप-4 में स्थान पक्का कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसी प्रदर्शन के आधार पर उन्हें लेवल-3 एलिजिबिलिटी टेस्ट में बैठने का मौका मिला, जिसे उन्होंने 2 मार्च 2026 को बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बेंगलुरु में सफलतापूर्वक क्वालीफाई किया। गौरतलब हैं कि बीसीसीआई का लेवल-2 व लेवल-3 सर्टिफिकेशन क्रिकेट कोचिंग जगत के सबसे कठिन और उच्च स्तर के पड़ावों में से एक माना जाता है। इस स्तर तक पहुँचने के लिए खेल की गहरी समझ, तकनीकी बारीकियां और वर्षों के अनुभव की आवश्यकता होती है। सुमित ने अपनी प्रतिभा और अटूट मेहनत के बल पर इस मुकाम को हासिल कर यह साबित कर दिया कि बिहार की प्रतिभा किसी से कम नहीं है। पिता रविंद्र झा और माता वीणा देवी के पुत्र सुमित का बचपन से ही क्रिकेट से गहरा लगाव रहा है। उन्होंने खिलाड़ी के रूप में अपने करियर की शुरूआत समस्तीपुर के रॉयल इंस्टिट्यूट क्रिकेट क्लब से की थी। उनके नाम जिला लीग के एक मैच में मात्र 7 ओवर में 9 रन देकर 9 विकेट लेने का अनोखा रिकॉर्ड दर्ज है। विश्वविद्यालय स्तर पर भी उन्होंने अपनी गेंदबाजी और कप्तानी से अलग पहचान बनाई। एक समय ऐसा भी आया जब सुमित अपने करियर के बेहतरीन फॉर्म में थे, लेकिन उसी दौरान बिहार में क्रिकेट गतिविधियां करीब दो दशकों के लिए ठप पड़ गईं। इस कठिन दौर ने कई खिलाड़ियों का मनोबल तोड़ा, लेकिन सुमित का जुनून कम नहीं हुआ। उन्होंने हार मानने के बजाय कोचिंग को अपना मिशन बनाया और आज उसी लगन ने उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है।वर्तमान में सुमित बिहार सीनियर महिला क्रिकेट टीम के हेड कोच के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन में बिहार की टीम ने 'सीनियर विमेंस वन डे ट्रॉफी' के प्लेट ग्रुप के सभी छह मैच जीतकर इतिहास रच दिया और पहली बार ग्रुप चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। सुमित का कहना हैं कि " क्रिकेट उनके लिए सिर्फ खेल नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। उनका लक्ष्य बिहार के अधिक से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तराश कर राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना है।"

सुमित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन व अपने कोचों और शुभचिंतकों को दिया है। उन्होंने बताया कि वे भविष्य में अंपायरिंग की बारीकियों को भी सीखेंगे ताकि खेल की तकनीकी समझ और बेहतर हो सके। सुमित की इस उपलब्धि पर बिहार क्रिकेट जगत, जिले के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। सभी ने इसे समस्तीपुर और बिहार के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण बताया है।



सुमित कुमार का फाइल चित्र।

# जिले में रसोई गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों और भ्रामक खबरों पर न दें ध्यान : जिला आपूर्ति पदाधिकारी

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिला में घरेलु उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है, अनावश्यक भ्रामक खबरों और अफवाहों पर ध्यान न दें। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के हवाले से जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार राय ने घरेलू गैस को लेकर मची अफरातफरी और छीना झपटी की खबरों के बीच उक्त बातें कही है। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने बताया है कि, गैस बुकिंग दर्ज होने के पश्चात दो से तीन दिनों के भीतर घरेलु गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूर्व की भांति घर पर सुनिश्चित की जा रही है। उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों/गोदामों के पास भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है। श्री राय ने बताया कि, तेल एवं घरेलू गैस की उत्पन्न समस्याओं के मद्देनजर आमजन को होने वाली कठिनाईयों के निदान हेतु खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त निदेश के आलोक में समस्तीपुर जिलान्तर्गत एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो प्रतिदिन 07:00 बजे पूर्वाह्न से 09:00 बजे अपराह्न तक कार्य करेगा। उक्त अवधि में आमजन अपनी समस्याओं या हो रही कठिनाईयों से उक्त नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्याः 06274-222300 पर शिकायत कर सकते हैं।

श्री राय के मुताबिक, समस्तीपुर जिलान्तर्गत कुल 86 गैस एजेंसियाँ कार्यरत है। जिले में प्रतिदिन औसतन 18,938 गैस सिलेंडरों की खपत होती है, जबकि 16,022 गैस सिलेंडरों की डिलीवरी हो रही है। गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र में घरेलु उपभोक्ताओं के अंतिम गैस सिलेंडरों की डिलिवरी के 25 दिनों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के घरेलु उपभोक्ताओं के अंतिम गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 45 दिनों के बाद गैस सिलेंडर की बुकिंग की अनुमति है।



जिला आपूर्ति पदाधिकारी।

# आग लगने से टेंट गोदाम और हार्डवेयर दुकान स्वाहा, लाखों का सामान जल कर खाक

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अकस्मात आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। शुक्रवार देर रात हुई इस घटना में वारिसनगर थाना क्षेत्र स्थित टेंट गोदाम और उजियारपुर थाना क्षेत्र स्थित एक हार्डवेयर दुकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। इस घटना में लाखों रुपये के सामान के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि राहत की बात यही है कि, दोनों घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

पहली घटना वारिसनगर प्रखंड के छोटी गोही गांव की है, जहां एक टेंट गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत आग बुझाने की कोशिश शुरू की, लेकिन शुरूआती प्रयास नाकाफी साबित हुए। बाद में दमकल की टीम को सूचना दी गई, जिसके बाद काफी मशक्कत और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक गोदाम में रखा टेंट और अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। इस घटना में करीब 10 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। इस घटना को लेकर पीड़ित टेंट हाउस संचालक मोहम्मद परवेज ने आरोप लगाया है कि उन्होंने एक व्यक्ति को आग लगाकर मौके से भागते हुए देखा था। इस आरोप के बाद मामला और गंभीर हो गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

वहीं दूसरी तरफ उजियारपुर प्रखंड के योगी चौक स्थित विश्वकर्मा प्लाई एंड हार्डवेयर की दुकान में अचानक आग लग गई। जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया और दुकान में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस आगलगी की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। आग लगने के बाद आनन फानन में जुटे स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि तब तक लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो चुका था।

घटना के करीब एक घंटे बाद दमकल की टीम के पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश भी देखने को मिला। लोगों का कहना था कि अगर दमकल समय पर पहुंच जाती, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। दोनों ही मामलों में पुलिस जांच में जुटी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# टीम शहनाई के सदस्यों ने गले मिल कर दी ईद की बधाई

**ओईनी (एनएसबी)।** ईद हो या दिवाली, बकरीद हो या होली, गुरुपर्व हो या क्रिसमस मिलजुल कर खुशियां मनाना हमारी सांस्कृतिक विरासत और वर्षो पुरानी परंपरा है। कोई चाहे भी तो वह न तो हमें रोक सकता है, न ही हमेशा के लिए विलग कर सकता है। ईद के पावन व खुशनुमा माहौल में ओईनी, ठहरा आदि ईदगाहों पर मौजूद नमाजियों को गले मिलते और ईद की बधाई देते हुए टीम शहनाई के संस्थापक संयोजक डॉ. नीरज कुमार मिश्रा ने उक्त बातें कही। इस क्रम में उन्होंने ईदगाह कमिटी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। उन्होंने कहा टीम शहनाई न किसी राजनीतिक दल से संबद्ध है न किसी राजनेता या उद्योगपति के प्रभाव में। सामाजिक तानेबाने के कणझकण में घुले मिले प्रेम और सौहार्द को मजबूत करने की कोशिश कर रही है टीम शहनाई। इस अवसर पर मिथिलेश कुमार, राकेश कुमार वर्मा, मो. मुस्तफा, मो. सज्जाद, आदि मौजूद थे।



## भीषण ओलावृष्टि ने बरपाया कहर, लाखों की क्षति का अनुमान

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के विभिन्न इलाकों में शुक्रवार देर शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ भीषण ओलावृष्टि एवं बारिश ने कहर बरपाया। मौसम में आए इस बदलाव से जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार, ओलावृष्टि और आंधी के कारण आम, लीची, गेहूं तथा सब्जी की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। खासकर बागवानी करने वाले किसानों को ज्यादा नुकसान हुआ है, क्योंकि आम और लीची के पेड़ों पर लगे मंजर झड़ गए हैं। वहीं गेहूं की तैयार फसल भी खेतों में गिर गई है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। पूसा, कल्याणपुर, वारिसनगर, बिथान, विद्यापति नगर, दलसिंहसराय, हसनपुर खानपुर आदि क्षेत्रों में भी तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से हालात गंभीर बताए जा रहे हैं। कई स्थानों पर तेज हवा के कारण पेड़-पौधे, खपरैल व एस्बेस्टस के घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे तक मौसम का मिजाज इसी तरह तल्ख बना रह सकता है। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# बेमौसम बारिश से फसलों पर कहर, किसानों ने की क्षतिपूर्ति व आपदा राहत की मांग

**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड में शुक्रवार की शाम अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। तेज आंधी, मूसलाधार बारिश, वज्रपात और कई इलाकों में ओलावृष्टि ने जहां खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया, वहीं ग्रामीण इलाकों से लेकर प्रखंड मुख्यालय तक सड़कों पर जलजमाव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। बेमौसम बारिश ने एक बार फिर किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। गेहूं, मकई, आम, लीची, आलू और विभिन्न सब्जी फसलों को व्यापक क्षति पहुंचने की खबर है। इससे किसान आर्थिक संकट और भविष्य की अनिश्चितता से जूझने को मजबूर हो गए हैं।

प्रखंड के कई गांवों में शुक्रवार शाम तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। जिस कारण खेतों में पानी भर गया, और तैयार खड़ी गेहूं और मकई की फसलें जमीन पर बिछ गईं। किसानों का कहना है कि कटाई के मुहाने पर पहुंच चुकी गेहूं की फसल को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। तेज हवा और बारिश से बालियां झुक गईं, जिससे उपज पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। वहीं मकई की फसल भी खेतों में गिर गई है, जिससे दाना बनने की प्रक्रिया प्रभावित होगी।

बागवानी फसलों पर भी इस बेमौसम बारिश का बुरा असर पड़ा है। आम और लीची के पेड़ों से बड़ी संख्या में आए मंजर और छोटे फल गिर गए हैं। किसानों का कहना है कि इस मौसम में आई तेज आंधी ने बागानों को खासा नुकसान पहुंचाया है। इससे इस वर्ष आम और लीची की पैदावार घटने की आशंका बढ़ गई है। इसके अलावा आलू, टमाटर, बैंगन, मिर्च, गोभी समेत कई सब्जी फसलें भी जलजमाव और ओलावृष्टि की मार से प्रभावित हुई हैं।

किसानों ने बताया कि, इस बार पहले ही खेती की लागत बढ़ी हुई है। बीज, खाद, सिंचाई और मजदूरी पर भारी खर्च करने के बाद फसल तैयार हुई थी, लेकिन अचानक आई प्राकृतिक आपदा ने उनकी उम्मीदों को तगड़ा झटका दे दिया है। फसल क्षति के कारण हमारे समक्ष गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है जिससे हमें कर्ज चुकाने और अगली खेती की तैयारी करने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि, इस बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और आंधी से हुई फसल क्षति का तत्काल सर्वे कराया जाए। किसानों का कहना है कि राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम गांव-गांव जाकर वास्तविक नुकसान का आकलन करे, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा मिल सके। किसानों ने सरकार से प्रति एकड़ फसल क्षति के अनुरूप पर्याप्त क्षतिपूर्ति, बागवानी फसलों के लिए अलग राहत पैकेज, कृषि ऋण पर ब्याज माफी, अगली बुवाई के लिए अनुदानित बीज-खाद तथा आपदा राहत कोष से तत्काल सहायता देने की मांग की है। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और राज्य फसल सहायता योजना के तहत प्रभावित किसानों को सरल प्रक्रिया से लाभ दिलाने की भी मांग उठाई गई है। किसानों और स्थानीय लोगों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा ने एक ओर खेतों में खड़ी मेहनत को नुकसान पहुंचाया है, तो दूसरी ओर बदहाल सड़क और जलजमाव ने जनजीवन को भी प्रभावित कर दिया है। ऐसे में प्रशासन यदि समय रहते राहत और मुआवजा की ठोस व्यवस्था नहीं करता है, तो किसानों की आर्थिक कमर पूरी तरह टूट सकती है। इसलिए किसानों ने फसल क्षति का तत्काल सरकारी सर्वे कराने,



खेत में बिछी फसल।

## संक्षिप्त खबरें

### टीम शहनाई ने विभिन्न संस्थानों को दिए वैपर लाइट

**ओईनी (एनएसबी)।** गरीब जरूरतमंदों के खुशियों का सहकार असंगठित युवाओं का संकल्पित समूह टीम शहनाई ने, संयोजक वीणा फिजियोथैरेपी सेंटर के मुख्य चिकित्सक डॉ. नीरज मिश्रा के नेतृत्व में, अपनी सेवा के दायरे को विस्तार दिया और ओईनी थाना क्षेत्र में विभिन्न संस्थानों को 2-2 वैपर लाइट प्रदान किया। इस क्रम में डॉ मिश्रा ने पुरानी दुर्गा स्थान, कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट, ईदगाह ओईनी स्थित चैती दुर्गा पूजा समिति को व्यवसाई कमल किशोर के सहयोग से दो साल गारंटी वाली लाइटें प्रदान की। इस क्रम में उन्होंने पुरानी दुर्गा स्थान के निर्भय सिंह, कस्तूरबा ट्रस्ट की प्रतिनिधि प्रेमा बहन व कृष्ण कुमार, ईदगाह समिति के मो. साजिद को लाइटें सौंपी, वही चैती दुर्गा स्थान के धनंजय कुमार झा को मिथिलेश कुमार ने सौंपा। डॉ. मिश्रा ने बताया कि हम अपने जेब खर्च से जो भी सामाजिक कार्य करते है उनमें कमल जी का हर बार अहम योगदान रहता है।



### विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर बैठक सम्पन्न

**मोरवा (एनएसबी)।** समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी मोरवा की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक पंचायत समिति भवन मोरवा में सभी पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, लेखापाल सह आईटी सहायक एवं पंचायत कार्यपालक सहायक का किया गया। बैठक में नल जल अनुरक्षक भुगतान, बिजली बिल बकाया भुगतान, कन्या विवाह मंडप योजना, पंचायत सरकार भवन निर्माण, नल कूप योजना, कबीर अंत्येष्टि, 15वी एवं षष्ठम वित्त आयोग योजना आदि विषयों पर समीक्षा की गई।

### सांसद शांभवी चौधरी को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के छात्र प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समस्तीपुर लोकसभा की सांसद शांभवी चौधरी को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के छात्र प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस खबर से लोजपा रामविलास के कार्यकताओं में जोश और हर्ष का माहौल है। इसकी जानकारी मिलते ही पूसा सांसद प्रतिनिधि अशोक पासवान एवं ताजपुर सांसद प्रतिनिधि सुशील चौबे ने उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं दी है। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा है कि, आपके कुशल नेतृत्व में निश्चित ही छात्र लोजपा (रा) में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा और हमारा छात्र संगठन अपेक्षाकृत अधिक मजबूत होगा। इसके अलावा स्थानीय संसद को बधाई देने वालों में लोजपा (रा) एवं मुखिया संघ के पूसा प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, महासचिव रमेश हजारी मंतोष पासवान रामफल महतो राजकिशोर पासवान विनोद कुमार सिंह पिंटू कुमार सुनील पासवान दिनेश कुमार सूरज राम संतोष सिंह पप्पू पंडित संतोष कुमार दास बबलू साह कपलेश्वर पासवान अंशु कुमार सूर्य कुमार रामश्रृंगारी देवी फुलेश्वरी देवी सुनीता देवी फूलिया देवी उर्मिला देवी शामिल हैं।



### मार्च में जनवरी जैसी ठंडः बारिश और ओलावृष्टि से गिरा तापमान किसान हालकान

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले में मौसम ने अचानक ऐसा रुख बदला है कि मार्च महीने में ही लोगों को जनवरी जैसी ठंड का एहसास होने लगा है। डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी 21 मार्च के मौसम बुलेटिन के अनुसार तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। जारी आंकड़ों के अनुसार आज अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 8.3 डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.4 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। तापमान में आई इस तेज गिरावट से लोगों को शनिवार को दिन भर ठंड का सामना करना पड़ा। मौसम केंद्र के अनुसार सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत और दोपहर में 83 प्रतिशत दर्ज की गई। हवा की गति 8.7 किलोमीटर प्रति घंटा रही और हवा पुरवा दिशा से चलती रही। इसके साथ ही पिछले 24 घंटों में 29.1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जिससे मौसम पूरी तरह ठंडा और नम बना हुआ है। जिले के कई इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई है, जिससे तापमान में अचानक भारी गिरावट आ गई है। मार्च के महीने में इस तरह का मौसम लोगों को हैरान कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह के समय ठंडी हवा और बादलों के कारण लोग फिर से हल्की गर्म कपड़े पहनने को मजबूर हो गए हैं। बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। गेहूं, मक्का, सब्जी और दलहनी फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि अगर मौसम इसी तरह बना रहा तो तैयार फसलों पर इसका असर पड़ सकता है।

### जिले भर में हर्ष व उल्लास के साथ मना ईद, मांगी अमन एवं चैन के लिए दुआ

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले में शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व हर्ष, उल्लास और अकीदत के साथ मनाया गया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी तथा सेवई और खजूर खाकर मुंह मीठा किया। यह पर्व रमजान के पूरे महीने रोजा रखने के बाद आता है। शुक्रवार की शाम चांद दिखते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। ईद के मौके पर कई जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने जिला वासियों को बधाई दी। जिनमें कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो. अबू तमीम, सांसद शांभवी चौधरी, विधायक मांजरिक मृणाल, अश्वमेघ देवी, पूर्व विधायक अख्तरूल इस्लाम शाहीन, एमएलसी डॉ. तरुण कुमार चौधरी, महापौर अनिता राम, उप महापौर रामबालक पासवान, जनसुराज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, आदि शामिल हैं। शुक्रवार शाम चांद दिखने के बाद लोग खुशी से झूम उठे। शनिवार सुबह नए कपड़े



पहनकर और इत्र लगाकर लोग नमाज अदा करने पहुंचे। आंधी और बारिश के कारण कई स्थानों पर लोगों ने ईदगाह के बजाय मस्जिदों में नमाज अदा की। इस क्रम में शाही ईदगाह, जन्नत नगर, नामनगर, जामा मस्जिद सहित कई स्थानों पर नमाज अदा की गई। जिले के विभिन्न प्रखंडों—वारिसनगर, खानपुर, कल्याणपुर, पूसा, रोसड़ा, दलसिंहसराय, सरायरंजन, मोहनपुर, शाहपुर पटोरी, विभूतिपुर और ताजपुर में भी ईद हर्षोल्लास से मनाई गई। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा जगह-जगह दंडाधिकारी के नेतृत्व में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। वहीं कादरी जमा मस्जिद के सदर मास्टर जावेद आलम के नेतृत्व में नमाज अदा की गई। मौके पर कारी तैयब, मो. उस्मान, मास्टर जुनैद, मो. सरताज, मुशाहिद बाबू, मुनाजिर बाबू, डॉ. इकबाल, अहमद रजा, मो. मुस्ताक, मो. सरफराज, मो. अय्यूब, मोहम्मद परवेज आलम, फैज अहमद, मो. मोबिन, मो. जुनैद, मो. मुन्ना सहित सैकड़ों अकीदतमंदों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी।

## संक्षिप्त खबरें

### तारामंडल, म्यूजियम, मिथिला विवि सहित कई स्थलो का किया परिभ्रमण



**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालय रघौली, मध्य विद्यालय ससरमा, मध्य विद्यालय बैगरा बिस्फी, मध्य विद्यालय पोखरौनी के छात्राओं ने दरभंगा के प्रमुख शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का परिभ्रमण किया.वही तारामंडल, खगोल विज्ञान, म्यूजियम मिथिला विश्वविद्यालय सहित कई स्थलों का भ्रमण कर संबंधित जानकारियां हासिल की. भ्रमण के क्रम में छात्रों ने दरभंगा राज किला का अवलोकन किया इसके बाद छात्रों ने श्यामा माई मंदिर एवं मनोकामना मंदिर का दर्शन की. इस दौरान प्रधानाध्यापिका निभा कुमारी प्रधानाध्यापक भगवान जी मिश्रा ने मार्गदर्शन करते हुए दरभंगा राज के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सौरमंडल, ग्रह-नक्षत्र, अंतरिक्ष की संरचना के बारे में विस्तार से जानकारी दी. इस मौके पर कृष्ण कुमार कन्हैया संजय मंडल मुखिया दिलीप कुमार शाह सहित कई लोग उपस्थित हुए .

### चयनित छात्र -छात्रा को 22 मार्च को पटना में आयोजित बिहार दिवस मैं शामिल होंगे



**लदनियां (एनएसबी)।** बिहार राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट मध्य विद्यालय महथा लदनियां के छात्रों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विधालय और प्रखंड का नाम रोशन किया है। गणित ओलंपियाड में उत्कृष्ट मध्य विद्यालय महथा के नैतिक कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उक्त प्रतियोगिता में चयनित छात्र -छात्रा को 22 मार्च को पटना में आयोजित बिहार दिवस कार्यक्रम में भाग लेना है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमितेश कुमार, विधालय प्रधानाध्यापक प्रेम नाथ गोसाईं, विधालय शिक्षक शिबू महरा, भोगेन्द्र सिंह, पूनम कुमारी,नीतू कुमारी , सतेन्द्र कुमार,जीवछ कामत, कुमारी कल्पना, रेणु कुमारी, एवं अरुण कुमार ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जिलाधिकारी ने ईद के पावन अवसर पर दी हार्दिक शुभकामनाएं



**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने ईद के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।इस अवसर पर उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ईद का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द का प्रतीक है। यह त्योहार हमें आपसी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे के प्रति स्नेह, सहयोग एवं सद्भाव की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है।उन्होंने कहा कि ईद हमें सिखाती है कि हम समाज में जरूरतमंदों की मदद करें, आपसी सहयोग को बढ़ावा दें और मानवता के मूल्यों को अपनाएं। यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आता है। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस पावन अवसर पर आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लें तथा जिले में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### रिजनल सेकेंड्री स्कूल के छात्र-छात्राएं प्रथम, चयनित छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार से होंगे सम्मानित


**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी में शुक्रवार की संध्या से शुरू हुई आंधी-बारिश लगातार हो रही है। वर्षा एवं वर्तमान मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच मिथिला महोत्सव के दूसरे दिन आज दिन के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार छात्र-छात्राओं के बीच क्विज एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, कलुआही की उपस्थिति में किया गया। क्विज प्रतियोगिता में रिजनल स्कूल, वाट्सन +2 विद्यालय, वाट्सन मध्य विद्यालय, यू.एच. एस. रामपुर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें क्विज प्रतियोगिता में रिजनल सेकेंड्री स्कूल के छात्र-छात्राएं प्रथम, यू.एच. एस. रामपुर के छात्र-छात्राओं को द्वितीय तथा वाट्सन +2 विद्यालय के छात्र-छात्राओं को तृतीय स्थान मिला। पेंटिंग प्रतियोगिता में रिजनल सेकेंड्री स्कूल, वाट्सन +2 विद्यालय, वाट्सन मध्य विद्यालय, यू.एच. एस. रामपुर, उच्च विद्यालय, बेलाही तथा अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।इन चयनित सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र तथा अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। विदित हो कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थिति को देखते हुए आज शनिवार को संध्या में आयोजित होने वाले सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा यह निर्णय आमजन, कलाकारों एवं प्रतिभागियों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लिया गया है।

### मारवाड़ी समाज की महिलाओं का 16 दिवसीय गणगौर महोत्सव संपन्न



**जयनगर (एनएसबी)।** जयनगर में 16 दिवसीय गणगौर महोत्सव माता की विदाई के साथ संपन्न हो गया।इस दौरान आस्था, परंपरा और लोक संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला।इस महोत्सव में लोकगीतों की गूंज, पारंपरिक रीति रिवाज और राजस्थान की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिली।श्री सत्यनारायण भगवान मंदिर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति के तत्वावधान में मारवाड़ी महिला समिति जयनगर शाखा द्वारा शनिवार को गणगौर पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।अग्रवाल समाज ( मारवाड़ी) की महिलाओं के लिए गणगौर पर्व का विशेष महत्व है।यह त्योहार देश विदेश एवं भारत के हर कोने में मनाया जाता है जहां मारवाड़ी समाज के लोग रहते हैं। मारवाड़ी महिला समिति शाखा जयनगर की अध्यक्ष कृष्णा जांगिड़ ने बताया कि यह पर्व माता गौरी की कठोर साधना और उनके सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इसलिए इस दिन महिलाएं विशेष रूप से मां गौरी की पूजा करके अपने पति की लम्बी उम्र और सुख समृद्धि की कामना करती है। उन्होंने बताया कि कुंवारी लड़कियां अच्छे वर के लिए मां गौरी से मन्नत मांगती है।यह पूजा होली के दिन शुरू होती है एवं इस पूजा का समापन गणगौर माता की मूर्ति के विसर्जन के साथ होता है। समापन पर मारवाड़ी समुदाय की महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सर्वप्रथम गणगौर पूजा की एवं राजस्थानी लोक गीत गाए।माता गौरी की प्रतिमा को रथ पर सजाकर लोक गीतों की धून पर भव्य झांकी निकाल नदी में विसर्जन किया।

### वाणिज्यकर विभाग की बड़ी कार्रवाई : कर छुपाव का हुआ खुलासा



**मधुबनी (एनएसबी)।** वाणिज्यकर विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार मधुबनी जिले में कर अपवंचना के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कल देर शाम हार्डवेयर एवं पेंट व्यवसायी हनुमान आयरन स्टोर, लोहापट्टी, मधुबनी का औचक निरीक्षण किया गया। चार वर्षों से नहीं किया जा रहा था नकद कर का भुगतान! जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उक्त प्रतिष्ठान द्वारा पिछले लगभग चार वर्षों से नकद कर का नियमित भुगतान नहीं किया जा रहा था, जिससे सरकारी राजस्व को क्षति पहुंच रही थी।निरीक्षण में 38 लाख से अधिक का कर छुपाव उजागर किया गया! निरीक्षण टीम द्वारा विस्तृत जांच के क्रम में कुल ₹38,02,246.50 (अड़तीस लाख दो हजार दो सौ छियालिस रुपये पचास पैसे) के कर छुपाव का मामला उजागर किया गया।व्यवसायी ने स्वीकार किया कर बकाया, 15 लाख रुपये तत्काल जमा जांच के दौरान व्यवसायी द्वारा कर छुपाव को स्वीकार करते हुए तत्क्षण ₹15,00,000 (पंद्रह लाख रुपये) नकद के रूप में जमा कर दिया गया। साथ ही शेष बकाया राशि को आगामी कुछ दिनों में जमा कराने का आश्वासन भी दिया गया, जिसे निरीक्षण टीम द्वारा स्वीकार किया गया।अन्य व्यवसायियों पर भी होगी कार्रवाई !वाणिज्यकर विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगामी दिनों में ऐसे अन्य चुनिंदा व्यवसायियों के यहां भी निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा, जो नकद कर भुगतान में लापरवाही बरत रहे हैं। निरीक्षण टीम में शामिल अधिकारी इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में निम्नलिखित पदाधिकारी शामिल रहे धर्मदेव कुमार, राज्यकर संयुक्त आयुक्त, शशि भूषण कुमार, उपायुक्त, अविनाश कुमार, राज्यकर सहायक आयुक्त विभाग का संदेश : कर भुगतान में पारदर्शिता रखें!

# मधुबनी मिथिला की हृदय स्थली, चित्रकला,में 5 पद्मश्री की उपाधि मिलना अपने आप मे गौरव का विषय : मंत्री अरुण शंकर प्रसाद



'मिथिला महोत्सव 2026 के सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का माननीय मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारंभ'

'प्रसिद्ध मैथिली कलाकार निखिल महादेव झा की मैथिली गीतों की प्रस्तुति पर झूमे दर्शक'
'प्रसिद्ध राष्ट्रीय कलाकार भव्या पंडित(इंडियन आइडल) की प्रस्तुति ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया'
'हास्य कलाकार सतीश पप्पू कॉमेडियन के फुहारों पर लोट-पोट होते रहे दर्शक'

**मधुबनी (एनएसबी)।** मिथिला महोत्सव 2026 के सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन शुक्रवार को वाट्सन उच्च विद्यालय परिसर में मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, अरुण शंकर प्रसाद ,जिलाधिकारी, आनंद शर्मा,पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार, अध्यक्षा, जिला परिषद, बिंदु गुलाब यादव,उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव तथा डीडीसी सुमन प्रसाद साह सहित अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री, अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि मधुबनी मिथिलांचल की हृदय स्थली है। मिथिला महोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर तथा कृषि प्रधान जिला होने के कारण इस अवसर पर वर्षा होना सुखद संयोग है। मधुबनी चित्रकला के क्षेत्र में विश्व स्तर पर विख्यात है। एक ही जिला से एक ही क्षेत्र,चित्रकला,में 5 पद्मश्री की उपाधि मिलना अपने आप मे गौरव का विषय है।उन्होंने मिथिला के बारे में कहा कि पग-पग पोखर माछ मखान, सरस बोल मुश्की मुख पान विद्या वैभव शांति प्रतीक, जनक नगरी मिथिला थिक।

मिथिलांचल हिमालय की गोद से लेकर गंगा के किनारे तथा महानंदा से लेकर बागमती तक फैला है। मिथिला क्षेत्र का अलग विरासत और संस्कृति है, जो सभी संस्कृतियों को समेटे हुए है। बिहार और भारत का गौरवशाली इतिहास मिथिला से भी प्रारंभ होता है। मिथिला कवि कोकिल विद्यापति, कालिदास, गार्गी, मैत्री, लोरिक, सल्हेश, दीना भद्री, वाचस्पति मिश्र जैसे विद्वानों की धरती रही है। उन्होंने सभी लोगों खासकर युवाओं से देश ही नही बल्कि दुनिया मे मधुबनी और मिथिलांचल का मान बढ़ाने का आह्वान किया। अपनी परंपरा को अक्षुण्ण रखते हुए आगे बढ़ाने का संकल्प लें। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिससे आने वाले समय मे देश-विदेश से पर्यटक मधुबनी आये यह प्रयास किया जा रहा है। आनेवाले समय मे मधुबनी पर्यटन के क्षेत्र में देश के मानचित्र पर आगे अवश्य आगे आयेगा। मिथिला के पुनरुद्धार का कार्य प्रारंभ हो चुका है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने मधुबनी के युवाओं से आगे बढ़कर मधुबनी और मिथिला का गौरव देश-विदेश में बढ़ाने की अपील किए।सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मिथिला के प्रसिद्ध मैथिली कलाकार निखिल महादेव झा की प्रस्तुति का दर्शकों ने लुत्फ उठाया।कॉमेडियन सतीश पप्पू के हास्य-व्यंग्य से दर्शक हंस-हंस कर लोट-पोट होते रहे।प्रसिद्ध राष्ट्रीय कलाकार भव्या पंडित(इंडियन आइडल) की प्रस्तुति पर दर्शक झूमते दिखे।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार, जिला परिषद, अध्यक्ष बिंदु गुलाब यादव, डीडीसी, सुमन प्रसाद, अपर समाहर्ता(आपदा), संतोष कुमार, नगर आयुक्त, उमेश कुमार भारती, एसडीएम, सदर मधुबनी, चंदन कुमार झा,उपनिदेशक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, परिमल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण तथा काफी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे।

## वसंत नवरात्र के तीसरे दिन हुई मां चंद्रघंटा की पूजा



शक्ति पूजा।

**मधुबनी (एनएसबी)।** आस्था और विश्वास का महा पर्व नवरात्र के तीसरे दिन विधि विधान से हुई मां चंद्रघंटा की पूजा, जगह जगह पूजा स्थल पर मां के जयकारों से गुंजायमान हुआ वातावरण। नवरात्र में सत्य आराधना (निष्कपट भक्ति) का अर्थ है तन, मन और वचन की पवित्रता के साथ माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करना। यह समय अपनी आंतरिक नकारात्मकता-जैसे क्रोध, लोभ, और अहंकार- को नष्ट कर, सात्विक गुणों को विकसित करने, आध्यात्मिक चेतना जगाने और जीवन में सुख-समृद्धि पाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि नवह्य शब्द के दो अर्थ होते हैं झ नौ तथा नूतन / नया। यह एक ऐसा अवसर होता है जो हमारे जीवन में ताजगी और नई ऊर्जा लेकर आता है। नवरात्रि के इन नौ दिनों में हम दैनिक जीवन की परेशानियों से ध्यान हटा कर अपना समय स्वयं की खोज में लगाते हैं और अपने मूल स्त्रोत में वापसी करते हैं। तब हम और अधिक रचनात्मक हो जाते हैं, विजयी होते हैं।जब हमारे मन में नकारात्मक विचार घर कर जाते हैं या हम अपने मूल स्वभाव से विमुख हो जाते हैं, तब हम व्यथित हो जाते हैं, अरुचिकर हो जाते हैं और निरर्थक तथा अरचनात्मक हो जाते हैं। इस नकारात्मकता से मुक्त होने का एक ही उपाय है कि हम अपने भीतर पड़े ऊर्जा के मूल स्त्रोत, ह्यशक्तिह्य की ओर अग्रसर हों। मां चंद्रघंटा के विषय में पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब महिषासुर ने अपनी अपार शक्ति के बल पर तीनों लोकों में उत्पात मचाना शुरू किया, तब उसका अहंकार इतना बढ़ गया कि उसने स्वयं को अजेय मान लिया। उसने इंद्रदेव को परास्त कर स्वर्ग लोक पर अधिकार कर लिया और देवताओं को चारों ओर से त्रस्त कर दिया।

## श्रद्धा, उत्सव, भाईचारे के वातावरण में मनाया गया ईद उल फितर का पवित्र पर्व



**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के परसौनी, भैरवा, बैगरा, औसी, नूरचक, गेनोर ,रधेपूरा सहित प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को ईद उल फितर का पवित्र पर श्रद्धा उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया. सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भारी भीड देखी गई. लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर ईद के मुबारकबाद दी और अमन चैन तथा आपसी भाई सद्भाव का संदेश दिया. इस मौके पर मो जहीर परसौनवी, मो जियाउद्दीन, मो मुसलीम, मो नूर आलम, मो मुन्ना, सरपंच रहमत आलम, मो जुबेर अहमद, मो ऐनायातुल्ला खॉ,मो आले, मो शाहजहां दिलगीर, मो अच्छे मो नोखैज, मो शमीम,मो शालिम सहीत कई लोगों ने रमजान और ईद उल फितर की महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमजान का महीना आत्म संगम, इबादत और मानव सेवा का प्रतीक है, रोजों की समाप्ति के बाद मनाए जाने वाला खुशियों का त्यौहार है. जो समाज में प्रेम समर्पण और भाईचारे को मजबूत करता है. उन्होंने इस्लाम के इंसानियत शांति और सौहार्द के संदेश पर भी जोड़ दिए. नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर सेवाइयों और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया बच्चों और युवाओं में पर्व को लेकर खास उत्साह देखा गया. वहीं डीएसपी अमित कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर नीरज कुमार वर्मा, बीडीओ वसंत कुमार सिंह, थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार, अनुराग कुमार, आदित्य कुमार भगत सहित कई आला अधिकारियों ने सुरक्षा को लेकर हर क्षेत्र में भ्रमण करते रहे. पूरे क्षेत्र में यह पर्व शांति और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ.

### बिजली बकायेदारो कि खैर नहीं. विभाग का सख्त अभियान शुरू

**बिस्फी (एनएसबी)।** विद्युत विभाग अब पूरी तरह से मिशन मोड में नजर आ रही है. एक ओर जहां विभाग की टीम उपभोक्ताओं के दुकान व घर-घर पहुंच कर बकाया राशि की वसूली कर रही है तो वहीं दूसरी ओर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए केस दर्ज भी कर रही है. विद्युत प्रशाखा सिमरी के जेई रितेश कुमार, विद्युत प्रशाखा बिस्फी के जेई पंकज कुमार के द्वारा मार्च महीने को लेकर विभाग द्वारा विद्युत वाकईदारों के खिलाफ विशेष अभियान चला चला रही है. इसी के तहत प्रखंड क्षेत्र के परसौनी बिस्फी, भैरवा, धजवा, मुरलियाचक सहित कई क्षेत्रों में घर-घर पहुंच कर लगातार जांच और वसूली अभियान चलाए जा रहे हैं. जेई ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को पर लंबे समय से बकाया है उनसे तत्काल भुगतान करने की अपील की जा रही है. भुगतान नहीं करने पर उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं. तथा वैसे उपभोक्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई कर रही है. अभियंता ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील किया कि वह समय पर अपने बिजली बिल का भुगतान जरूर करें ताकि निर्वाण विद्युत सेवा मिलती रहे.

### राज्यसभा सांसद डॉ फैयाज अहमद के गांव चन्द्रेसैनपुर में दिखी सामाजिक समरसता की अनूठी मिशाल



**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला एवं बिस्फी विधानसभा अंतर्गत विभिन्न ईदगाहों में सबेरे में ही मुसलमान भाइयों ने पवित्र ईद पर्व के मौके पर नवाज अदा करते देखे गए। दूसरी तरफ अधिकांश गांवों में हिन्दू बिरादरी के लोगो ने मुस्लिम भाइयों के घर जा कर गले से गले मिल के ईद पर्व का मुबारकवाद दिया और सेवई का स्वाद भी लिया। इसी कड़ी में सांसद (राज्यसभा) प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष विष्णुदेव सिंह यादव ने राज्यसभा सांसद सह बिस्फी के पूर्व विधायक डॉ फैयाज अहमद के पैतृक गाँव चन्द्रशेनपुर पहुंचकर सांसद एवं स्थानीय विधायक आसिफ अहमद, वरिष्ट समाजसेवी डॉ नियाज अहमद ,मो इम्तियाज उर्फ पप्पू, मो अंजार अहमद एवं तौसीफ अहमद को ईद उल फितर की सहर्ष मुबारकबाद देते हुए कहा कि सामाजिक समरसता के इस महापर्व में भाईचारगी कायम रखना हम सबों की पहली प्राथमिकता हैं। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि श्री यादव ने कहा कि सांसद डॉ फैयाज अहमद हमेशा से जाति धर्म के बंधन से मुक्त हो कर जरूरतमंदों के लिए खुदा के फरिश्ता हमेशा तैयार रहते हैं।

## जयनगर में ईद-उल-फितर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, अमन-चैन और तरक्की की दुआ



नवाज अदा करते।

**जयनगर (एनएसबी)।** शनिवार को जयनगर अनुमंडल क्षेत्र में ईद-उल-फितर का पर्व पूरे हर्षोल्लास, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक ईद की रौनक देखने को मिली। विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने एकजुट होकर अल्लाह की इबादत की। निर्धारित समयानुसार सुबह 7:00 बजे से 8:45 बजे के बीच विशेष नमाज अदा की गई, जिसमें देश में अमन-चैन, खुशहाली, तरक्की और आपसी सौहार्द के लिए दुआ मांगी गई।जयनगर के प्रमुख नमाज स्थलों में शहरी क्षेत्र के भेलवा चौक स्थित नूरी जामा मस्जिद, बलडिहा, इस्लामपुर मुहल्ला, थाना टोला, राजपुताना मुहल्ला, यूनियन टोला, मारवाड़ी मुहल्ला एवं ईदगाह टोला शामिल रहे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कोरहिया, बेला, पचहर, देवधा, बरही और बैरा समेत अन्य गांवों की मस्जिदों में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में नमाज अदा की। हर जगह शांति, अनुशासन और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में उत्साह का माहौल दिखा। लोगों ने फितरा (फितराना) और जकात अदा कर जरूरतमंदों के साथ अपनी खुशियां साझा कीं। गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों की मदद कर ईद के असली मायने को जीवंत किया गया। इस अवसर पर सभी वर्गों और समुदायों के लोग एक साथ नजर आए, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश स्पष्ट रूप से झलकता रहा।ईद को लेकर तैयारियां एक सप्ताह पहले से ही शुरू हो गई थीं। मस्जिदों और ईदगाहों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट का कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया था। बाजारों में भी काफी चहल-पहल रही। लोगों ने नए कपड़े, सेवइयां, मिठाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की। ईद से एक दिन पूर्व शुक्रवार को अलविदा नमाज भी शांतिपूर्ण वातावरण में अदा की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी निगरानी रखी जा रही थी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। प्रशासन की मुस्तैदी के कारण पूरे क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था कायम रही और कहीं से भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।जयनगर के डीएसपी राघव दयाल स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में सक्रिय नजर आए। उन्होंने विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। विशेष रूप से भेलवा चौक स्थित नूरी जामा मस्जिद में नमाजियों की भारी भीड़ को देखते हुए उन्होंने स्वयं मोर्चा संभाला और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखा। उनके साथ अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रहे।

इस दौरान बीडीओ राजीव कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अमित कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार, एसआई नीतीश कुमार, विपिन कुमार अंशु (प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी), एसआई हीरामणी, कालीचरण (प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी), एसआई अमित कुमार, नागेंद्र कुमार पूर्वे (प्रखंड कृषि पदाधिकारी), एसआई सूरज कुमार, सुनील कुमार सिंह (कार्यपालक पदाधिकारी मनरेगा), एसआई जसीम अख्तर, शिव कुमार (कृषि समन्वयक), एसआई मुकेश कुमार, राकेश कुमार (प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी), प्रशिक्षु एसआई मनीषा कुमारी, रंजीत कुमार (बीपीएम), एसआई मोनिका कुमारी, मनोज कुमार (कृषि समन्वयक), अपर थानाध्यक्ष एसआई जीता कुमारी, विजय कुमार ठाकुर (कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग), एसआई बलाल खान, विद्या भूषण मिश्रा (सहायक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग), एसआई भीम प्रसाद, पुष्कर झा (कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग), एसआई मोहम्मद अनस, अरविंद शर्मा (कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग), एसआई शुभम कुमार, प्रवीण कुमार (कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग), एसआई मनीषा कुमारी, मनोज कुमार सिन्हा एवं एसआई विनोद कुमार सहित कई अधिकारी और कर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गायघाट कांड के प्रभावित परिवार से मिले केंद्रीय राज्यमंत्री सह स्थानीय सांसद, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का दिया भरोसा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गायघाट प्रखंड के चोरनिया गांव में कोर्ट के आदेश पर मंगलवार की देर रात एक पॉक्सो मामले के अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पहुंची पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुई हिंसक झड़प में पुलिस की गोली से हुई एक ग्रामीण 55 वर्षीय जगतवीर राय की मौत मामले को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री सह मुजफ्फरपुर के सांसद डॉ राजभूषण चौधरी निषाद शनिवार को पीड़ित के घर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों तथा ग्रामीणों से पूरी घटना की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने शोक संतप्त परिजनों का ढांढस बंधाते हुए घटना को लेकर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री सह स्थानीय सांसद ने स्थानीय प्रशासन से बातचीत कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से ऊपर कोई नहीं है और दोषी चाहे कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। डॉ निषाद ने कहा कि एनडीए सरकार में न्याय के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता है।



### भीषण आंधी बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद फसल का मुआवजा दे सरकार : सीपीआई

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** सीपीआई के राष्ट्रीय परिषद् सदस्य अजय कुमार सिंह ने राज्य के आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव को पत्र लिखकर शुक्रवार की शाम राज्य में आई तेज आंधी बारिश और ओलावृष्टि से किसानों के खेतों में तैयार गेहूं, मक्का, तिलहन दलहन के फसल तथा आम, लीची के मंजर को हुई क्षति का आंकलन कर पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की है। अपने पत्र में श्री सिंह ने उल्लेख किया है कि असमय आए आंधी तथा ओलावृष्टि ने किसानों की कमर पूरी तरह से तोड़ दिया है। किसान असहाय हो चुके हैं। राज्य सरकार यथाशीघ्र इस प्राकृतिक आपदा के शिकार किसानों के फसल क्षतिपूर्ति के लिए सर्वेक्षण कराकर कृषि इनपुट सब्सिडी मुहैया कराने का आदेश निर्गत करे, ताकि फसल क्षति की पीड़ा से आहत किसानों को राहत मिल सके।

### पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ व संस्कार महोत्सव का शुभारंभ, रविवार की शाम दीप महोत्सव का होगा आयोजन

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बंदरा प्रखंड के सकरी मन स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण में शनिवार की सुबह से पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। महायज्ञ के उपरांत शनिवार की संध्या में मुजफ्फरपुर गायत्री शक्तिपीठ से पधारे ओम प्रकाश गुप्ता के प्रवचन हुए, जिसमें उन्होंने वर्तमान समय में गायत्री यज्ञ के महत्व, महिमा और यज्ञ आयोजन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस दौरान यज्ञ आयोजकों द्वारा बताया गया कि रविवार को पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के बाद एक दर्जन बरुआ का उपनयन संस्कार कराया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि इस संस्कार यज्ञ में इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों का निःशुल्क उपनयन संस्कार करवा सकते हैं। वहीं रविवार की संध्या में भव्य दीप महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मधुसूदन पाण्डेय, सूर्यनारायण पांडेय, नागेंद्र पांडेय, पूर्व मुखिया लाल नारायण ठाकुर, अमरेश कुमार पांडेय, बैद्यनाथ पांडेय, संजय पांडेय, जयशंकर पांडेय, दिनेश मिश्र, लव कुमार पांडेय, प्रणव कुमार समेत कई लोग सक्रिय योगदान दे रहे हैं।



# खुशनुमा माहौल में गुलाबी ठंढ के बीच जिले में ईद उल फितर पर्व शांतिपूर्ण संपन्न

## सबों ने अमन चैन और शांति की दुआ के साथ एक दूसरे को दी ईद की मुबारकबाद

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर जिले में शुक्रवार की शाम चांद के दीदार के बाद शनिवार को ईद-उल-फितर पूरे अकीदत और एहतराम के साथ मनाई गई। शुक्रवार की शाम 6:45 से 7:00 बजे के बीच चांद का दीदार होते ही रोजेदारों सहित नगर के मुसलमान भाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। साथ हीं हर तरफ 'ईद मुबारक' की सदाएं गूंज उठीं।

वहीं शनिवार की सुबह ठीक 8:00 बजे मुजफ्फरपुर के गौशाला स्थित बड़ी ईदगाह सहित नगर के सभी मस्जिदों में हजारों की तादाद में नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की। बड़ी ईदगाह में नमाज के बाद मुफ्ती मौलाना इकबाल अहमद ने इमामत फरमाई और अपने खुत्बे में अमन, भाईचारा और इंसानियत का पैगाम दिया। नमाज के बाद हर तरफ मोहब्बत और भाईचारे का नजारा देखने को मिला, जहां लोग एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की दिली मुबारकबाद देते नजर आए। इस खास मौके पर शहर के कई जाने-माने शख्सियत, विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग और समाजसेवी ईदगाह पहुंचे और लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज के दौरान तथा ईद पर्व को लेकर प्रशासन द्वारा बड़ी ईदगाह सहित कई प्रमुख मस्जिदों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



बड़ी ईदगाह में ईद की नमाज अता करते अल्पसंख्यक समाज के लोग।



नमाज के बाद एक दूसरे से मिलकर ईद की मुबारकबाद देते विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग व नगर के प्रबुद्धजन।

शनिवार की सुबह मौसम के बदले मिजाज और ठंढी हवाओं के बीच नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के ईदगाहों और मस्जिदों में अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने ईद की नमाज अता करने के साथ ही एक दूसरे के गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान बच्चों में काफी खुशी और उत्साह देखा गया। ईद पर्व मनाने की शुरूआत तो खुशनुमा रहा। लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही मौसम खराब हो जाने और बारिश की लगातार पड़ी फुहार के कारण लोग एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद देने तथा ईद की दावत का लुत्फ नहीं उठा सके। कुल मिलाकर जिले में ईद उल फितर का पर्व मौसम के उतार चढ़ाव व गुलाबी ठंढ के माहौल में शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।

# मुजफ्फरपुर जिले में आँधी बारिश व ओलावृष्टि से आम लीची सहित सैकड़ों एकड़ खेतो में लगीं गेहूं आलू मसूर व अन्य मौसमी फसलें बर्बाद

## फसलों की भारी क्षति से किसानों में भारी निराशा, फसल क्षति का सर्वे कराकर की मुआवजा की मांग

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** मुजफ्फरपुर जिले में शुक्रवार की शाम आई तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। बेमौसम की बारिश, आंधी और ओलाबृष्टि ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में सैकड़ों एकड़ खेत मे लगी गेहूं, आलू, मसूर सहित कई अन्य फसलों के साथ साथ आम और लीची को भारी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में खड़ी फसलें जमीन पर गिर चुकी हैं, वहीं कई तैयार फसलें पानी में डूबकर नष्ट होने लगी हैं। बेमौसम बारिश और आंधी से हुई तबाही को लेकर किसान सदमे में आ गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कांटी, कुढ़नी और सकरा प्रखंड में आलू की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इंन प्रखंडों के किसानों ने जानकारी दी है कि इस समय आलू की खुदाई का अंतिम चरण चल रहा था, लेकिन अचानक हुई बेमौसम बारिश ने खेतों में पानी भर दिया और आलू की खुदाई प्रभावित हो गई है। उधर, कटरा, औराई, बंदरा और गायघाट प्रखंड में सबसे अधिक तबाही हुई है। जिले के गायघाट प्रखंड की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है। प्रखंड के शिवदहा, बेरुआ, जारंग पूर्वी, जारंग पश्चिमी, लोमा, कमरथू और बोआरीडीह जैसी पंचायतों में जबरदस्त ओलावृष्टि हुई है।इन प्रखंडों में शुक्रवार की शाम आंधी, बारिश और हुई ओलाबृष्टि से सैकड़ों एकड़ खेतों में लगी गेहूं और मसूर की फसल को पूरी तरह बर्बाद हो गया है। खेतों में खड़ी फसलें गिरकर जमीन पर बिछ गई हैं, जिसके कारण फसलों की कटाई भी मुश्किल हो गई है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि विभिन्न माध्यमों से कर्ज लेकर उनलोगों ने खेती की थी, इसबार फसल भी अच्छी थी, जिससे किसानों ने बड़ी आश लगा रखी थी। लेकिन ऐन मौके पर प्रकृति की मार से उनकी कमर हीं टूट गई। विभिन्न कारणों से लगातार हो रही फसलों के नुकसान को लेकर जिले के किसानों में भारी निराशा छा गई है। वहीं किसानों ने सरकार और प्रशासन से बेमौसम की हुई बारिश आंधी और ओलाबृष्टि से बर्बाद हुई खेतों में लगी फसलों का तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि अगर इस क्षतिपूर्ति की भरपाई नहीं हुई तो हजारों किसानों के सामने भीषण आर्थिक संकट उतपन्न हो सकती है। इस स्थिति में किसानों को परिवार चलाना मुश्किल हो जाएगा।



खेत मे बर्बाद पड़ी गेहूं की फसल निहारते चिंतित किसान।

# ईद पर विधायक अजीत कुमार ने क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को ईद की मुबारकबाद के साथ आपसी भाईचारा व सद्भाव का दिया संदेश

**कांटी(एनएसबी)।** ईद के अवसर पर शनिवार को पूर्व मंत्री व कांटी विधायक ई अजीत कुमार ने कांटी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर अल्पसंख्यक समाज के लोगों को ईद पर्व की मुबारकबाद दी। साथ हीं सभी लोगों को समाज मे आपसी सौहार्द, भाईचारे तथा एकता कायम रखने ल का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने मड़वन, दारापट्टी रक्सा, बसंतपुर, झिटकाहीं, भटौना, चकमुरमुर, बथना, विशुनपुर, दामोदरपुर, असनगर समेत कई स्थानों पर पहुंचकर मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की और उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। मौके पर विधायक ने कहा कि ईद प्रेम, त्याग, सद्भाव और भाईचारे का पर्व है। ऐसे पर्व समाज को एकजुट रखने और आपसी संबंधों को मजबूत करने की सार्थकता सिद्ध करता हैं। उन्होंने लोगों से मिलकर उनके सुख-दुख की जानकारी भी ली तथा क्षेत्र में अमन-चैन और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। दौरे के क्रम में विधायक ने इरफान अहमद दिलकश, मो कामरान, मो अदूद, मो रेयाजुल हक, मो निराले, ई सोहैल, अली अहमद, मो शमीम, मो मोहसिन, मो मोजीब अहमद, फूल बाबू, अजहर शेख, मो अंजार, मोतीउर रहमान, हाफीज उजैर, मो अली, पूर्व विधायक मो गुलाम जिलानी वारसी, जाहिद अली जिद्दी सहित कई गणमान्य लोगों से मुलाकात कर ईद की बधाई दी। भ्रमण में विधायक के साथ मनोज सिंह, केतु सिंह, संतोष गुप्ता, सुधीर सिंह, अजय चौधरी, बैद्यनाथ सिंह, दिनेश पासवान, लालू राम मो फिरोज, मो जिलानी, मोहम्मद मकसूद जमरूल होदा, मो रहमतुल्लाह, मोहम्मद जहांगीर, मो शहजाद कुरैशी, रईस अहमद, मो लड्डू, मो मंसूर, मो आलम, मो इम्तियाज, मुकेश महतो, मो खालिद, मो शम्स तबरेज, मो रिजवान, मो शमी अहमद, मो चांद, कैसर नेयाम समेत अन्य कार्यकर्ता और समर्थक शामिल थे।



ईद के मौके पर नमाजियों व रोजेदारों से मिलकर एकता और भाईचारे का संदेश देते क्षेत्रीय विधायक।

# 23 मार्च को मुजफ्फरपुर में आयोजित 40 हजार नगद पुरस्कार वाली 16वीं अभिषेक कुंदन मेमोरियल रोड रेस की तकनीकी समिति की बैठक सम्पन्न

## प्रतियोगिता मार्ग का नक्शा जारी, 70 से अधिक तकनीकी अधिकारियों की हुई प्रतिनियुक्ति

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** 16वीं अभिषेक कुंदन मेमोरियल रोड रेस के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को तकनीकी समिति की महत्वपूर्ण बैठक तकनीकी आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रतियोगिता की तकनीकी तैयारियों, मार्ग निर्धारण, अधिकारियों की जिम्मेदारियों तथा आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रतियोगिता के मार्ग का आधिकारिक नक्शा जारी किया गया। इस नक्शे के माध्यम से प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों, अधिकारियों एवं सहयोगी टीमों को रेस मार्ग, महत्वपूर्ण मोड़ों, नियंत्रण बिंदुओं तथा संचालन व्यवस्था की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। तकनीकी समिति ने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि प्रतियोगिता का आयोजन सुव्यवस्थित, सुरक्षित और पारदर्शी ढंग से हो।आयोजन की व्यापकता को देखते हुए 70 से अधिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इन अधिकारियों को विभिन्न दायित्वों जैसे तकनीकी संचालन, मार्ग नियंत्रण, प्रतिभागी प्रबंधन परिणाम संकलन, सुरक्षा समन्वय तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए तैनात किया गया है। समिति ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण समर्पण, अनुशासन और निष्पक्षता के साथ करने का आग्रह किया। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि 16वीं अभिषेक कुंदन मेमोरियल रोड रेस का आयोजन 23 मार्च 2026 को प्रातः 7:00 बजे किया जाएगा। रेस का प्रारंभिक स्थल लंगट सिंह कॉलेज, मुख्य द्वार निर्धारित किया गया है। तकनीकी समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि अभिषेक कुंदन मेमोरियल रोड रेस न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगी, बल्कि युवाओं में अनुशासन, संघर्षशीलता और खेल भावना को भी प्रोत्साहित करेगी। यह आयोजन स्वर्गीय अभिषेक कुंदन की स्मृति को समर्पित है और उनकी प्रेरणादायक विरासत को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है!

# ईद-उल-फितर पर औराई में दिखा उत्साह, बारिश भी प्रभावित नहीं कर सकी पर्व को फीका

**औराई(एनएस बी)।** औराई प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह में ईदगाहों व मस्जिदों में अकीदत के साथ दो रकात वाजिब नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-चैन की दुआ मांगी। इस दौरान रुक-रुक कर हो रही बारिश ने पर्व के उत्साह को कम करने की कोशिश जरूर की, लेकिन लोगों के जोश और उमंग के आगे मौसम बेअसर साबित हुआ। क्षेत्र के महेश स्थान, मकसूदपुर, ससौली, कोलिलवारा, सिमरी, रामपुर, भलूरा, अतरार, अमनौर, खेतलपुर, रामखेतारी, बलिया, जोगिया समेत कई गांवों में ईद का उल्लास देर रात तक देखने को मिला। पर्व के मौके पर विभिन्न धर्मों व समुदायों के लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर बधाई देते नजर आए, जिससे सामाजिक सौहार्द की मिसाल कायम हुई। थानाध्यक्ष हेमलता कुमारी ने बताया कि पूरे क्षेत्र में ईद शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।



### शिया समुदाय के लोगों ने काली पट्टी बांध अता की ईद की नमाज, ईद की खुशी की जगह खामेनई की शहादत का मनाया मातम

**ट्रंप-नेतन्याहू के खिलाफ नारा बुलंद कर दोनों नेताओं का पुतला फूंक खामेनई की पोस्टर के साथ सड़क पर किया प्रदर्शन**

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** ईद उल-फित्र के पाक मौके पर जहाँ पूरी दुनिया खुशियों में डूबी थी, वहीं मुजफ्फरपुर में शिया समुदाय के लोगों ने शनिवार को अपने बाजू पर काली पट्टी बाँधकर सादगी से ईद की नमाज अता की। नगर के कमरा मोहल्ला स्थित शिया जामा मस्जिद में नमाजियों की भीड़ ने अयातुल्लाह खामेनई की शहादत को याद कर न केवल गमजदा होकर ईद की नमाज पढ़ी। बल्कि अमेरिका-इजराइल के खिलाफ गुस्से का इजहार करते हुए ट्रंप-नेतन्याहू के खिलाफ नारा बुलंद कर दोनों नेताओं का पुतला जलाया। ईद की नमाज के बाद शिया समुदाय के लोगों ने अमेरिका मुदार्बाद, इजराइल मुदार्बाद !ह्व के नारो के साथ अयातुल्लाह खामेनई की पोस्टर लेकर मस्जिद के समीप ही सड़क पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। नगर के शिया जामा मस्जिद में ईद पर्व पर शिया समुदाय के लोगों का ईरान के सुप्रीम नेता की शहादत व अमेरिका के प्रति आक्रोश का यह वाकया नगर में चर्चा का विषय बना रहा।





# अस्पताल व बृद्धाश्रम निर्माण के लिए मिली जमीन का अनापत्ति प्रमाणपत्र 10 वर्षों से जिलाधिकारी कार्यालय में फंसा

## संगठन के सदस्यों ने स्वीकृति के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्राप्ति के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री से लगाई गुहार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सीनियर सिटीजन काउंसिल मुजफ्फरपुर इकाई के पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल शनिवार को केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री सह मुजफ्फरपुर के सांसद डॉ राजभूषण चौधरी निषाद से उनके आवास पर जाकर उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान स्थानीय सांसद ने काउंसिल के अधिवेशन में प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया। वहीं काउंसिल महामंत्री त्रिलोकी प्रसाद वर्मा एवं उपाध्यक्ष हरेराम मिश्रा ने केंद्रीय राज्यमंत्री को काउंसिल अधिवेशन में पारित प्रस्ताव की प्रति सौपते हुए वर्ष 2014 में ही कौंसिल को ग्राम शेरपुर मुजफ्फरपुर में जेनेरियेटिक अस्पताल, वृद्ध आश्रम आदि के निर्माण के लिए क्रमांकित भूखंड का अनापत्ति प्रमाण पत्र समाहर्ता मुजफ्फरपुर द्वारा विगत 10 वर्षों से लंबित रखने की जानकारी दी। साथ हीं केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद से लंबित पड़े अनापत्ति प्रमाण पत्र को स्वयं पहल कर निर्गत कराने का अनुरोध किया। काउंसिल के पदाधिकारियों ने स्थानीय सांसद को बताया कि विगत दस वर्षो से यह अनापत्ति प्रमाण पत्र जिलाधिकारी के यहां पड़ा है। इसे स्वीकृति प्रदान कर निर्गत करने के लिए देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री सहित केंद्रीय मंत्री व बिहार सरकार के राजस्व भूमि सुधार मंत्री द्वारा समय-समय पर स्मारित किया जाता रहा। लेकिन उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र आजतक स्वीकार कर काउंसिल को उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसके कारण बृद्ध व वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनने वाले जेनरेटिक अस्पताल, बृद्धाश्रम आदि के निर्माण की योजना संगठन द्वारा शुरू नहीं किया जा सका है। काउंसिल के पदाधिकारियों की इस मांग को स्थानीय सांसद ने गंभीरता से लेते हुए इस परियोजना को स्वयं पहल कर शुरू कराने का आश्वासन दिया है।



जमीन के अनापत्ति प्रमाण पत्र की स्वीकृति के लिए केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौपते सीनियर सिटीजन काउंसिल के पदाधिकारी गण।

# जरा रोग से बचाव पर केंद्रित दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ उद्घाटन, देश के 712 आयुष चिकित्सकों का लगा जमावड़ा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** विश्व आयुर्वेद परिषद बिहार इकाई पाटलिपुत्र राष्ट्रीय संभाषा के तत्वाधान में बोधगया स्थित बुद्धा रिसोर्ट के सभागार में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज, नीतीश्वर आयुर्वेदिक महाविद्यालय के निदेशक डॉ बसंत सिंह, नागपुर महाराष्ट्र के प्रांतीय महासचिव गायत्री देशपांडे, राष्ट्रीय महासचिव डॉ सुरेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैद्य शिवादित्य ठाकुर, वैद्यनाथ कम्पनी के प्रबंधक प्रमोद शर्मा व बुद्धा रिसोर्ट के डाइरेक्टर अशोक कुमार, ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। दो दिनों तक चलने वाला यह कार्यक्रम आयुर्वेद के क्षेत्र में छात्रों, चिकित्सकों व शिक्षकों के लिए एक वरदान साबित होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश एवं प्रदेश से बाहर के 712 आयुष चिकित्सक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के पहले दिन अखिल भारतीय स्नातक स्तरीय निबंध प्रतियोगिता स्वर्गीय नितिश्वर प्रसाद सिंह की स्मृति में आयोजित की गई। इस प्रतिभागियों के सफल प्रतिभागियों के बीच नगद 5 हजार रुपए एवं प्रमाण पत्र सहित अंगदेकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम वैज्ञानिक सत्र में व्याख्यान देते हुए वक्ताओं ने जरा रोग से बचाव के उपाय पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिसमें मुख्य रूप से डॉ शिखा कुमारी, डॉ रेखा कुमारी गुप्ता एवं डॉ एंजलिना हंस डेक ने अपने ओजस्वी वक्तव्य से श्रोताओं को प्रभावित किया। मौके पर डॉ कुमकुम सिन्हा, डॉ विकाश कुमार, डॉ सचिदानंद पटेल, डॉ उषा कुमारी, डॉ अंकेश मिश्रा, डॉ विपिन बिहारी राज्य मीडिया प्रभारी, डॉ सुशील झा, उदय कुमार मिश्रा, डॉ जय किनकर मिश्रा, डॉ प्रभात कुमार द्विवेदी, डॉ विनोद यादव, डॉ विनोद, डॉ प्रशांत कुमार, डॉ बलराम प्रसाद, डॉ रमेश कुमार सिंह, डॉ उषा कुमारी, डॉ कादम्बिनी, डॉ मृत्युंजय कुमार, डॉ पंकज कुमार एवं कर्नाटक के प्रतिनिधि डॉ लावण्या एवं डॉ पूजिता समेत बड़ी संख्या में आयुष चिकित्सक मौजूद थे।



कार्यशाला के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित अतिथिगण व आयोजक मंडल के लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला मुख्यालय वैशाली से लेकर प्रखंडो में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मनाया गया त्योहार

**हाजीपुर/गोरौल/भगवनपुर ।** ईद-उल-फितर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए वैशाली जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के इंतजाम किए गए। जिले के सभी मस्जिदों, ईदगाहों और नामित नमाज स्थलों पर पर्याप्त संख्या में सशस्त्र पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी तथा दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त बल लगाया गया तथा पूरे इलाके में लगातार निगरानी रखी गई। विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए विभिन्न स्थानों पर गश्ती दल, क्विक रिस्पांस टीम (और



मोबाइल पेट्रोलिंग यूनिट सक्रिय रहीं। साथ ही सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी माध्यमों से भी निगरानी सुनिश्चित की गई, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह, एस पी विक्रम सिहाग व वरीय अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर हालात का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। जिला नियंत्रण कक्ष को भी सक्रिय रखा गया, जहां से पूरे जिले की स्थिति पर नजर रखी जा रही थी। वहीं गोरौल क्षेत्र में आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक ईद का त्योहार शनिवार को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। गोरौल, हरशेर, मखदूमपुर, इनायतनगर, गुलजार बाग, पोझा, इस्लामपुर, सोंधो, हुसेना, रसूलपुर कोरीगांव, भटौलिया, कटहरा, अंधारी गाछी और मानपुरा सहित आसपास के गांवों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह स्नान कर नए कपड़े पहनकर ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की।स्थानीय जनप्रतिनिधियों में प्रमुख मुन्ना कुमार, जिला पार्षद रुबी कुमारी, मनोज ठाकुर तथा कटरमाला पंचायत की मुखिया जानकी देवी ,विकास कुमार,मो हासिम ने भी मुस्लिम परिवारों के घर जाकर उन्हें ईद की बधाई दी और आपसी एकता का संदेश दिया।क्षेत्र के बिहारी ,हुसेना खूर्द,शाहमियां रोहुआ,असोई लच्छीराम सहित अन्य गांवों में शांति और सौहार्द के साथ ईद पर्व मानाया गया।इस अवसर पर हुसेना खूर्द पंचायत के मुखिया शिव प्रसाद सुमन, पूर्व जिला पार्षद केदार यादव आदि ने घुम-घुम कर मुसलमान भाईयों को ईद का मुबारकबाद दिए और एक दूसरे से गले मिले।इसी तरह करहरी पंचायत के पूर्व मुखिया मोतिउर रहमान के निवास स्थान बिहारी गांव में भी दर्जनों हिन्दू और मुसलमान भाई एक-दूसरे को मुबारकबाद दियें ,गले मिले और सेबईयों का लुत्फ उठायें।इस मौके पर तनवीर आलम, आफताब आलम,मो.शमीम, सुनील कुमार सिंह, शिवचन्द सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत डाक बाबू को लोगों ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**हाजीपुर ।** हाजीपुर प्रखण्ड के हिलालपुर पंचायत में महेन्द्र प्रसाद सिंह डाक बाबू जी के देहान्त हो जाने पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में अनेक शिक्षाविद, सहयोगी, डाक कर्मी,जनप्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित हुए। सभी लोगों ने उनके तैल चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर पुत्र नीरज कुमार हाई स्कूल तितिरा कंसारा एवं दूसरे पुत्र बैंक कर्मी रंजीत कुमार ने श्रद्धांजलि सभा में आए आगंतुकों का स्वागत किए। श्रद्धांजलि सभा में तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एम एल सी प्रत्याशी श्री भूषण कुमार झा ने डाकबाबू के बारे में बताया कि महेन्द्र बाबू का आमतौर पर डाक विभाग के प्रति उनके समर्पण, ईमानदारी और जनता के साथ उनके भावनात्मक जुड़ाव था ।उन्होंने कहा कि डाक विभाग को उनके योगदान को याद रखना चाहिए और उनके कार्यों को समाज के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। साथ ही उन्होंने महेन्द्र बाबू के बारे में बताया कि डाकबाबू का सरल जीवन और उनकी निस्वार्थ सेवा हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। हम उनके परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में खड़े हैं।शिक्षक जीतेंद्र नाथ ने कहा कि गांव-गांव में डाकबाबू की पहचान एक विश्वसनीय व्यक्ति के रूप में थी। तकनीक के दौर में भी उन्होंने डाक व्यवस्था को जीवित रखा। जिनके कृपा से शिक्षक पुत्र नीरज कुमार जी द्वारा राष्ट्र निर्माण में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान हो रहा है। माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह,सचिव आभाष सौरभ, राज्य कार्यसमिति सदस्य रूपक कुमार सिंह, कृष्णा यादव, संतोष कुमार,प्रधानाध्यापक नीरज कुमार , डॉ.प्रवीण चंद्रा, पंकज कुमार,राधेश्याम कुमार सिंह,धर्मेंद्र कुमार,सहयोगी हाई स्कूल के क्लर्क शंकर कुमार,रामदेव आई टी आई के सुबोध कुमार, स्वामी प्रिय रंजन, इमरान खान,अजीत प्रभाकर, मजलिसपुर हाई स्कूल के प्रियंकेश कुमार, साकेत कुमार, बिहार कंप्यूटर साइंस टीचर वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष महेश कुमार आदि लोग पुष्पांजलि अर्पित किए।

### अरणी मंथन से महायज्ञ में प्रकट हुई अग्नि, गूंजा यज्ञ स्थल

**लालगंज।** अखिल भारतीय धर्मसंघ के तत्वावधान में गंडक परियोजना मैदान, लालगंज में आयोजित श्री चंडी महायज्ञ के तीसरे दिन शनिवार को अरणी मंथन के माध्यम से वैदिक विधि से अग्नि प्रकट की गई। जैसे ही अग्नि प्रकट हुई, पूरा यज्ञ मंडप भगवान के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ अग्नि के दर्शन एवं मंडप की परिक्रमा के लिए उमड़ पड़ी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय धर्मसंघ के प्रांतीय अध्यक्ष पंडित रमाशंकर शास्त्री ने कहा कि अग्नि का महत्व जीवन के हर क्षेत्र में है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी, जल और आकाश सभी में अग्नि विद्यमान है। भोजन बनाने वाली अग्नि को गृहस्थाग्नि, शरीर में भोजन पचाने वाली अग्नि को जठराग्नि, जंगल की अग्नि को दावाग्नि, अरणी मंथन से उत्पन्न अग्नि को यज्ञाग्नि, समुद्र में रहने वाली अग्नि को बड़वानलाग्नि तथा चिता को जलाने वाली अग्नि को दक्षिणाग्नि कहा जाता है।काशी से आए यज्ञाचार्य आशीष पाण्डेय, गोपाल झा, विजय पाण्डेय, सुनील उपाध्याय, संतोष पांडेय, सत्यम कुमार और आकाश ब्रह्मचारी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमान मनीष कुमार ने अरणी मंथन कर अग्नि प्रकट की और उसे विधिवत हवन कुंड में स्थापित किया। अग्नि प्रकट होते ही पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और सैकड़ों श्रद्धालु इसके दर्शन के लिए उपस्थित रहे।

### कौआकोल में हर्षोल्लास से मनाई गई ईद, लोगों ने गले मिल एक दूसरे को दी मुबारकबाद

**कौआकोल /नवादा।** कौआकोल प्रखंड में ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। पवित्र माह रमजान के समापन के बाद शनिवार को ईद की नमाज के लिए सुबह से ही अकीदतमंदों का हुजूम मस्जिदों की ओर उमड़ पड़ा। प्रखण्ड के टिकोडीह, बिझो, जोगाचक, बुकार, सोखोदेवरा, सरौनी, भलुआही, करमाटांड़, चिहुटिया, पहाड़पुर, धमनी,लालपुर,महुडर आदि गांवों में स्थित मस्जिदों और ईदगाहों में सामूहिक नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क में अमन,चैन और तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी गई। नमाज संपन्न होते ही लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों में ईद को लेकर खासा उत्साह देखा गया,जो नए कपड़ों में सजे-धजे नजर आए। त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन काफी सतर्क रहा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न चौक-चौराहों सहित संवेदनशील इलाकों पर पुलिस बल तैनात नजर आया।

# अमन, खुशियों और भाईचारे के संग सीतामढ़ी में मनी ईद-उल-फितर



रहमानिया ईदगाह मेहसौल पूर्वी में ईद की नमाज पढ़ते मुस्लिम भाई।



एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते बच्चों के साथ में मो. अरमान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे उत्साह, उल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। शुक्रवार शाम चांद नजर आते ही मुस्लिम समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई और लोग ईद की तैयारियों में जुट गए। बाजारों में रौनक बढ़ गई, जहां सेवई, इत्र, कपड़े और अन्य सामानों की खरीदारी को लेकर भारी भीड़ देखने को मिली।

शनिवार सुबह लोगों ने नए वस्त्र धारण कर ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की। शहर के प्रमुख ईदगाहों में हजारों की संख्या में लोगों ने एक साथ नमाज पढ़कर देश में अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों में खासा उत्साह देखा गया, जो नए कपड़े पहनकर ईदी लेने के लिए उत्सुक नजर आए। मेहसौल पूर्वी रहमानिया ईदगाह, गोट आजाद चौक ईदगाह, हुसैना ईदगाह, मेहसौल चौक मस्जिद और तल्खापुर ईदगाह समेत जिले के विभिन्न स्थानों पर विशेष नमाज अदा की गई। डुमरा, बेलसंड, परिहार, परसौनी, रीगा, सुप्पी, सोनबरसा, पुपरी और बाजपट्टी प्रखंडों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद का उत्साह देखने को मिला।

**चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था :** ईद के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। प्रमुख ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास पुलिस बल और दंडाधिकारी तैनात रहे। जिले के डीएम और पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**घरों में लजीज पकवानों की महक :** ईद के मौके पर घर-घर में पारंपरिक व्यंजनों की धूम रही। सेवई, शीरखुर्मा, बिरयानी और खजूर से बने पकवानों का लोगों ने आनंद लिया। लोग एक-दूसरे के घर जाकर मिठाइयों का आदान-प्रदान करते नजर आए।

## सोनबरसा में हर्षोल्लास व आपसी भाईचारे के साथ के साथ मनाई गई ईद



समाजसेवी मो. कमर अख्तर को ईद की बधाई देते विधायक अनिल कुमार व अन्य

**सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के सोनबरसा प्रखंड में ईद का पर्व हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह होते ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचकर ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्त्ता मो. कमर अख्तर के आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के बुद्धिजीवी और गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उन्हें ईद की बधाई दी। कार्यक्रम में बथनाहा के विधायक अनिल कुमार और पूर्व कमिश्नर अरुण कुमार समेत कई प्रमुख लोग शामिल हुए। सभी अतिथियों ने पारंपरिक व्यंजन सेवई का स्वाद चखा। इस अवसर पर विधायक अनिल कुमार ने कहा, ईद का त्योहार हमें प्रेम, त्याग और भाईचारे का संदेश देता है। ऐसे पर्व समाज को जोड़ने का काम करते हैं और हमें मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देते हैं। वहीं पूर्व कमिश्नर अरुण कुमार ने कहा, ईद केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक है। हमें इस अवसर पर सभी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटनी चाहिए। पूरे क्षेत्र में ईद को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया और लोगों ने मिलकर इस पर्व को यादगार बनाया।

## ईद मिलन समारोह में जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने शामिल होकर दिया भाईचारे का संदेश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** ईद के अवसर पर विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संगठनों ने लोगों को शुभकामनाएं दीं। कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने ईद मिलन समारोह में शामिल होकर भाईचारे का संदेश दिया। ईद के अवसर पर कई स्थानीय नेताओं, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों को शुभकामनाएँ दीं और समाज में सद्भाव बनाए रखने की अपील की। मदरसा रहमानिया मेहसौल के पूर्व अध्यक्ष मो. अरमान अली, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मोहम्मद अफाक खां, कांग्रेस नेता शम्स शाहनवाज, सामाजिक कार्यकर्त्ता मो. कमर अख्तर, पूर्व मेयर प्रत्याशी मो तौकीर अनवर उर्फ सिकंद, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मो. जुनैद आलम, पैक्स अध्यक्ष मो. सोहैल अख्तर, मो. अफरोज आलम, डॉ डी शमीम समेत अन्य के आवास पर आयोजित ईद मिलन समारोह में जनप्रतिनिधि, गणमान्य व समाजसेवी ने ईद की बधाई दी।



कांग्रेस नेता मो. अफाक खां के आवास पर पर ईद की बधाई देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष रकटू प्रसाद, मुख्य प्रवक्ता प्रमोद नील व अन्य।

मदरसा रहमानिया मेहसौल के पूर्व अध्यक्ष सह पत्रकार मो. अरमान अली के मेहसौल स्थित आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर आपसी भाईचारे और सौहार्द की मिसाल पेश की। इस मौके पर हाजी मो. हशमत हुसैन, नेहाल अहमद, मौलाना जियाउर रहमान कासमी, मो. मेराज सिद्दीकी, रेजा अहमद राजू, माधवेंद्र प्रताप सिंह, प्रो. गौहर सिद्दीकी, इफ्तेखार, मो. इकबाल, मजहर अली राजा, असगर अली, अलीम उर्फ आरजू, नेहाल कुरैशी, मो. अजमल, मो. मनाजेरूल इस्लाम, जौहर अली ताज समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

वहीं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मोहम्मद अफाक खां के आवास पर पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रकटू प्रसाद, मुख्य प्रवक्ता प्रमोद नील, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय बिर्राख, आलोक कुमार सिंह, नौशाद खान, डॉ अकबर खान, शहाबुद्दीन खान, राम पुकार शरण, न्याजुद्दीन खान, अमजद खान, विशाल कुमार, गयासुद्दीन खान, शमशाद खान आदि ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## सीतामढ़ी में साहित्यकारों ने किया माता सीता जन्मभूमि पंच तीर्थ दर्शन, आस्था और विरासत से हुए अभिभूत

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जगत जननी माता सीता की पावन जन्मभूमि सीतामढ़ी में देशभर से पहुंचे साहित्यकारों, कवियों और हिंदी विद्वानों ने पंच तीर्थ स्थलों का दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। ह्लसीता संवाद आध्यात्मिक एवं साहित्यिक यात्राह्न के निदेशक आग्नेय कुमार के नेतृत्व में सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया तथा उन्हें सीता जन्मभूमि पंच तीर्थ दर्शन पुस्तिका प्रदान की गई। जानकी जन्मभूमि पुनौराधाम के दर्शन के बाद काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के पूर्व कुलपति प्रो. विनय कुमार सिंह ने कहा कि यह अद्भुत स्थल है, जहां माता सीता धरती से प्रकट हुईं। उन्होंने कहा कि भव्य मंदिर निर्माण से देश-विदेश के पर्यटकों का आगमन बढ़ेगा, जिससे सनातन आस्था को मजबूती और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।



जानकी मंदिर पुनौराधाम में दर्शन-पूजन करते आगंतुक साहित्यकार, कवि व अन्य ।

पंथ पाकर धाम (सीता डोली स्थल) का दर्शन कर विश्व भारती विश्वविद्यालय, शांति निकेतन के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. रामेश्वर मिश्रा ने इसे अलौकिक स्थल बताते हुए कहा कि यहीं श्रीराम और परशुराम का मिलन हुआ था। यहां की प्राकृतिक छटा और प्राचीन पाकर वृक्ष श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करता है। श्री रजत द्वार जानकी मंदिर, सीतामढ़ी धाम के दर्शन कर सभी आगंतुक भावविभोर हो उठे। विश्व भारती विश्वविद्यालय की प्रो. शकुंतला मिश्र एवं नव नालंदा महाविहार, राजगीर के प्रो. रविन्द्रनाथ श्रीवास्तव ह्यपरिचर दासह्ल ने कहा कि माता सीता कण-कण में विद्यमान हैं और मिथिला की यह भूमि उनके प्राकट्य से पुण्यभूमि बन गई है। उन्होंने प्राचीन मंदिर, उर्विजा कुंड एवं झांकी दर्शन को अत्यंत आनंददायक बताया। इस अवसर पर डॉ. श्याम नंदन (महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी) एवं रविशंकर वर्मा (चंपारण विभाग) के संयुक्त तत्वावधान में यात्रा संपन्न हुई। सभी साहित्यकारों ने इस आध्यात्मिक यात्रा पर आधारित पुस्तक प्रकाशित करने की घोषणा भी की। यात्रा में वंदना श्रीवास्तव (प्रख्यात कलाकार), डॉ. संगीता सिंह (वाराणसी), पवन कुमार, आशुतोष कुमार, महेश कुमार सहित कई शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। छात्र अमनदीप गुप्ता, सलोनी कुमारी, खुशबू कुमारी एवं रौनक कुमार सिंह ने इस सांस्कृतिक विरासत को देखकर उत्साह व्यक्त किया। अंत में सभी साहित्यकारों ने सीता रसोई में प्रसाद ग्रहण किया तथा विभाग प्रचारक मृत्युंजय भारत एवं यात्रा निदेशक आग्नेय कुमार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## सीतामढ़ी में बिहार दिवस-2026 का भव्य आयोजन आज, मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जारी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** समाहरणालय, सीतामढ़ी (जिला सामान्य प्रशासन) द्वारा 22 मार्च 2026 को बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का मिनट-टू-मिनट शेड्यूल जारी कर दिया गया है। कार्यक्रम का आयोजन परेड/हवाई अड्डा मैदान, डुमरा में किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार शाम 4:30 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। 4:35 बजे मुख्य अतिथि एवं पदाधिकारियों का आगमन एवं आसन ग्रहण, 4:40 बजे पौधा भेंट कर स्वागत तथा 4:45 बजे दीप प्रज्वलन किया जाएगा। 4:50 बजे अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) द्वारा स्वागत संबोधन, 4:55 बजे पुलिस अधीक्षक तथा 5:00 बजे जिला पदाधिकारी द्वारा संबोधन प्रस्तावित है। शाम 5:10 बजे स्वागत गीत/बिहार गीत एवं कॉफी टेबल बुक का विमोचन होगा, जबकि 5:20 बजे पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। 5:25 बजे विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण एवं उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का सांस्कृतिक भाग 5:55 बजे से शुरू होकर रात 8:55 बजे तक चलेगा। इसके बाद 9:00 बजे कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा और 9:05 बजे जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की जाएगी। जिला प्रशासन ने आमजन से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बिहार दिवस समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

## वर्षा, आंधी, ओलावृष्टि से दलहन, तिलहन, गेंहू, आम फसल की क्षति पर सरकार को क्षति रिपोर्ट भेजने का डीएम से आग्रह

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** दो दिनों की वर्षा,आंधी तथा ओलावृष्टि से दलहन, तिलहन, गेंहूं, आम तथा लीची फसलों की भारी क्षति पर संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, उतर बिहार के संयोजक तथा अखिल भारत सर्वोदय मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री डा. आनंद किशोर तथा जिलाध्यक्ष जलंधर यदुबंशी ने सी एम को मेल तथा समाहर्ता को पत्र भेजकर कहा है कि 20-21 मार्च के वेमौसम वर्षा, आंधी तथा ओलावृष्टि ने किसानों के दलहन, तिलहन, गेंहूं, आम तथा लीची फसलों की बडी क्षति पंहुचाई है। अभी भी वर्षा जारी है। खरीफ फसल की बबार्दी के बाद यह दूसरा प्राकृतिक आपदा है। सीएम की घोषणा है कि राजकोष पर आपदा पीडितों का पहला हक है यह भाषण में हीं नहीं जमीन पर भी दिखना चाहिए। खरीफ फसल की क्षति पर कृषि विभाग की साजिश से आंशिक किसान को हीं ईनपुट अनुदान मिल सका था। क्योंकि प्रखंडों से क्षति रिपोर्ट नही भेजा गया कुछ जगहों से सूचना है कि लेन-देन के हिसाब से रिपोर्ट भेजा गया।शेष किसान अनुदान से बंचित हो गये। सीएम से आग्रह किया गया है कि किसानों का जीवन बंचाना सरकार का काम है। किसान बार- बार के आपदा से त्रस्त है।आप शीघ्र क्षति रिपोर्ट मंगाकर किसानों को फसल क्षतिपूर्ति तथा ईनपुट अनुदान का भुगतान सुनिश्चित करायें।

## 300 जरूरतमंदों के बीच प्रसाद स्वरुप खिचड़ी भोग वितरित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर स्थित सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर दिनांक 21 मार्च 2026 तदनुसार मार्च माह के तीसरे शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12:00 बजे दिन में मंदिर सदस्यो एवं उपस्थित मां भक्तों द्वारा परम मंगलमयी माता श्री की विशेष पूजा अर्चना कर खिचड़ी भोग लगाया गया तथा उसे विपरीत मौसम के बावजूद लगभग 300 जरूरतमंदों के बीच जिसमें विशेष संख्या रिक्शा /ठेला चालको एवं पूरे परिवार के लिए खिचड़ी ले जाने वालों की थी, के बीच वितरण किया गया। माता श्री के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर संजीव कुमार सिंहा द्वारा की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### बारिश से गेहूं की फसल को भारी नुकसान

**अरेराज।** लगातार हो रही बारिश से जन जीवन पर प्रतिकूल असर तो पड़ा हीं है। साथ ही फसल भी प्रभावित हुआ है। जहाँ साग जैसे पालकी, गेनरी, सब्जी में लउका, घेवड़ा, करेला, आम के मंजर इत्यादि को लाभ पहुंचा है। वहीं गेहूं के फसल को भारी नुकसान हुआ है। गेहूं की बालियां निकलकर पुस्ट हो रही थी। बारिश और आंधी से नीचे मिट्टी में गिर गई हैं। जिसके कारण गेहूं के दाने सूखने का भय किसानों को सताने लगा है। सच कहा जाए तो इस बारिश से गेहूं के फसल को नुकसान पहुंचा है तथा पैदावार में भारी कमी होने की संभावना दिख रही है। किशन गिरीश सिंह, डा0एन एन तिवारी, जगत नारायण प्रसाद इत्यादि ने बताया कि हर साल मौसम की मार फसलों पर पड़ रही है। जिससे किसान फटेहाल हो रहे हैं। सरकार से बीमा नहीं मिलने के कारण किसानों को खेती करने में भारी नुकसान हो रहा है।

### बागवानी-वन उत्पादन प्रणाली पर राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

**पीपराकोठी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय में बामेती, पटना द्वारा बागवानी-वन उत्पादन प्रणाली, आय वृद्धि एवं सततता की दिशा में एक सशक्त मार्ग पर प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ड़ विकास दास, निदेशक, लीची अनुसंधान संस्थान, मुजफ्फरपुर ने बिहार में लीची सहित बागवानी फसलों की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए किसानों को आधुनिक तकनीकों अपनाने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षीय संबोधन में महाविद्यालय के अधिष्ठाता ड. कुंदन किशोर ने कहा कि समन्वित षि प्रणाली अपनाना समय की मांग है। उन्होंने बताया कि बागवानी-वन उत्पादन प्रणाली से आय वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। कार्यक्रम में एसएसबी के समादेष्टा प्रफुल कुमार, षि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक ड़ अरविंद कुमार सिंह सहित कई विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। तकनीकी सत्रों में प्रतिभागियों को उन्नत षि पद्धतियों और नवीन तकनीकों की जानकारी दी गई। अंत में ड़ प्रवीण कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### मुखिया संघ की विशेष बैठक 22 मार्च को

**पीपराकोठी।** जिला मुखिया संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक 22 मार्च को कुंअरपुर स्थित सिंह ढाबा में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों के अधिकारों से जुड़े विभिन्न अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। गोढ़वा पंचायत के मुखिया और बिहार मुखिया संघ के प्रदेश सचिव राजू बैठा ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर लाइसेंस उपलब्ध कराने की मांग पर चर्चा करना है। इसके अतिरिक्त, पंचायत सरकार भवन निर्माण में सरकार और जिला प्रशासन द्वारा कथित मनमानी तथा पंचायत चुनाव परिसीमन के बाद कराने की मांग जैसे विषय भी एजेंडे में शामिल हैं। बैठक में मुखिया के अधिकारों में हो रही कटौती पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी। इन सभी मुद्दों पर विचार-विमर्श के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय इस बैठक में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके मार्गदर्शन में संगठन की आगामी दिशा और आंदोलन की रूपरेखा निर्धारित की जाएगी।

# श्रीशतचण्डी महायज्ञ से विश्व युद्ध पर लगेगा विराम : आचार्य

**अरेराज (एन एस बी)।** अनुमंडल मे हो रहे श्री शतचण्डी महायज्ञ दुर्गा सप्तशती के पाठ से आध्यात्मिक उर्जा से क्षेत्र वासी हो रहे है उर्जान्वित। विश्व युद्ध पर लगेगा विराम।भारत के मनिषियो ने पूर्व मे किया था भविष्य वाणी।आज अमेरिका डिजल और पेट्रोल पर अधिपत्य करना चाहता है।भगवती के प्रसाद से देश मे पुनः शान्ति एवम् अमन चौन की होगी प्राप्ति।

विश्व शांति को लेकर हो रहे आज यज्ञ का तृतीय दिन भी वर्षा एवम् तुफान के बीच भी जारी रहा पाठ। यज्ञ मे ग्यारह पंडितो द्वारा पाठ किया जा रहा है। प्रखंड के गंडक तटवर्ती गांव गुरहा स्थित तेतर दुर्गा मंदिर के प्रांगण में 19 मार्च से 27 मार्च तकआयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का तृतीय दिन अगि मंथन द्वारा अगि को प्रकट किया गया।आयोजन समिति के सदस्यों की मौजुी देखी गई।आयोजन समिति के अध्यक्ष रामनिवास पाण्डे एवं प्रधान ययमान चंद्र भूषण पाठक ने संयुक्त रूप से बताया कि यह। यज्ञ विश्व शांति के लिए कराया जा रहा है। जहां यज्ञ होता है वहां दुर्भिक्ष, महामारी और किसी प्रकार की आपदाएं नहीं आती है। यज्ञ को सफल बनाने के लिए यज्ञाचार्य पंडित मदन शास्त्री ने अपने सहयोगी आचार्यो के साथ मंत्रोचारण से वातावरण गूंजमान हो गया।वही पूजन सामग्री की व्यवस्था मुखिया प्रतिनिधि एश्वर्य मिश्र उर्फ बाबू मिश्र द्वारा किया गया है। इस अवसर पर सहायक यजमान परमा भगत संजय पांडे,एवम् के पी चौरसिया,उपाध्यक्ष संदीप पांडे और संजय पांडे प्रमोद पांडे कोषाध्यक्ष रामकिशोर प्रसाद निगरानी अध्यक्ष सह सरपंच धनंजय चौबे, ,संदीप मिश्रा,अरविंद शुक्ला, सोनू कुमार, रामशरण महतो, धर्मेद्र कुमार,पूजा पासवान,पंकज कुमार, जमुना साह, सुरेश महतो, विपिन ठाकुर, पंकज ठाकुर केशव पाण्डेय,भूषण मिश्र,विवेक पाण्डेय,मुन्ना पाण्डेय यज्ञ संयोजक पंडित संजीव मिश्र सह संयोजक चन्द्रकिशोर प्रसाद चौरसिया सहित ग्रामीणों भक्तो की उपस्थिति में सहायक आचार्य राधेश्याम शास्त्री, रंजन शास्त्री,नवनीत शास्त्री,आशीष शुक्ला आदि के वैदिक मंत्र ध्वनि के साथ यज्ञशाला की परिक्रमा किया गया जा रहा है।


यज्ञस्थल पर उपस्थित आचार्य।

यज्ञ में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भरपूर सुविधा मुहैया कराई जा रही है।गोविन्ज थाना द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।उप स्वाथ्य केन्द्र पिपरा के चिकित्सा पदाधिकारी डा राहुल पाठक एवम् डा पार्थ सारथी के द्वारा चिकित्सा शिविर का उतम व्यवस्था किया गया है।यज्ञ को सफल वनाने मे मनोयोग से पीपरा पंचायत के सभी ग्रामीण लगे हुए है।

# मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद उल फितर की नमाज की अदा

**फेनहारा।** प्रखंड क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारगी के माहौल में ईद उल फितर की नमाज शनिवार को मुस्लिम समुदाय के हजारो लोगों ने अदा किया़ इस दौरान सुबह में फेनहार, इजोरबाड़ा, जमुनिया, मनकरवा, कालूपाकड, मधुरापुर के ईह में पहुँच कर नमाज अदा किया़ नमाज अदा करने के बाद देश के अमन चौन व तरक्की के लिए दुआ किया जिसके बाद सभी एक दूसरे के गले मिलकर ईद का मुबारकबाद दिया़।

रमजान के पाक माह में तीस दिन तक रोजा रहते है जिसके अगले दिन ईद उल फितर की नमाज अदा किया जाता है सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार के कोई अप्रिय घटना ना हो इसको लेकर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार के नतृत्व में अपर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार, वीर कुमार,दारोगा नागमणि दल बल के साथ मौजूद थे़ इस मौके स्थानीय विधायक राणा रणधीर सिंह,राजद नेता ड संतोष कुशवाहा, ।पउपउ नेता राणा रंजीत सिंह, युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार उर्फ विद्वान,रविंद्र तिवारी सहित जनप्रतिनिधि और राजनीति पार्टी के नेता ईह पहुच कर ईद की मुबारकबाद दिए़।



फेनहारा ईाह में ईद की नमाज अदा करते लोग।

# हिमांशु ने बढ़ाया पूरे चंपारण का मान

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड पताही के खोड़ी पाकड़ गांव में मोहन सिंह और रीता देवी के घर में जन्मे हिमांशु कुमार ने विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के राज्यस्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर चंपारण सहित पूरे बाबासाहब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय को भी गौरवान्वित किया है। 19 मार्च को बिहार विधान सभा में आयोजित प्रतियोगिता में बिहार के 37 जिलों से 185 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। पूर्वी चंपारण के तरफ से एल एन डी कलेज के हिमांशु कुमार,सौरभ कुमार, मानसी कुमारी, मुंशी सिंह महाविद्यालय से मुन्नी भारती तथा एस आर ए पी कलेज बारा चकिया से दीपक कुमार ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। ज्ञातव्य हो कि विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

इस प्रतियोगिता के अंतिम चरण में वे देश की संसद में बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। बिहार विधान सभा में अपने भाषण में हिमांशु ने देश की बजट को युवा केंद्रित बनाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि बजट केवल अंकों का हिसाब नहीं होता,अपितु यह राष्ट्र के भविष्य का खाका होता है और जब उस खघके के केंद्र में युवा होंगे तो विकास की गति अपने आप तेज हो जाती है। उन्होंने आगे कहा कि 2047 का भारत कैसा होगा यह केवल समय तय नहीं करेगा यह आज का बजट और आज का युवा मिलकर तय करेंगे। हिमांशु की सफलता पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो (ड) मृगेंद्र कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि हिमांशु की सफलता और विद्यार्थियों के लिए कई मायने में प्रेरणादायी है। हिमांशु नियमित रूप से अपने प्राध्यापकों के संपर्क में रहकर विचार विमर्श करते रहता है जिससे नित नई नई चीजें सीखने समझने का मौका मिलता है।

एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डा. रविरंजन सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामना प्रेषित करते हुए कहा कि हिमांशु एनएसएस का भी बढ़िया और कर्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवक रहा है और मुझे पूरी उम्मीद है कि राष्ट्रीय स्तर पर भी हिमांशु चंपारण का परचम लहराएगा। महाविद्यालय मीडिया प्रभारी ड प्रभाकर कुमार ने बताया कि हिमांशु के सफलता से महाविद्यालय में उत्साह का माहौल है और विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा है। महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित सभी कर्मियों ने भी हिमांशु को बधाई दी है।

# बिहार दिवस को लें पूर्वी चंपारण में भव्य आयोजन की तैयारी पूरी

**मोतिहारी(एन एस बी)।** बिहार दिवस के अवसर पर पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन द्वारा भव्य कार्यक्रमों की तैयारी पूरी कर ली गई है। गौरतलब है कि आज से 114 वर्ष पूर्व, 22 मार्च 1912 को बिहार बंगाल से अलग होकर एक स्वतंत्र प्रांत के रूप में अस्तित्व में आया था। इस ऐतिहासिक दिन को हर वर्ष बिहार दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो राज्य के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध परंपरा और उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करने का अवसर प्रदान करता है।

इस वर्ष भी बिहार दिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है।

जिला स्तर पर कार्यक्रम की शुरुआत 22 मार्च की सुबह 8.00 बजे समाहरणालय, मोतिहारी परिसर से स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी के साथ होगी। इसके पश्चात सुबह 9.30 बजे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दोपहर 11.00 बजे से 1.00 बजे तक पेंटिंग प्रतियोगिता, 1.00 बजे से 3.00 बजे तक जि एवं निबंध प्रतियोगिता तथा 3.00 बजे से 5.00 बजे तक रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

संध्या 5.00 बजे महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह (अडिटोरियम), मोतिहारी में भव्य सांसतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों से इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। साथ ही, उन्होंने सभी जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि बिहार दिवस के अवसर पर सभी सरकारी कार्यालयों की साफ-सफाई एवं सजावट सुनिश्चित की जाए।इसके अलावा, जिले के विभिन्न अनुमंडलों, प्रखंडों और विद्यालयों में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे बिहार दिवस को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा सके।

# तीन दिवसीय केसरिया महोत्सव का प्रथम दिन दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन

**केसरिया(एस एन बी)।** तीन दिवसीय केसरिया महोत्सव का उद्घाटन माननीय सांसद सह षि कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया शनिवार को भव्य तरीके से पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद राधामोहन सिंह, पूर्व मंत्री व नगर विधायक प्रमोद कुमार, केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा, पीपरा विधायक श्यामबाबू प्रसाद, कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, डीएम सौरभ जोरवाल व एसपी स्वर्ण प्रभात सहित अन्य अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया गया।इससे पूर्व सभी आगत अतिथियों को पौधा एवं विश्व विख्यात बौद्ध स्तूप का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि केसरिया महोत्सव क्षेत्र की सांसतिक पहचान को नई उंचाई देता है और ऐसे आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विधायक शालिनी मिश्रा ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से क्षेत्र की कला, संसति और परंपरा को बढ़ावा मिल रहा है।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

कार्यक्रम को डीएम सौरभ जोरवाल समेत अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। मंच संचालन की भूमिका आदित्य मानस ने निभाई।मौके पर डीपीआरओ ज्ञानेश्वर प्रसाद, जदयू जिलाध्यक्ष भरत सिंह पटेल, नगर पंचायत मुख्य पार्षद पति रजनीश कुमार उर्फ रिकु पाठक, भाजपा नेता आनंद सिंह, पूर्व नप उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह,जदयु नेता अजीत सहनी, सुमित सिंह, सहित कई गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को अपनाने पर जोर दिया गया

## नरेंद्र मोदी के विकसित भारत लक्ष्य को पूरा करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाए कार्यकर्ता : राधामोहन

**मोतिहारी(एन एस बी)।** भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत गोविंज विधानसभा क्षेत्र के अरेराज-लौरिया स्थित होटल राधेश्याम वाटिका में आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग का समापन सत्र शनिवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद राधामोहन सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

अपने संबोधन में सांसद श्री सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक सशक्तिकरण, संगठनात्मक दक्षता और सेवा-भाव के विस्तार का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सुदृ एवं सक्रिय बनाने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश को विकास की नई उंचाइयों तक पहुंचाया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कार्यकर्ताओं को संगठित होकर इस अभियान को सफल बनाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया, सोशल मीडिया और एआई जैसी नई तकनीकों को अपनाने के लिए भाजपा सदैव प्रतिबद्ध रही है।



कार्यक्रम में उपस्थित राधामोहन।

सांसद ने कहा कि पार्टी की विचारधारा और सरकार की कार्यपद्धति से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया जा रहा है, ताकि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल राय ने की, जबकि संचालन राकेश पाण्डेय द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील मणि तिवारी, हेमंत मणि, राजाबाबू कुमार, मंडल अध्यक्ष दीपक गिरी, राधेश्याम साह, रणधीर कुमार, जयप्रकाश मिश्रा, सूरज पाण्डेय, सुमित शुक्ल, सुंदरम कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 105 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**फेनहारा(एन एस बी)।** सूखे नशे के विरुद्ध चल रहे विशेष अभियान के तहद मोतिहारी पुलिस एक बार सख्त कार्यवाही करते हुए नशा कारोबारियों पर शिकंजा कसा है पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर जिले भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत थाना स्तर पर लगातार छापेमारी की जा रही है इसी कड़ी में शुक्रवार को फेनहारा थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में शेखवना ग्राम के लालबाबू राय पिता स्वर्गीय भजन राय 105 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया है पुलिस ने मौके से मादक पदार्थ को जब्त कर लिया है और आरोपी लालबाबू राय को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस का कहना है सुखा नशा यूवाओ को बर्बाद कर रहा है इसको देखते हुए लगातार छापेमारी चलाई जायेगी।

### पीपराकोठी में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई

**पीपराकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-फितर का पावन पर्व गहरी आस्था, उल्लास और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। शनिवार को सुबह की पहली किरण के साथ ही मुस्लिम समुदाय के लोग पाक-साफ होकर नए वस्त्र धारण कर ईहों और मस्जिदों की ओर रवाना हुए। ईहों में इमाम के नेतृत्व में विशेष नमाज अदा की गई। इस दौरान मुल्क की तरक्की, अमन-चौन, आपसी प्रेम और इंसानियत की भलाई के लिए दुआएं मांगी गईं। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ष्ईद मुबारकष् कहा और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर जकात और फितरा अदा करने की परंपरा का भी विशेष महत्व रहा, जिसके माध्यम से जरूरतमंदों की मदद कर समाज में समानता और करुणा का भाव प्रकट किया गया। घरों में सेवइयां, खीर और अन्य पारंपरिक व्यंजन बनाए गए, जिन्हें आपसी प्रेम के साथ बांटा गया। ईद के इस पवित्र अवसर पर पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल बना रहा। मस्जिदों से गूंजती तकबीरें और दुआएं वातावरण को श्रद्धामय बना रही थीं। बच्चों और युवाओं में भी खासा उत्साह देखा गया, जिन्होंने पूरे दिन खुशियां मनाईं। पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग रहा। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह अपने दल-बल के साथ विभिन्न ईहों एवं संवेदनशील स्थानों का लगातार निरीक्षण करते रहे।इस प्रकार क्षेत्र में ईद का यह पावन पर्व धार्मिक आस्था, आपसी सौहार्द और मानवता के संदेश के साथ अत्यंत श्रद्धा और उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ।

### मेहसी में ईद-उल-फितर हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**मेहसी (पूर्वी चंपारण)।** मेहसी में ईद-उल-फितर का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और पारंपरिक रूप से गांव-गांव घूमकर सेवइयां खाने की परंपरा को भी निभायास नमाज के दौरान नमाजियों की भारी भीड़ के कारण 108 वर्ष पुरानी मिर्जापुर ईह सायरा मस्जिद छोटी पड़ गई। स्थिति ऐसी रही कि सड़कों पर ही नमाज अदा करनी पड़ी। मेहसी के आसपास के करीब दो दर्जन से अधिक गांवों से आए नमाजियों ने एक साथ नमाज अदा की।इसके अलावा हरपुरनाग, मैन मेहसी, कोठियां, देवाजित परसौनी, ढरगावां, बथना, सराय बनवारी आदि स्थानों पर भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नमाज के दौरान थाना अध्यक्ष सानू गौरव के नेतृत्व में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।मिर्जापुर ईह में ईद-उल-फितर की पहली जमात की नमाज मौलाना अमजद अली मंजरी ने अदा कराई, जबकि दूसरी जमात की नमाज कारी जर्रार ने पढ़ाई। नमाज के बाद सामूहिक दुआ की गई, जिसमें पूरी दुनिया में अमन-चौन और भाईचारे की कामना की गई।इस मौके पर हाजी गयासुद्दीन अंसारी, हाफिज इरशाद, तहसीन खान, ताजुल हक ताज, टीपू सुल्तान, इमाम हसन कुरैशी, हशमत अली अंसारी, अबुल कलाम आजाद, परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के अध्यक्ष शाहिद रजा, कलाम खान, शहाबुद्दीन अंसारी, हाजी करीमुल्लाह अंसारी, मास्टर लतीफुर रहमान, हसीबुर्रहमान, अब्दुल रशीद मकरानी, अतीकुर्रहमान, जियाउर रहमान,अशरफ अली सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बेमौसम बारिश से किसान व चैती छठ प्रभावित

**पीपराकोठी।** मौसम के अचानक बदले मिजाज से पूरे क्षेत्र में चिंता बढ़ गई है। शुक्रवार शाम तेज हवाएं चलीं और शनिवार सुबह से बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। आसमान में छाए घने बादल और रुक-रुक कर गिरती फुहारों ने सड़कों को सुनसान कर दिया है। इस बेमौसम बारिश का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ा है। खेतों में कटाई के लिए तैयार गेहूं, सरसों और अन्य रबी फसलें तेज हवाओं और बारिश से प्रभावित हुई हैं। कई स्थानों पर फसलें झुक गई हैं, जिससे किसानों को अपनी महीनों की मेहनत बर्बाद होने का डर सता रहा है। उनके लिए यह बारिश राहत नहीं, बल्कि चिंता का कारण बन गई है। वहीं, आस्था के महापर्व चौती छठ की तैयारियों पर भी मौसम की मार पड़ रही है। रविवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय इस पर्व के लिए वती पूरी श्रद्धा से जुटे थे, लेकिन बारिश ने उनके उत्साह को कम कर दिया है। घाटों की सफाई, पूजा सामग्री की व्यवस्था और अन्य तैयारियां अधूरी रह गई हैं। वतियों को चिंता है कि यदि मौसम ऐसा ही बना रहा तो उनकी साधना में बाधा आ सकती है। स्थानीय लोग इसे मार्च महीने की असामान्य स्थिति बता रहे हैं, जहां किसान अपनी फसल बचाने और वती पर्व के सफल आयोजन के लिए मौसम साफ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

### मोतिहारी में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

#### कालिदास साहित्य की शाश्वतता पर गहन विमर्श

**मोतिहारी(एन एस बी)** सबिहार में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्त विभाग द्वारा 20-21 मार्च 2026 को भारत विद्या परंपरा एवं कालिदास साहित्य की शाश्वतता विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर देश-विदेश के विद्वानों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया।उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव ने की, जबकि मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो़ अभिराज राजेंद्र मिश्र उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रो़ चंद्रभूषण झा, प्रो़ अनिल प्रताप गिरी, प्रो़ अयान भट्टाचार्य तथा संयोजक प्रो़ प्रसून दत्ता सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रो़ प्रसून दत्ता सिंह के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने कालिदास के साहित्य में प्रति, संवेदना और मानव मूल्यों के समन्वय को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता प्रो़ अभिराज राजेंद्र मिश्र ने कालिदास के जीवन, काल और जन्मस्थान से जुड़ी विभिन्न मान्यताओं पर प्रकाश डाला। अपने विचारों में प्रो़ चंद्रभूषण झा ने जर्मनी सहित यूरोप में कालिदास साहित्य की लोकप्रियता पर चर्चा की, जबकि प्रो़ अयान भट्टाचार्य ने काव्यशास्त्र की ष्टि से कालिदास की रचनाओं को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष से जोड़ा। अन्य वक्ताओं में प्रो़ पांडेय ने 'अभिज्ञानशाकुंतलम्' के भाव पक्ष को रेखांकित किया। संगोष्ठी में ड़ बबलू पाल, ड़ बिस्वजीत बर्मन, प्रो़ श्याम कुमार झा, ड़ उमेश पात्रा, प्रो़ सुनील महावर, प्रो़ प्रणवीर सिंह, प्रो़ अरतत्राण पाल, प्रो़ विजय कुमार चौधरी, प्रो़ पंकज कुमार, ड़ शिवेंद्र सिंह, प्रो़ सपना सुगंधा, ड. गरिमा तिवारी, ड. गोविंद वर्मा, ड़ पथलोथ ओंकार तथा ड़ आशा मीणा सहित अनेक विद्वानों की सहभागिता रही।संगोष्ठी ने भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्धि और कालिदास साहित्य की वैश्विक प्रासंगिकता को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।

### जाली हस्ताक्षर से आर्म्स लाइसेंस का खेल उजागर

#### चौकीदार गिरफ्तार, कुख्यात आरोपी पर इनाम घोषित

**मोतिहारी(एन एस बी)।** पूर्वी चंपारण जिले में आर्म्स लाइसेंस दिलाने के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि एक पत्र में थानाध्यक्ष और संबंधित पदाधिकारी के हस्ताक्षर जाली थे। इस फर्जी दस्तावेज के जरिए कुख्यात अपराधी नाज अहमद खान के आपराधिक इतिहास को शून्य दिखाकर लाइसेंस दिलाने की कोशिश की गईस जांच के दौरान मामला सामने आया कि इस पूरे षड्यंत्र में थाने के चौकीदार मनोज सिंह की संलिप्तता थी। उसने फर्जी लेटर तैयार कर भेजा, जिससे आरोपी को लाभ पहुंचाया जा सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच कराई गई।इस संबंध में पदाधिकारी रामशरण पासवान के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चौकीदार मनोज सिंह को फर्जीवाड़ा, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।वहीं इस बावत एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि मुख्य आरोपी नाज अहमद खान की गिरफ्तारी के लिए विशेष जांच दल (ैप्ज) का गठन किया गया है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है और उसे 48 घंटे के भीतर आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई है।साथ ही मामले में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने जिला की बारह सदस्यीय टीम रवाना



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार दिवस पर पटना में आयोजित होनेवाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम के लिए शिक्षा विभाग के जिलास्तरीय टीम को एडीपीसी अभिषेक कुमार और संभाग प्रभारी महेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जानकारी देते हुए राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक आनंद कुमार झा ने बताया कि राज्य स्तरीय गणित ओलंपियाड, क्विज और चित्रकला प्रतियोगिता के लिए जिला की बारह सदस्यीय टीम पटना जा रही है। तीनों विधा की प्रतियोगिता में छह से आठ और नौ से बारह कक्षा समूह के एक छात्र और एक छात्रा जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। विभिन्न प्रखंड से आए प्रतिभागी का चयन कर उन्हें राज्यस्तरीय कार्यक्रम के लिए भेजा जा रहा है। चयनित प्रतिभागी के विद्यालय और उनके गांव में इस उपलब्धि पर हर्ष व्याप्त है। मौके पर सत्यप्रकाश,राजेश खन्ना आदि उपस्थित थे।

### बिहार दिवस पर प्रसिद्ध गजल गायक चंदन दास की होगी शानदार प्रस्तुति



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार दिवस के शुभ अवसर पर जिले में तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसके तहत प्रथम दिन रविवार की संध्या राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त गजल गायक चंदन दास की प्रस्तुति होगी। कला संस्कृति विभाग, शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा रविवार को पांच बजे संध्या प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध गजल गायक चंदन दास की प्रस्तुति होगी। हालांकि इससे पूर्व कोसी महोत्सव एवं उग्रतारा महोत्सव में भी गजल गायक चंदन दास ने अपनी प्रस्तुति से जिले वासियों को झूमने पर विवश किया था। एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर के गजल गायक चंदन दास से बिहार दिवस कार्यक्रम सुशोभित होगा। लंबे अर्से बाद राष्ट्रीय स्तर के गायक चंदन को सुनने लोग जुटेंगे। उनके गाए सबसे चर्चित गीत ना जी भर के देखा ना कुछ बात की, बड़ी आरजू थी मुलाकात की, पिया नहीं जब गांव में, आग लगे सब गांव में, इधर जिंदगी का जनाजा उठेगा, उधर जिंदगी उनकी दुल्हन बनेगी श्रोताओं की पसंद रही है।

### भाकपा माले की मांग, पीड़ित किसानों को मिले 1लाख रुपए प्रति एकड़ फसल क्षतिपूर्ति का मुआवजा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शुक्रवार को शाम आए अचानक भयंकर आंधी-तूफान ने जिले के विभिन्न हिस्सों में काफी तबाही मचाई। जिससे मक्का, गेहूँ सहित कई फसलों को काफी नुकसान हुआ. गरीबों के घरों-झोपडियों को भी अपने आगोश में लेकर भयंकर क्षति पहुंचाई। सहरसा जिले के विभिन्न इलाकों में आई इस प्राकृतिक रूपी आपदा से किसानों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा और उसके जीवन यापन पर सीधा व गंभीर समस्या उत्पन्न हो गया है। भाकपा माले के युवा नेता सह आरवाईए राष्ट्रीय परिषद सदस्य कुंदन यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बिहार सरकार व जिला प्रशासन से मांग किया है कि पुरे जिले को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर पीड़ित किसानों एक लाख रुपए प्रति एकड़ फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा दें।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत भाजपा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**सहरसा (एनएसबी)।** भाजपा कार्यालय पटुआहा में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सौर बाजार उत्तरी मंडल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार उर्फ बिट्टू ने किया जबकि मंच संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष महावीर यादव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष साजन शर्मा,डा राम नरेश सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष अध्यक्ष माधव प्रसाद चैधरी, भाजपा नेता विजय बसंत , जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव व राजीव रंजन साह,जिला प्रवक्ता अभिनंदन कुशवाहा ,अभिषेक पांडेय, जिला मंत्री पंकज पाठक के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण के पश्चात सत्र सह प्रशिक्षण महाभियान शुरू किया गया। कुल सात सत्रो में सम्पन्न प्रशिक्षण मे भाजपा की सैद्धांतिक अधिष्ठान,भाजपा का इतिहास, विकास,सोशल मीडिया, नमो एप,सरल एप, बूथ प्रबंधन, कार्यकर्ता विस्तार जैसे विषयों पर वक्ताओं द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने केन्द्र सरकार राज्य सरकारों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री नवीन कुमार ,मंडल उपाध्यक्ष राजेश रंजन,किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ,मंडल उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार,वरीय भाजपा नेता रमेश कुमार रमन ,मिथलेश कुमार साह उपस्थित रहे।



### बनमा ईटहरी में ईद का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्नः लोगों ने नमाज अदा कर एक-दूसरे को दी बधाई



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घोरदौड़, पहलाम, लक्ष्मीनिया, काशिमपुर, सरबेला, ईटहरी, तरहा और सहुरिया जैसे गांवों में सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद मुबारक कहा और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। बच्चों और युवाओं में इस त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। लोगों ने नए कपड़े पहनकर एक-दूसरे के घरों पर जाकर बधाई दी। इस दौरान सेवई और अन्य पारंपरिक पकवानों का भी स्वाद लिया गया। पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्सव का माहौल बना रहा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी ने क्षेत्र में लगातार गश्ती की। उन्होंने विभिन्न गांवों और संवेदनशील स्थानों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशासन की सक्रियता के कारण पूरे प्रखंड में ईद का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### जिलास्तरीय गणित ओलंपियाड, क्विज व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शिक्षा विभाग द्वारा जिलास्तरीय गणित ओलंपियाड, क्विज और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्कूल सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा एडीपीसी अभिषेक कुमार, प्राचार्य कपिलदेव कुमार, संभाग प्रभारी महेश कुमार, शिक्षक आनंद कुमार झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के सभी विधा में विभिन्न प्रखंड से कक्षा समूह एक से पांच, छह से आठ और नौ से बारह के कुल एक सौ अस्सी प्रतिभागियों ने भाग लिया। कक्षा समूह छह से आठ और नौ से बारह के चयनित प्रतिभागी क बारह सदस्यीय टीम पटना में बिहार दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने जाएगी। शिक्षक आनंद कुमार झा के निर्देशन में आयोजित जिलास्तरीय गणित ओलंपियाड, क्विज और चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा समूह छह से आठ के निष्कर्ष राज और सिमरन कुमारी का चयन गणित ओलंपियाड में, आंचल कुमारी और अभिजीत कुमार का चयन क्विज और मौसम पोद्दार एवं राजू कुमार का चयन चित्रकला के लिए वहीं कक्षा समूह नौ से बारह के आकृति प्रिया और रवि गुप्ता का चयन गणित ओलंपियाड में, मो साहिल और प्रिया पियूष का चयन क्विज और सिद्धिमणि एवं अब्दुल्लाह का चयन चित्रकला के लिए किया गया। कला संस्कृति पदाधिकारी ने सभी सफल प्रतिभागी को प्रशस्तिपत्र और शील्ड देकर सम्मानित की। निर्णायक मंडल में डॉ नंदिनी कुमारी, डॉ रूबी कुमारी, प्रज्ञा रंजन, मणिकांत कुमार, कृष्ण कुमार, डॉ रश्मि, डॉ विकास कुमार, अंकित कुमार, मुकेश कुमार, आनंद राज, प्रिंस गौरव मौजूद रहे।



# पहली बारिश ने नगर प्रशासन की खेली पोल, जल जमाव से राहगीर परेशान

**सहरसा (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र में देर रात हुई पहली बारिश ने नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मुख्य बाजार मार्ग पर शर्मा चैक के पास भारी जलजमाव हो गया है, जिससे आसपास के घरों में पानी घुस गया और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। डाक बंगला चैक से मुख्य बाजार की ओर जाने वाले लोगों को घुटने भर पानी से होकर गुजरना पड़ा। बारिश रुकने के कई घंटे बाद भी नगर प्रशासन का ध्यान पानी की निकासी पर नहीं गया। जलजमाव का मुख्य कारण शर्मा चैक से डाक बंगला चैक के बीच नवनिर्मित सड़क की ऊंचाई और सड़क के दोनों ओर नालों का अधूरा निर्माण बताया जा रहा है। इससे पानी की निकासी बाधित हो गई है, जिसके चलते बारिश का पानी सड़कों पर जमा होकर घरों में घुस रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क निर्माण के दौरान नगर प्रशासन और इंजीनियरों ने उचित ध्यान नहीं दिया। उनका कहना है कि शर्मा चैक से स्टेशन चैक तक की पुरानी सड़क में ऐसी समस्या नहीं है, लेकिन शर्मा चैक से डाक बंगला चैक के बीच हाल ही में बनी सड़क की अधिक ऊंचाई और दोनों तरफ नालों का अधूरा निर्माण जलजमाव की मुख्य वजह है। इस संबंध में नगर कार्यपालक पदाधिकारी रामविलास दास ने कहा कि जलजमाव की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल पंपिंग के जरिए पानी निकालने का काम चल रहा है। स्थानीय लोग नई सड़क और नाली निर्माण में लाखों रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप भी नगर परिषद पर लगा रहे हैं।



जलजमाव का दृष्य।

## आंधी तूफान से मक्का की फसल नष्ट, फूट-फूट कर रो रहे किसान



फोटो कैप्शनः 8 गोहु व मक्का भारी तबाही।

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड में शुक्रवार देर शाम आई तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण अचानक बदले मौसम ने ग्रामीण इलाकों में भारी तबाही मचाई है। शाम करीब 7:30 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई, जिसमें हवा की रफ्तार 70 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक रही और 15 एमएम से ज्यादा वर्षा दर्ज की गई। ईटहरी में टाट फूस के बने घर गीर गयें। 100 मीटर की दूरी पर चदरा जा गीरा है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन संपत्ति का नुकसान पहुंचा है। अन्य पंचयातों में भी कईयों के छप्पर उड़े आंधी का असर इतना तेज था कि मनिया, सुगमा, बहुअरबा, परसबन्नी, घोडदौर, ईटहरी, रसलपुर, सरबेला, तरहा, मकदमपुर, मुरली, कासीमपुर समेत अन्य जगहों पर कई किसानों के मक्का की फसल पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस प्राकृतिक आपदा से आमूमन खेतों में फसल बर्बाद हो गई, वहीं गेहूं की फसल पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। किसानों ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है, क्योंकि उन्हें इस बार मक्का की अच्छी पैदावार की उम्मीद थी। किसान राजकुमार शर्मा, पिन्टू कुमार, रत्नेश सिंह, मुकेश सिंह, अजीत यादव, अमर यादव, मनीष कुमार,पप्पू यादव,बद्री यादव,सत्यनारायण यादव, रामचंद्र यादव, देवनंदन यादव, संजय यादव, पवन यादव, साधुसरण ठाकुर, अमित यादव, सुर्यनारायन यादव, शंभु यादव, अरुण यादव, साहेब यादव, जवाहर यादव, शिवनंदन यादव, हरीनंदन यादव, अजय यादव, रूपेश कुमार, अभिमंनु यादव सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि उन्होंने इस बार मक्का की फसल पर अधिक जोर दिया था। उन्हें अच्छी उपज की आशा थी, लेकिन आंधी ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। तेज हवाओं और बारिश से आम और लीची के मंजर को भारी क्षति पहुंची, जबकि खेतों में लगी मक्का की फसल गिर गई। वहीं पकी हुई सरसों की फसल को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही। इस सबंध में कृषि पदाधिकारी सुभाष कुमार सौरव ने बताया कि किसान सलाहकार के माध्यम से क्षति हुए फसलों का आकलन किया जा रहा है। अभी नहीं बता सकतें की कितनी हेक्टेयर में मक्का व अन्य फसल बर्बाद हुआ है। रिपोर्ट आने पर विभाग को भेजा जाएगा।

## भीषण अंधी और बारिश से किसानों की कमर टूटी मक्का और गेहूं की फसल बर्बाद

**मक्का और गेहूं की फसल को हवा ने जमीन पर सुला दिया भारी क्षति**

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की रात आए आँधी हो बारिश से गेहूं व मक्का के फसलों को भारी क्षति हुई है। जिससे किसानों की कमर टुट गई है। आँधी ने सैकड़ों एकड में लगी मक्का के फसलों को जमीन पर गिराकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। अगर बारिश के साथ आँधी नहीं आता तो फसलों के लिए यहीं बारिश अमृत तुल्य होता। हालांकि इस बारिश से आम के मंजर, टिकोले एवं लीची को काफी फायदा पहुंचा है। बारिश से डंठल मजबुत होने से टिकोले के झडने की सम्भावना कम हो जाएगी। मक्का क्षेत्र का एक मुख्य व्यवसायिक फसल है। इस वजह से इसे गोल्डन कार्प भी कहा जाता है।लेकिन आंधी ने इसे बर्बाद कर किसानों का कमर तोड़ दिया है। आँधी ने नवम्बर दिसम्बर माह में रोपाई किए गए मक्का के फसलों को ज्यादा क्षति पहुंचाया है जबकि फरवरी प्लांट को कम क्षति हुई है। प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार सोहा,पदमपुर, देहद, बेहट, कोपा, अरसी, मैना,दुगार्पुर, विराटपूर, ,बराही, अगमा, सरौनी मधेपुरा, महुआ, काशनगर, खजूराहा समैत प्रखंड के विभिन्न गांवों में अनेकों बहियारो के एकड का एकड मक्का जमीन पर गिर कर पूरी तरह बर्बाद हो गया है। जमीन पर गिर गए मक्का का उपयोग अब मवेशियों के चारे में ही किया जा सकेगा। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवी कुमार ने बताया की आंधी में फसलों के बर्बाद होने की सुचना मिली है। सभी किसान सलाहकारों को क्षति का आकलन करे को कहा गया है।



## जिलें में बदला मौसम का रुख, आंधी बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान की आशंका

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। शुक्रवार की शाम और शनिवार की सुबह से ही चल रही तेज हवा, बारिश और ओलावृष्टि ने जनजीवन के साथ किसानों की चिंता बढ़ा दी।कई इलाकों में बादलों की गरज और वज्रपात एवं तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई, जिससे आम, लीची और गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली गिरने से कुछ पेड़ों के जलने की भी सूचना है।इस संबंध में कृषि विज्ञान अगवानपुर के जितेंद्र कुमार के अनुसार मौसम विभाग के अनुसार यह स्थिति फिलहाल जारी रहने वाली है। शनिवार के साथ ही साथ रविवार को भी उत्तर बिहार के कई जिलों में बारिश, तेज हवा और वज्रपात की संभावना बनी हुई है। इसको लेकर विभाग ने अलर्ट जारी किया है।जिसके कारण मौसम पूवार्नुमान के अनुसार 21 से 25 मार्च तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे और कई स्थानों पर आकाशीय बिजली चमकने के साथ तेज हवाएं चलेंगी। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है, हालांकि बीच-बीच में मौसम सामान्य भी रह सकता है।वही हवा की रफ्तार 9 से 12 किलोमीटर प्रति घंटा रहने का अनुमान है और पछिया हवा चलने की संभावना है। तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा।इस दौरान अधिकतम तापमान 23 से 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 से 18 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक है।वही रविवार को अधिकतम तापमान 29 तथा सोमवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।तेज हवा और बारिश के चलते जनजीवन भी प्रभावित हुआ है।वही मौसम विभाग ने किसानों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। अगले दो दिनों तक बारिश की संभावना को देखते हुए फसलों की देखरेख सावधानी से करने को कहा गया है।इसके अलावा गरमा मूंग और उड़द की बुआई प्राथमिकता के आधार पर करने को कहा गया है। आम और लीची के मंजर में किसी तरह की दवा का छिड़काव नहीं करने और खराब मंजर को हटाकर नष्ट करने की सलाह दी गई है।बदलते मौसम को देखते हुए प्रशासन और मौसम विभाग दोनों ने लोगों से सतर्क रहने और खासकर वज्रपात के दौरान खुले स्थानों से दूर रहने की अपील की है।



## रौशनी कुमारी को चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर की हत्या

**पति छत से कुदकर बचाई जान, जांच में जुटी पुलिस**

**सहरसा (एनएसबी)।** जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र के गौरदह पंचायत में जमीन विवाद को लेकर एक विवाहिता की घर में घुसकर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वहीं पति ने छत से कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना सलखुआ थाना क्षेत्र के गौरदह पंचायत की है। मृतका की पहचान छेलाबिहारी की 25 वर्षीय पत्नी रौशनी कुमारी के रूप में हुई है। मृतका के पति छेलाबिहारी ने बताया कि यह घटना देर रात करीब एक बजे हुई। वे दोनों पति-पत्नी घर में सो रहे थे, तभी उन्हें बाहर कुछ आहट सुनाई दी। जागने पर उन्होंने देखा कि कई हथियारबंद बदमाश उनके घर की ओर आ रहे थे। खतरा भांपते हुए छेलाबिहारी शोर मचाते हुए छत के रास्ते भाग निकले और अपनी जान बचाई। इसी दौरान घर के अंदर सो रही रौशनी कुमारी पर हमलावरों ने ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हमलावर भागते समय हवाई फायरिंग भी करते हुए निकले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सिमरी बख्तियारपुर के एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा प्रतीत होता है। एसडीपीओ ठाकुर के अनुसार, इसी महीने की 2 तारीख को दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर हिंसक झड़प हुई थी। इस संबंध में सलखुआ थाने में दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# सहरसा बस्ती व राजनपुर ईदगाह मैदान में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया ईद का नमाज अदा

**एक दूसरे से मिलकर दी मुबारकबाद, मुसलमानों का त्योहार ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार हैः मुफ्ती मोहम्मद सईद**



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पवित्र माह रमजान उल फितर की समाप्ति पर चांद के दिखाई देने के पश्चात शनिवार को शांतिपूर्वक ईद का पर्व मनाया गया।इस अवसर पर राजनपुर ईदगाह मैदान पर सुबह सवा नौ बजे ईद का नमाज अदा किया ।जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए।वही बच्चों ने भी नये वस्त्र धारण कर हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे से गले मिलाकर ईद की मुबारकबाद दी।इस अवसर पर मो समरूल हक,पूर्व पंचायत समिति मो उस्मान, डॉ मो तफैजुल, मौलाना शमशाद, आलिम सनाउल्लाह शामिल हुए।नमाज के बाद मुफ्ती मोहम्मद सईद ने ईद उल फितर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तकरीर किया कि पवित्र माह रमजान में अल्लाह की इबादत रोजा रखकर करते है।ईद का पर्व खुशी का दिन है।मुबारकबाद का दिन है।इस दौरान नेक नीयत के साथ गरीब मजलूमो को जकात देकर अवश्य मदद करनी चाहिए। ताकि सभी खुशीपूर्वक ईद उल फितर का त्योहार मना सके।उन्होने कहा कि मुसलमान रमजान उल-मुबारक के एक महीने के बाद एक मजहबी खुशी का त्यौहार मनाते हैं। जिसे ईद उल-फित्र कहा जाता है। ये यक्म शवाल अल-मुकर्रम्म को मनाया जाता है। ईद उल-फित्र इस्लामी कैलेण्डर के दसवें महीने शव्वाल के पहले दिन मनाया जाता है। इसलामी कैलंडर के सभी महीनों की तरह यह भी नए चाँद के दिखने पर शुरू होता है। मुसलमानों का त्योहार ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। इस त्योहार को सभी आपस में मिल के मनाते है और खुदा से सुख-शांति और बरक्कत के लिए दुआएं मांगते हैं। पूरे विश्व में ईद की खुशी पूरे हर्षोल्लास से मनाई जाती है।कार्यक्रम के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा को लेकर महिषी थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।वही सहरसा बस्ती स्थित ईदगाह मैदान पर बड़ी तादाद में मुस्लिम भाईयों ने नमाज अदा की।

### आपसी सौहार्द, भाईचारे, और अमन-चैन का पर्व है ईद : सुदर्शन गौतम

**सलखुआ (सहरसा) (एनएसबी)।** एक महीने के पवित्र रमजान के बाद शनिवार को मुस्लिम भाइयों एवं बहनों ने हर्षोल्लास के साथ ईद उल फितर का त्यौहार मनाया। शनिवार को सवेरे से ही उनकी यह खुशी परवान चढ़ गई, रंग बिरंगे नए कपड़े पहन कर मुस्लिम भाईयों सवेरे से ही सड़क पर उतर गए थे। उनके चेहरे खिले हुए थें, एक महीने के रमजान की समाप्ति की खुशी थी। संकुल समन्वयक सह बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ सलखुआ के प्रखंड अध्यक्ष सुदर्शन कुमार गौतम ने सलखुआ प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्र के सांसद जमा मस्जिद ईदगाह मुबारकपुर मस्जिद ईदगाह आदि मस्जिद एवं जाकर मुस्लिम भाइयों के साथ गले मिलकर और हाथ मिलाकर रमजान पावन पर्व ईद उल फितर की बधाई दी, इस दौरान शांति तथा कानून व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य बड़ी संख्या में सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति भी की गई थीं। शिक्षक नेता सुदर्शन कुमार गौतम ने कहा कि ईद का त्यौहार भाई- चारे का त्यौहार है, सभी लोग आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाये। शिक्षक नेता सुदर्शन गौतम ने कहा कि आपसी सौहार्द, भाईचारे और अमन- चैन का पर्व है ईद उल फितर। मौके पर शिक्षक नेता सुदर्शन कुमार गौतम, पूर्व वरीय साधन सेवी जय कृष्ण यादव, मोहम्मद राशिद इकवाल, मोहम्मद माहिर अली, मोहम्मद याहिया आजमी, मोहम्मद शाहिद आलम, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद फकरे आलम, सूर्य नारायण कुमार, उदित कुमार यादव, रंजीत कुमार, मुकेश कुमार, दिलीप पासवान, राजेश रंजन, सुदीन कुमार, कैलाश पासवान आदि उपस्थित थें।



### अल्लाह ताला से आमजनों के लिए अमन चैन एवं खुशहाली की दुआएं मांगी

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर सोनवर्षा ईदगाह में हजारों रोजेदारों ने ईद की नमाज अदा की। जिसको लेकर सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों की ईदगाहों में बच्चे, बुजुर्ग और नौजवान नमाज अदा करने के लिए भाड़ी भीड़ जुटने लगे थे। ईदगाह परिसर में खाने-पीने की चीजों की रेहड़ी, आइसक्रीम और गुब्बारे बेचने वालों के कारण मेले जैसा माहौल बन गया था।हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की और अल्लाह ताला से आमजनों की खशहाली व अमन-चैन के लिए आएं खुशहाली व अमन-चैन के लिए दुआएं मांगीं।नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। क्षेत्र के सिर्रही, शाहपुर, देहद, सोनवर्षा, रजवाड़ा, हरिखंड, मैना, काशनगर, पालरही, कोपा, महुआ बाजार, पामा, गोंदराम, सहसौल, मंगवार, हरिपुर और पड़रिया सहित कई गांवों की ईदगाहों में भी नमाज अदा की गई। इसके बाद लोग अपने घरों को लौटे और सेवइयां खाकर एक-दूसरे को खिलाई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष मनीष कुमार, पार्षद लल्लू साह, पैक्स अध्यक्ष यशवंत सिंह बुलबुल, जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह मुन्ना, प्रतिनिधि नरेश साह, बीडीओ अमित आनंद और थाना प्रभारी संजय कुमार सत्यार्थी सहित मौजूद थे।



# अचानक आए तूफान ने मचाई भारी तबाही, चार हजार एकड़ से अधिक मकई फसल हुआ बर्बाद

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** राघोपुर प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की संध्या आए तेज आंधी-तूफान, मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। इस प्रातिक आपदा से सैकड़ों एकड़ में लगी मकई की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, सिर्फ राघोपुर प्रखंड में ही करीब 4 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में लगी मकई की फसल जमींदोज हो चुकी है।

### किसानों की उम्मीदों पर फिरा पानी

अचानक हुए इस मौसम परिवर्तन ने हजारों किसानों को गहरे आर्थिक संकट में डाल दिया है। खेतों में लहलहाती फसल पूरी तरह गिरकर नष्ट हो गई, जिससे किसानों के बीच मायूसी का माहौल है। कई किसानों का कहना है कि फसल इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि अब वह मवेशियों के चारे के लायक भी नहीं बची।

### अलग-अलग पंचायतों में भारी नुकसान

हुलास पंचायत के किसान दिनेश विश्वास, आशीष कुमार और संजय चौधरी ने बताया कि इस बार मकई की फसल काफी अच्छी थी और बेहतर उत्पादन की उम्मीद थी, लेकिन अचानक आए तूफान ने सब कुछ तबाह कर दिया।



खेतों में बर्बाद मकई की फसल।

वहीं डुमरी पंचायत के किसान किसुन मंडल, राधे शर्मा और बिनोद यादव ने कहा कि ओलावृष्टि ने फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया है। हरिपुर पंचायत के किसान ललन यादव, कारी यादव, जयष्ण यादव और गोलू दास के अनुसार पूरे पंचायत में 10 से 15 हेक्टेयर भूमि पर फसल का नुकसान हुआ है।

फिंगलास पंचायत के किसान प्रभास यादव, सुभाष यादव और बन्देलाल शर्मा ने भी भारी नुकसान की बात कही।

रामबिशनपुर के किसान शंकर राम, दिलीप साह और रामदेव शर्मा ने बताया कि इस आपदा से उनकी आर्थिक स्थिति पूरी तरह डगमगा गई है और अब परिवार चलाना भी मुश्किल हो गया है।

### मुआवजे की मांग हुई तेज

पीड़ित किसानों ने प्रशासन और सरकार से नुकसान का सर्वेक्षण कर उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि समय पर मुआवजा नहीं मिला तो उनके सामने परिवार चलाने का संकट खड़ा हो जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों का जल्द निरीक्षण कर राहत और मुआवजा देने की मांग की है, ताकि किसानों को इस आपदा से उबरने में मदद मिल सके।

# बेमौसम बारिश और आंधी ने किसानों की कमर तोड़ दी, खेतों में खड़ी गेहूँ और मक्का को भारी नुकसान

**पिपरा (सुपौल)(एनएसबी)** । शुक्रवार देर शाम और शनिवार को अनजान बदले मौसम तेज हवा के साथ हुई बारिश से गेहूँ, मक्का, मसूर और मटर की फसल बर्बाद हो गया । बैमोसम बारिश और आंधी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। अचानक हुई भारी वर्षा और तेज हवा के कारण खेतों में खड़ी गेहूँ और मक्का की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। कई जगहों पर फसल पूरी तरह गिर गई है और बर्बादी की कगार पर पहुंच गई है।


पिपरा प्रखंड के कई गांव इस प्रातिक आपदा की चपेट में आए हैं, किसानों ने पूरे वर्ष मेहनत करके जो फसल तैयार की थी, वह रातों-रात बर्बाद हो गया, जिससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है किसानों ने सरकार और संबंधित विभाग से मांग करते हुए कहा है कि प्रभावित क्षेत्रों की तुरंत जांच कराई जाए और किसानों को उनकी बर्बाद हुई फसल का उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही सुपौल जिला को प्रातिक आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर किसानों को जल्द से जल्द राहत प्रदान की जाए। इस अप्रत्याशित बारिश और आंधी ने किसानों की स्थिति बेहद खराब कर दी है। ऐसे में सरकार को तुरंत हस्तक्षेप करते हुए किसानों को आर्थिक सहायता और राहत मुहैया कराने की आवश्यकता है ताकि उन्हें इस कठिन परिस्थिति से उबरने में मदद मिल सके।



जमीन पर गिरे गेहूं की फसल।

## खबरें : एक नजर में

### बसहा के अनुपम आनंद ने गेट में 48 रैंक लाकर बढ़ाया जिला का मान



सफल छात्र अनुपम आनंद।

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी)।** अनुपम आनंद ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग में आल इंडिया रैंक 48 प्राप्त कर जिले सहित पूरे राज्य का गौरव बढ़ाया है। बता दें कि अनुपम आनंद संतोष कुमार झा एवं संगीता रानी के पुत्र तथा लीलानंद झा एवं विमला देवी के पौत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अनुपम ने वर्ष 2022 में जेईई मेन एवं जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इंडियन इंस्टीट्यूट अफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी विशाखापत्तनम में केमिकल इंजीनियरिंग में बी्टेक में नामांकन लिया। वर्तमान में वे अंतिम वर्ष 8वां सेमेस्टर के छात्र हैं और संस्थान में द्वितीय स्थान बनाए हुए हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता के आधार पर उन्हें इंडियन अयल कार्पोरेशन लिमिटेड में कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही गेट परीक्षा में उनकी शानदार सफलता ने उनकी प्रतिभा राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हुई है। अनुपम अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादा-दादी, शिक्षकों, मित्रों तथा मार्गदर्शकों के मार्गदर्शन और सहयोगी को देते हैं। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर देश की सेवा करना है। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। स्थानीय लोगों ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### एनएच-27 किनारे जलजमाव से सिमराही में दुकानदार बेहाल, सर्विस रोड निर्माण अधूरा छोड़ने से बढ़ी परेशानी

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** प्रखंड के अंतर्गत नगर पंचायत सिमराही में इन दिनों जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे दर्जनों दुकानदारों का रोजगार ठप पड़ गया है। बीते शाम आई तेज आंधी और घंटों हुई बारिश ने नगर पंचायत की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। खासकर एनएच-27 के किनारे हालात और भी बदतर हो गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, एनएच-27 के किनारे सर्विस रोड निर्माण को लेकर कुछ समय पहले खुदाई कार्य शुरू किया गया था। लेकिन निर्माण कार्य को बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया। न तो सर्विस रोड का निर्माण पूरा किया गया और न ही जलनिकासी की कोई व्यवस्था की गई। परिणामस्वरूप, हल्की बारिश में भी सड़क किनारे पानी जमा हो जाता है, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जलजमाव के कारण कई दुकानों में पानी घुस गया है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। ग्राहक भी इस रास्ते से गुजरने से बच रहे हैं। कीचड़ और गंी के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। इस समस्या को लेकर स्थानीय निवासी उमेश साह, राजु कुमार, मनोज पौदार, हनुमान पौदार सहित दर्जनों लोगों ने सुपौल के जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि जल्द से जल्द सर्विस रोड का निर्माण पूरा कराया जाए और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके । मामले में वीरपुर के एसडीएम नीरज कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा। फिलहाल स्थानीय लोग प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं, ताकि इस गंभीर समस्या से निजात मिल सके।



दुकान के सामने जमा बारिश का पानी।

### बिहार दिवस के अवसर पर बिहार की गौरव गाथा की चर्चा

**सुपौल (एनएसबी)** । बिहार दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है, जो बिहार के गठन के दिन को याद दिलाता है, 22 मार्च 1912 को बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग करके बिहार को एक अलग राज्य बनाया गया था। बिहार दिवस मनाने का मुख्य कारण बिहार के गठन के दिन को चिति करता है, जो 22 मार्च 1912 को हुआ था। इस बहाने बिहार की समृद्ध संस्कृति और इतिहास को सम्मानित करने का अवसर प्रदान होता है । यह बिहार के विकास के लिए प्रेरणा देने का अवसर है, ताकि राज्य आगे बढ़ सके और यहां के लोगों में खुशहाली आये। बिहार दिवस बिहार की एकता और अखंडता का प्रतीक है, जो राज्य के लोगों को एकजुट करता है। बिहार दिवस के दौरान, बिहार सरकार और अन्य संगठन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, जैसे कि सांसतिक कार्यक्रम, व्याख्यान, प्रदर्शनी शामिल है। बिहार दिवस के दिन, बिहार के लोग अपने राज्य की संसति और इतिहास को सम्मानित करने के लिए एकजुट होते हैं।

# दो दिवसीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का डीडीसी ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन, कहा-तकनीक को लैब से लैंड तक जाने की है जरुरत

**सुपौल (एनएसबी)** । संयुक्त कृषि भवन, गौरवगढ सुपौल परिसर में दो दिवसीय किसान मेला-सह-कृषि प्रर्दशनी कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त सुपौल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत सजावटी पौधे देकर किया गया। उद्घाटन सत्र में जिला कृषि पदाधिकारी -सह-परियोजना निदेशक आत्मा सुपौल ने आत्मा के माध्यम से कराये गये राज्य के बाहर, राज्य के अन्दर, जिला के अन्दर कृषक प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम, जिला स्तरीय किसान मेला, जिला के अन्दर नवाचार गतिविधि, किसान पाठशाला, कृषक वैज्ञानिक संगोष्ठी किसान गोष्ठी, किसान चौपाल इत्यादि कार्यक्रमो के बारे में विस्तृत रूप से बताया। मंत्री वित्त, ऊर्जा, योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार के प्रतिनिधि रामचन्द्र प्र यादव ने कृषकों को जैविक खेती के बारे में बताया।



कार्यक्रम में शामिल डीडीसी सारा अशरफ व अन्य।

उप विकास आयुक्त ने भारी बारिस के दिन में अत्यधिक कृषकों की उपस्थिति को देखकर काफी खुश नजर आई । उन्होने अत्यधिक उपस्थिति के लिए कृषकों को धन्यवाद देते हुए मार्गदर्शन के क्रम में बताया कि कृषि से संबंधित नवीनतम तकनीक को लैब से लैन्ड तक लाने की आवश्यकता है। कृषकों को आधुनिक तकनीक के बारे में जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। किसान मेला-सह-कृषि प्रर्दशनी में सभी प्रखंडों के प्रखंड तकनिकी प्रबंधक, सहायक तकनिकी प्रबंधक, कर्मियों नवाचार कृषको के द्वारा विभिन्न विषयों यथा मोटे अनाज (श्री अन्न) की खेती, सब्जी उत्पादन, मसाला की खेती, तरबूज की खेती, दलहन की खेती, मशरूम की खेती, आलू की खेती, जूट की खेती, राजमा की खेती, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन, ओल की खेती, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन का प्रर्दशनी हेतु स्टल निर्माण एंव समेकित कृषि प्रणाली का जीवंत प्रसारण किया गया है।

उप विकास आयुक्त , जनप्रतिनिधि एवं अन्य अतिथियों द्वारा सभी स्टालों का निरीक्षण बारीकी से करते हुए कृषकों एवं प्रसार कर्मियों से स्टल से सबंधित विषय के बारे में जानकारी प्राप्त किया।



उप विकास आयुक्त , जनप्रतिनिधि एवं अन्य अतिथियों ने सभी स्टालों का निरीक्षण बारीकी से करते हुए कृषकों एवं प्रसार कर्मियों से स्टाल से सबंधित विषय के बारे में जानकारी प्राप्त किया।

तकनिकी सत्र अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, राघोपुर से आये वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान एवं कृषि वैज्ञानिक ने कृषकों को नवीतम तकनीक को बतलाते हुए कृषि से संबंधित समस्या एवं समाधान के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कृषि एंव संबद्ध विभाग से आये पदाधिकारियों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दिया । तकनिकी सत्र में उपस्थित हुए कृषकों ने एकाग्रता से कृषि वैज्ञानिक एवं पदाधिकारियों के बातों को सुना।

कार्यक्रम में सभी 11 प्रखंडों से 25-25 किसानों के अलावे सुश्री सारा असरफ उप विकास आयुक्त सुपौल, माननीय मंत्री वित्त, ऊर्जा, योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार के प्रतिनिधि रामचन्द्र प्र यादव, पप्पू कुमार-जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा सुपौल, सुश्री अंजली कुमारी- प्रतिनिधि, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सुपौल, अरूण कुमार पासवान-उपनिदेशक कृषि अभियंत्रण सुपौल, डा नित्यानंद कुमार-वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान कृषि विज्ञान केन्द्र, राघोपुर, डा मिथलेश कुमार राय-वरीय वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, राघोपुर, शीतल कुमार- उप परियोजना निदेशक, आत्मा, सुपौल, अश्विनी कुमार-सहायक निदेशक, शष्य, कृषि प्रक्षेत्र, सुपौल, श्याम नंदन सिंह, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण, सुपौल, संतोष कुमार राय-सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण, गोविन्द कुमार-सहायक निदेशक (शष्य) बीज विशलेषण प्रयोगशाला, मनीष कुमार टुडु सहायक निदेशक (शष्य) विपणन पदाधिकारी, सुपौल, राम कृष्ण अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सुपौल, मुकेश कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, त्रिवेणीगंज, संजीव कुमार तती- अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, वीरपुर, जिला के सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनिकी प्रबंधक, सहायक तकनिकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं आत्मा सुपौल के सभी कर्मी मौजूद थे।

# राघोपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-फितर

**राघोपुर (सुपौल)** । रमजान के पाक महीने के समापन के बाद शनिवार को राघोपुर प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास, श्रद्धा और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां विशेष नमाज अदा कर देश-प्रदेश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी गई।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सिमराही बाजार, राघोपुर, गद्दी, हुलास, गनपतगंज, रामविशनपुर, परमानंदपुर, डुमरी और धर्मपट्टी समेत कई इलाकों में लोग सुबह से ही नए कपड़े पहनकर ईदगाहों की ओर जाते नजर आए। मस्जिदों और इदर्गाहों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में त्योहार का खुशनुमा माहौल बना रहा। ईद-उल-फितर रमजान के रोजों की समाप्ति का प्रतीक है और यह पर्व त्याग, संयम और भाईचारे का संदेश देता है। परंपरा के अनुसार लोग एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटते हैं, इसलिए इसे मीठी ईद भी कहा जाता है।



नमाज अदा करते रोजेदार।

सिमराही नगर पंचायत में भी ईद का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। फिरदौस जामा मस्जिद, धर्मपट्टी जामा मस्जिद और गोल चौक जामा मस्जिद सहित विभिन्न ईदगाहों में बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। गोल बाजार मरकज जामा मस्जिद ईदगाह में इमाम अब्दुल्ला कलीम ने नमाज की इमामत करते हुए कहा कि सच्ची नमाज इंसान को सच्चाई और नेक रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने झूठ और बुराइयों से दूर रहकर जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। निर्धारित समय के अनुसार गांधी नगर ईदगाह, फिरदौस जामा मस्जिद और गोल बाजार ईदगाह में नमाज अदा की गई। ईद के मौके पर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। बीडीओ सत्येंद्र कुमार यादव और थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके ।

# पिपरा में आपसी भाईचारे के साथ मना ईद



नमाज अदा करते रोजेदार।

**पिपरा (सुपौल)(एनएसबी)** । प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को भाईचारे प्यार और खुशी का पर्व ईद उल फितर बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार देर शाम से खराब हुआ मौसम शनिवार सुबह 10 बजे तक ठीक रहा फिर हल्की मध्यम बारिश ईद जैसे पवित्र पर्व किच-किच रहा हालांकि सुबह से ही लोग नए वस्त्रों में ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचे जहां बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक सभी ने नवाज अदा की और एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। नवाजियो ने सुबह नवाज से पहले गरीबों को दान दिये। इस पवित्र पर्व पर मुस्लिम समुदाय के लोगों में काफी खुशी का माहौल देखने को मिला। हालांकि दिन के करीब 10 बजे के बाद से दोबारा बारिश शुरू हो गई जिसके बाद लोग अपने घरों में रहने को विवश हो गये। मान्यता है कि इसी दिन से इस्लामी कैलेंडर के शव्वाल महीने की पहली तारीख शुरू होती है और इस दिन को मिठी ईद भी कहा जाता है इस दिन ये लोग अपने घरों में मीठा पकवान और सेवइयां बनाकर खाते हैं। थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से ईद उल फितर पर्व को मनाने को लेकर कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए गये थे जगह जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सभी ईदगाहों और मस्जिदों का जायजा पुलिस बल के द्वारा लिया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया थाना क्षेत्र में शान्ति व सोहार्द पूर्वक ईद मनाई गई।

# किशनपुर के पीरगंज में सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

**किशनपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को प्रेम और भाईचारा का पर्व ईद उल फितर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । शुक्रवार की रात चांद देखने के बाद से ही ईद को लेकर मुबारकबाद देने का दौर शुरू हो गया था शनिवार की सुबह एक साथ ईद की नमाज ईदगाह में अदा की गई । अमन चैन और सबों की खुशियां व देश की तरक्की की दुआ मांगी गई । किशनपुर उत्तर पंचायत के ईंह सहित मस्जिदों के अलावा मोमिन टोला, हंसा, झकराही, बालू टोला, कोसी कलोनी थरबिटिया पुनर्वास, कमल जड़ी पुनर्वास, रतनपुरा, धाता, दक्षिणी ठाड़ी धाता, बेगम गंज, आदि गांव के लोगों ने ईद की नमाज पिरगंज ईदगाह में अदा की । इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को ईद की शुभकामना दी। ईदैन के इमाम कारी रिजवान अहमद ने कहा कि एक महीना तक मुकद्दस महीने के रोजे रखने के बाद ईद के दिन अल्लाह नेकी बांटते हैं। कहा कि रोजेदारों को ईद के दिन मजदूरी के रूप में उसे नेकी का बंटवारा किया जाता है। कुआरान व हदीस के अनुसार ईद का दिन इनाम का दिन है। खुद इस मुबारक दिन पर अपने नेक बंदों को इनाम से नवाजते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रमजान माह में सभी खुशहाली के लिए इबादत किया है। वैसे ही ईद का त्यौहार भी मनाया गया । बता दें कि ईद पर्व पर मोहल्ले में मीठी सवैया की खुशबू के अलावा घरों में दहिवारा सेवे पापड़ी चाट सहित विभिन्न वयंजन का लोगों ने लुफ्त उठाया।



सुरक्षा में तैनात पुलिस बल के जवान।

# सुपौल में धूमधाम से मनाया गया ईद-उल-फितर

**सुपौल (एनएसबी)** । ईद एक महत्वपूर्ण इस्लामिक त्योहार है जिसे मुस्लिम समुदायों के लोगों द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। ईद-उल- फितर जिसे मीठी ईद भी कहा जाता है। यह रमजान महीने के अन्त में चांद देखकर मनाया जाता है। यह एक महत्वपूर्ण त्योहार है। एक माह तक अपने रोजे (पवित्र उपवास) के पूरा होने और चांद देखने के बाद ईद की खुशियाँ मनाया जाता है। ईद - उल - फितर के दौरान मुस्लिम समुदायों के लोग अपने घरों को साफ सुथरा करते है। नये नये कपड़े पहनकर ईदगाह में नमाज अदा करते हैं तत्पश्चात अपने परिवार और दोस्तों के साथ ईद की खुशी मनाते है। साथ ही एक दूसरे का गले मिलकर भाईचारे, सद्भावना और एकता को दर्शाते हैं। ईद उल फितर हजरत इब्राहिम की याद में मनाई जाती है जिन्होंने अपने बेटे को अल्लाह के नाम पर बलिदान करने के लिए तैयार थे। हजरत इब्राहिम के इस फैसले को अल्लाह ने स्वीकार किया और उनके बेटे को बचाया। ईद उल फितर का त्योहार इसी घटना के याद में मनाया जाता है। ईद के दिन मुस्लिम समुदाय के लोग विशेष व्यंजन सेव, बिरयानी, कबाब आदि बना कर अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर आनन्द पूर्वक खाते है।

## संक्षिप्त खबरें

### अधिकारियों ने गैस एजेंसी और होटलों का किया निरीक्षण



**खगड़िया।** जिलाधिकारी नवीन कुमार के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी खगड़िया धनंजय कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा गैस एजेंसियों के स्टक का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टक पंजी की भी गहन जांच की गई, ताकि आमजन को समयबद्ध तरीके से होम डिलीवरी गैस की सुविधा उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। साथ ही, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों जैसे होटलों एवं रेस्टोरेंट्स की भी जांच की गई, यह सुनिश्चित करने के लिए कि कहीं उनके द्वारा घरेलू गैस का अवैध उपयोग तो नहीं किया जा रहा है। संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए कि वे पारदर्शिता बनाए रखें और निर्धारित मानकों का पूर्णतः पालन करें। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों से भी अपील की गई कि वे किसी प्रकार की शिकायत होने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### मां का पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज को दिया दान



**खगड़िया।** मां की अंतिम ईच्छा पूरी करने पंजाब के पटियाला जिले के पात्रा जगह से ओमप्रकाश अपनी माता कांति देवी का पार्थिव शरीर लेकर एम्बुलेंस से खगड़िया पहुंचे। माता कांति देवी एक आध्यात्मिक रुचि वाली महिला थी,वे गुरमीत राम रहीम सच्चा सौदा डेरा के सत्संग से जुड़ी थी। सत्संग के प्रभाव से उन्होंने अपने पुत्र को अपनी ईच्छा बताते हुए कहा था कि मेरी ईच्छा है कि मरने के बाद मेरा शरीर किसी के काम आ जाये तो मुझे खुशी मिलेगी। उन्होंने सच्चा डेरा को भी अपनी भावना से अवगत कराया। सगे संबंधियों ने इसका भरपूर विरोध किया लेकिन बेटे ने माँ की अंतिम ईच्छा पूरी करने के लिए विरोध का सामना करते हुए माँ की अंतिम ईच्छा पूरी करने का फैसला लिया। जैसे ही पार्थिव शरीर श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कलेज पहुंचा तो डायरेक्टर ड ज्ञानभूषण, चेयरमैन ड विवेकानंद, प्रबंधक ड रीना कुमारी रूबी सहित सैकड़ों छात्र-छात्रायें पूजा सामाग्री लेकर पार्थिव शरीर का पूजन कर दान स्वीकार किया। ड विवेकानंद ने कहा माता जी के त्याग की भावना से भाव विह्वल हूँ,ईश्वर उनको परम पद प्रदान करें। उनके सम्पूर्ण परिवार सगे संबंधियों का बहुत आभार साथ ही गुरमीत राम रहीम सच्चा सौदा डेरा के प्रति अपनी तज्ञता ब्यक्त करता हूँ। सम्पूर्ण समाज एवं मेडिकल छात्रों को त्याग और सेवा का प्रेरणा मिलेगा।

# लापता किशोर का मिला शव

**एक दिन पहले घर के दरवाजे पर से हो गया था लापता**

**शुक्रवार की देर रात महेशलक्खा दियारा से मिली मासूम की लाश**

**बच्चे की मां ने पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कराया था आपसी रंजिश में अपहरण का मामला**

**बेलदौर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के सकरोहर पंचायत के वार्ड नंबर तेरह निवासी कमल किशोर मालाकार के अपहृत तेरह वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार का शव शुक्रवार के देर रात में महेशलक्खा बहियार में बरामद किया गया है। जानकारी पर थानाध्यक्ष अजीत कुमार एवं पुलिस बल शव की बरामदगी स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया है।

मालूम हो कि बीते गुरूवार को हिमांशु कुमार अपने स्कूल से घर लौटने के बाद दरवाजे पर से खेलने के क्रम में लापता हो गया था। इस संबंध में अपहृत की मां अनुजा देवी ने थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर अपने ही गांव के चार एवं पिपरा बासा गांव के एक व्यक्ति को नामजद अभियुक्त बनाते हुए पूर्व रंजिश के वजह से एक साजिश रचकर पुत्र के अपहरण कर लेने की शिकायत की थी।



गमगीन परिजन।

शिकायत के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी कि, इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली की अपहृत बालक की हत्या कर उसके शव को महेशलक्खा बहियार में छिपा दिया गया है। सूचना पर गोगरी एसडीपीओ साक्षी कुमारी के नेतृत्व में बेलदौर पुलिस उक्त बहियार में पहुंच कर अपहृत बालक का शव बरामद कर इसमें संलिप्त हत्यारों को चिन्हित कर उसी वार्ड के प्रशांत एवं अमित को गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों की माने तो लगभग दस दिन पहले गांव में ही चोरी की घटना हुई थी जिसमें मृतक और गिरफ्तार दो किशोर उसमें संलिप्ता बतायी जा रही है। चोरी के बाद मृतक की निशानदेही पर दोनों किशोर ग्रामीणों के गिरफ्त में आ गए थे जिनसे चोरी की सामग्री भी बरामद की गई थी। सूत्रों की माने तो इसी बात से नाराज दोनों किशोर ने एक खौफनाक साजिश रची और गुरुवार को उन्होंने मृतक को अंडा खिलाने के बहाने उसमें नशीली दवाई मिला दी और सरकरोहर गांव से उत्तर महेशलक्खा बहियार में पहले उसके टीशर्ट से उसका हाथ बंधा और गला दबाकर हत्या कर दी और उसके बाद छुरी से उसके शरीर और गर्दन पर कई वार किया। हत्यारों की निशानदेही पर कांड संख्या 90/26 दर्ज करते हुए हत्या में प्रयुक्त चाकू, हाथ का कड़ा एक चांदी की हनुमान की चकती और एक मोबाइल बरामद किया गया है। बालक के शव मिलने की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस शव बरामद कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी है।

## शौच करने गए युवक की कोसी नदी में डूबने से मौत

**चौथम (एनएसबी)।** बुच्चा पंचायत में कोसी नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई। युवक फनगो निवासी सोमानंद यादव का 20 वर्ष से पुत्र रूपचंद कुमार है। बताया गया कि युवक शनिवार की सुबह शौच के लिए नदी किनारे गया था। शौच के बाद वह पानी लेने के लिए जैसे ही नदी किनारे पहुंचा अचानक पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चला गया जसिसे उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के अथक प्रयास से डूबे युवक का शव बरामद किया गया। पंचायत में तैनात पुलिस पिकेट के एएसआई अमर कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिये खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना पर मुखिया आजम, दीपक कुमार, पूर्व मुखिया भोला चौधरी, सरपंच देवन सिंह आदि गहरी संवेदना व्यक्त की।



खेत में अपनी बर्बाद फसल के साथ खड़ा किसान।

## किसानों के सामने उत्पन्न हो गया है आर्थिक संकट

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले में 20 मार्च की संध्या आए भीषण आंधी-तूफान, तेज बारिश एवं ओलावृष्टि ने जिले के किसानों पर कहर बरपा दिया। इस प्राकृतिक आपदा के कारण जिले के लगभग सभी प्रखंडों में किसानों की खड़ी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। विशेष रूप से मक्का, गेहूँ एवं सरसों की फसल को भारी नुकसान पहुँचा है, जिससे हजारों किसानों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। नव जागृति संस्था के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा सर रतन टाटा ट्रस्ट के सहयोग से संचालित कोशी सहजीवन कार्यक्रम के अंतर्गत चौथम एवं मानसी प्रखंड के कुल 2400 किसानों के साथ लगभग 2400 एकड़ भूमि में वैज्ञानिक तरीके से खेती कराई गई थी। इसके तहत किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक (खाद), कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक दवाइयां उपलब्ध कराई गई थीं, ताकि उनकी उपज बढ़े और उन्हें बेहतर आमदनी प्राप्त हो सके। लक्ष्य रखा गया था कि इस वर्ष किसानों को अधिक से अधिक मुनाफा हो और उनकी आर्थिक स्थिति सदृढ़ हो। किसान भी काफी उत्साहित थे और फसल की स्थिति भी काफी अच्छी थी। विशेष रूप से मक्का की फसल में दाना बनने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी, जिससे किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद थी। लेकिन प्रकृति के इस अचानक बदले रुख ने सभी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। तेज आंधी-तूफान, मूसलाधार बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण खेतों में लगी फसल पूरी तरह गिरकर नष्ट हो गई। इस आपदा ने न केवल किसानों की मेहनत को बर्बाद किया, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति को भी गहरा आघात पहुंचाया है।

# बेमौसम बारिश और आंधी से रबी फसल तबाह

**मक्का, तिलहन और दलहनी फसलें पूरी तरह जमीन पर बिछ गयीं हैं जिससे लागत निकलना भी मुश्किल हो गया है**

**पसराहा (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में प्रति ने ऐसा तांडव मचाया है कि अन्नदाताओं की आंखों में सिर्फ आंसू शेष हैं। क्षेत्र के चौर बहियार, पिपरपांति, बसुआ, पेकान्त और महेसिया जैसे इलाकों में बेमौसम आंधी और भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। खेतों में लहलहाती मक्का, तिलहन और दलहनी फसलें पूरी तरह जमीन पर बिछ गई हैं। विशेष रूप से गेहूं की फसल, जो कटाई के लिए लगभग तैयार थी, इस आपदा की भेंट चढ़ गई। वहीं, मक्के के पौधों में अभी बालियां आ ही रही थीं, लेकिन कुदरत के कहर ने उत्पादन की सारी उम्मीदें जमींदोज कर दी हैं। किसानों का कहना है कि अब फसल की लागत निकाल पाना भी नामुमकिन है। यह किसानों के लिए दोहरी मार है। पिछले खरीफ सीजन में तैयार धान की फसल आंधी से गिरने, और रुक रुक कर बारिश होने से जलजमाव के कारण सड़ गई थी और अब रबी की बर्बादी ने उन्हें गहरे आर्थिक संकट और कर्ज के बोझ तले दबा दिया है। बेबस किसान अब सरकार और जिला प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं कि अविलंब फसल क्षति का उचित सर्वे कराया जाए और पर्याप्त मुआवजा दिया जाए, ताकि वे इस गंभीर संकट से उबर सकें।

**बेलदौर प्रतिनिधि के अनुसार,** प्रखंड क्षेत्र में आंधी के साथ बारिश शुरू हो जाने से बेलदौर बाजार समेत सुदुरवर्ती देहात की ग्रामीण सड़कें पानी पानी हो गया। बैमोसम मुसलाधार बारिश से खेतों में लगे मक्का के फसले जमीन पर गिर गया है,जबकि तिलहन एवं दलहन फसलों को होने वाले संभावित नुकसान से संबंधित किसान चिंतित हैं। वहीं अचानक आंधी के साथ शुरू हुई बारिश के साथ ही इलाके की बिजली गुल हो गई, इन्वर्टर के उपयोग करने वाले उपभोक्ता तो कुछ घंटे के लिए राहत में है जबकि अन्य उपभोक्ता विद्युत संकट से परेशान नजर आ रहे हैं। हालांकि बारिश होने से मौसम का तापमान काफी गिरा है एवं लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत दी है।

**चौथम प्रतिनिधि के अनुसार,** बीती रात आई तेज आंधी और बारिश ने एक बार फिर आम लोगों को ठंडा मौसम की याद दिला दी लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर दिया, वहीं आंधी बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खासकर चौथम प्रखंड अंतर्गत धुतौली पंचायत में भारी नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। किसानों ने बताया कि मकई, गेहूं और सरसों की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। कई खेतों में फसल जमीन पर गिर गई है, जिससे फसलों में दाना उत्पादन की उम्मीद खत्म हो गई है। बताते चले कि किसान अपनी साल भर की कमाई का औषधि खेतों में लगाई गई जमा पूंजी मेहनत सब बर्बाद होते देख मायूस हैं। किसान खून के आंसू रोने पर मजबूर हो चुके हैं। मौके पर मौजूद किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। किसानों का कहना है कि अगर सरकार द्वारा उचित मुआवजा नहीं दिया गया, तो हमलोग खाने को लाले पर जायेगें। किसान ष्णा प्रसाद चौरसिया, संजीव कुमार, घनश्याम प्रसाद, शैलेंद्र प्रसाद, अरुण प्रसाद, वार्ड सदस्य दिलीप प्रसाद, दयाकर प्रसाद सिंह, योगेंद्र शर्मा ने कहा कि आंधी और ारिश का असर प्रखंड क्षेत्र के तमाम हिस्सों में देखा जा रहा है। कहीं आंशिक तो कहीं व्यापक रूप से फसलों की क्षति हुई है।

## क्षति का मुआवजा दे राज्य सरकार : भाकपा

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले में आंधी के साथ बारिश होने से खेतों में लगे रबी की फसल की व्यापक क्षति हुई है। भाकपा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर प्रसाद सिंह,जिला सचिव पुनीत मुखिया, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य प्रभाशंकर सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि बीती रात खगड़िया जिला में तेज आंधी एवं भारी बारिश और ओला ष्टि से तैयार रवि फसलों के भारी नुकसान की खबरें पूरे जिले से आ रही है, जिससे किसानों के खेत में तैयार फसलों को भारी बर्बादी हुई है। खघस कर गेहूं, सरसों,दलहन की तैयार फसल तेज हवा आघी वारिस एवं ओला वृष्टि से खेतों में गिर गया है। खगड़िया जिला में मक्के की खेती सबसे ज्यादा होती है वह भी आघी एवं वारिस के चलते खेतों में गिर गया है। ओलावृष्टि से पौधे क्षत विक्षत हो गया है। किसानों के बगीचे में आम लीची के पेड़ में बड़े पैमाने पर मंजर आया जो ओलावृष्टि एवं तेज आंधी के चलते झर कर बर्बाद हो चुका है। खेत में आंधी के चलते केला के फसल का भी भारी बर्बादी हुआ है। आंधी एवं वर्षा के चलते गरीबों का झोपड़ी एवं कच्चे घरों का भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है और गरीब बेघर हो गए हैं। आंधी वर्षा के चलते किसानों एवं गरीबों के सामने भारी कठिनाई उत्पन्न हो गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन से किसानों के फसल क्षति का 50000 रूपये प्रति एकड़ मुआवजा एवं गरीबों का झोपड़ी एवं क्षति घरों का मुआवजा देने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान देने का मांग किया है। वही किसानों के सभी कृषि लोन माफ करने की मांग जिला प्रशासन एवं बिहार सरकार से की है।

### सीपीआईएम नेता संजय ने की मांग - नुकसान का आकलन कर सरकार शीघ्र किसानों को मुआवजे का करे भुगतान

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला में तेज आंधी,भारी वारिस और ओला वृष्टि से रबी फसलों के भारी नुकसान की खबरें मिल रही है। सीपीआईएम राज्य सचिवमंडल सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी महागठबंधन खगड़िया लोकसभा ने इस बावत बयान जारी कर कहा कि कल बीती शाम खगड़िया जिला में अचानक तेज आंधी के साथ भारी बारिश और ओला वृष्टि शुरू हो गई। आंधी, वारिस और ओला वृष्टि का यह आलम देर रात तक चलता रहा,जिससे किसानों के खेतों में तैयार रबी की फसल जिसकी कटाई शुरू ही हुआ था उसकी भारी बर्बादी हुई है। खास कर गेहूं,सरसों,दलहन की तैयार फसल तेज आंधी,वारिस और ओला वृष्टि से खेतों में गीर गया,बड़े पैमाने पर उसके बर्बाद होने की सूचनाएं मिल रही है। संजय कुमार ने कहा कि सरकार और प्रशासन को तुरंत इस तेज आंधी,वारिस और ओला वृष्टि से हुए नुकसान का आकलन कर मुआवजे के लिए ठोस कदम उठाना चाहिएं।फसलों के व्यापक बर्बादी को ध्यान में रखते हुए सरकार को किसानों के सभी तरह के कर्ज माफी और आने वाले फसलों की की बुआई के लिए सस्ते दर पर ऋण की व्यवस्था करना होगा।

## छह दिवसीय तकनीकी व सांस्कृतिक महोत्सव एक्सपो-2026 का समापन



**खगड़िया (एनएसबी)।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय खगड़िया में 16 से 21 मार्च तक छह दिवसीय तकनीकी एवं सांस्कृतिक महोत्सव -2026 का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य विषय सीख नवाचार समाज रहा, जिसका उद्देश्य छात्रों को सीखने के साथ-साथ नवाचार करने और समाज के लिए उपयोगी तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के पहले दिन का विषय एआई एडवांसमेंट रहा, जिसकी शुरुआत उद्घाटन समारोह के साथ हुई। इस दिन साइंस प्रदर्शनी और पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने अभिनव प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। रियल-टाइम एंड मनिटरिंग सिस्टम, स्मार्ट पार्किंग सिस्टम और स्मार्ट होम अटोमेशन जैसे प्रोजेक्ट विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जिन्होंने यह दर्शाया कि छात्र अपने विचारों को वास्तविक रूप देने में सक्षम हैं। दूसरे दिन का विषय लर्निंग बाय डूइंग रखा गया, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्रो. विवेकानंद दत्ता (यूनिवर्सिटी अफ वारसा, पोलैंड), डॉ. विष्णु कुमार (बेनेट यूनिवर्सिटी), प्रो. अभय कुमार (एससीई सुपौल) और रोहित कुमार (एसडीई, अमेजन) ने अपने अनुभव साझा किए। छात्रों ने इस दौरान नेटवर्कएक्स और फ्लोवाइज जैसे आधुनिक फ्रेमवर्क्स का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया, जिससे उनकी तकनीकी समझ और मजबूत हुई। तीसरे और चौथे दिन विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें हैकाथन, आइडियाथन (एआई फॉर सोशल इम्पैक्ट), क्विज और डिबेट शामिल रहे। पाँचवां दिन पूर्ण रूप से करियर मार्गदर्शन के लिए समर्पित रहा। इस दिन सुश्री आति वर्मा (संस्थापक, एकेयू वल पुट्टी) ने महिला उद्यमिता पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए, जबकि प्रो. विशाल कुमार ने न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद (एमवीपी) के विकास पर जानकारी दी। डॉ. रमेश धरावत (आईआईटी-आईएसएम धनबाद) ने भारत में पीएचडी के अवसरों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। साथ ही सुश्री स्वेता कुमार गुप्ता (अमेजन) ने छात्रों को लिंक्डइन प्रोफाइल और रिज्यूमे को बेहतर बनाने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ।

## बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता, रबी फसलों को भारी नुकसान



**आरा/कोईलवर (एनएसबी)।** शनिवार को कोईलवर और आसपास के क्षेत्रों सकड्डी-चाँदी में मौसम ने अचानक करवट ले ली। शाम करीब चार बजे तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ और किसानों की चिंता बढ़ गई। अचानक बदले मौसम के कारण बाजारों में भी अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला और लोग बारिश से बचने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक कुमार ने बताया कि इस बेमौसम बारिश का सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। खासकर रबी फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है। गेहूं की खड़ी फसल गिर सकती है, जिससे उत्पादन में कमी आएगी। वहीं, पकी हुई सरसों की फसल पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। बारिश के कारण सरसों के दाने काले पड़ने की संभावना है, जिससे तेल की गुणवत्ता प्रभावित होगी और किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा। इसके अलावा सब्जियों की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। खेतों में लगी हरी सब्जियां बारिश और तेज हवा के कारण बर्बाद हो रही हैं।

# प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है ईद : बबलू मंडल

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले में ईद-उल-फितर का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। षनिवार सुबह विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी और सामाजिक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने जदयू के पदाधिकारियों के साथ जिले के कई इलाकों का दौरा कर मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की और ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने थाना रोड स्थित बड़ा जामा मस्जिद, मुर्गियाचक, एनएसी रोड, वीर शहीद अब्दुल हमीद चौक (हाजीपुर), नाला रोड, माड़र, गौड़ा शक्ति और मेहसौरी समेत कई गांवों और मोहल्लों में जाकर लोगों से गले मिलकर बधाई दी। विधायक बबलू कुमार मंडल ने ईद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमजान केवल एक महीना नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का अवसर है। उन्होंने कहा कि रोजा इंसान को संयम, धैर्य और आत्मनियंत्रण सिखाता है, जबकि कुरान की तिलावत से जीवन को सही दिशा मिलती है। उन्होंने ईद-उल-फितर को प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक बताते हुए सभी को बधाई दी। जामा मस्जिद के इमाम मो. साजिद रहमानी, मोजाहिद उल इस्लाम, जदयू के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजकुमार फोगला तथा जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मो़ शहाब उद्दीन ने संयुक्त रूप से कहा कि ईद का पर्व जकात और सदका के माध्यम से समाज में समानता और मानवता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना लोगों को गरीबों और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशील बनाता है, और ईद उसी तपस्या का इनाम है। जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने भी मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि ईद, रमजान की इबादतों का उत्सव है, जो प्रेम, तज्ञता और सामाजिक समानता का संदेश देता है। इस मौके पर मो़ सफर, मो़ हैदर अली, मो़ सैफ उद्दीन, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मो़ रूस्तम अली, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अविनाश पासवान, जदयू नगर परिषद अध्यक्ष प्रभात शर्मा, पारस गुप्ता, अब्दुल गनी, रियाज अली, फिरदोस आलम, शिवली रहमानी, मो़ इम्तियाज, मो़ नसीम, अमजद नजीर, ग्यास उद्दीन तथा जदयू के संतोष कुमार साह सहित कई लोग उपस्थित रहे।



जनता दरबार में मौजूद सदर विधायक बबलू कुमार मंडल और अन्य।

### आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देता है ईद : मनोहर



**खगड़िया (एनएसबी)।** ईद-उल-फितर के अवसर पर पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव,पूर्व वार्ड पार्षद सह राजद जिला मीडिया प्रभारी रणवीर कुमार,राजद नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार,जिला उपाध्यक्ष प्रमोद यादव ने खगड़िया शहर के विभिन्न मुहल्ले में जाकर मुस्लिम समाज के भाइयों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दिया और सेवई खाया। सर्वप्रथम एम जी मार्ग में मोनसीम उर्फ लंबू ,मोआरिफ एवं अन्य मुस्लिम समुदाय के भाइयों के द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह में पहुचकर उपस्थित सभी मुसलमान भाइयों को गले मिलकर ईद की बधाई दिया।

### शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया ईद-उल-फितर

**बेलदौर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उत्साह और भाईचारे के साथ ईद-उल-फितर मनाया। वही रमजान के पवित्र महीने के समापन पर मुस्लिम भाइयों ने शनिवार की सुबह ईाहों और मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा की। वही नमाज के अदा करने के बाद एक-दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी और प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों में अमन-चौन व सुख-समृद्धि के लिए दुआएं मांगीं। बताते चलें कि ईद उल फितर को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने हर ईाह एवं मस्जिदों में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के इतमादी, चौढली, दिघौन, सुखाय वासा, दंदरोजा, बलैठा, कुर्राहा वासा, कुम्हरेली, कंजरी एवं बेलदौर के मस्जिद एवं ईदगाहों में नमाज अदा की गई।

## खबरें : एक नजर में

### बेटी की बरामदगी को लेकर माता-पिता ने पुलिस से लगाई गुहार, गंभीर दिखे एसडीपीओ

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर थाना क्षेत्र के सदर बाजार इलाके से तीन दिन पूर्व लड़की के अगवा किए जाने मामले को लेकर माता-पिता बेटी की बरामदगी को लेकर थाने का चक्कर लगाकर परेशान दिख रहे हैं। बेटी की बरामद की को लेकर थाना में एसडीपीओ अभिषेक आनंद से शिकायत करते हुए कहा कि मेरी बेटी को मोहनपुर



एसडीपीओ को जानकारी देते अगवा हुई लड़की के माता-पिता।

के एक युवक बहला फुसलाकर गायब कर दिया है कुछ कीजिए हजूर हम लोग परेशान हैं। पूरे मामले को सुनकर एसडीपीओ ने थानाध्यक्ष को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का दिशा निर्देश दिए। इधर एसडीपीओ से मिले निर्देश के बाद थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने लड़की की बरामद की को लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दिए। इधर सीडीपीओ के इस पहल के बाद लापता एवं अगवा हुई लड़की के माता-पिता को थोड़ी राहत जरूर मिली है। इधर देर से ही सही लड़की अगवा मामले में जमालपुर पुलिस की कार्रवाई शुरू होने से मोहनपुर इलाके के एक परिवार के बीच हरकंप मची है।

### स्वाभिमान की अनोखी दुकान : मोपेड पर पांच ब्रीफकेस लेकर यूपी के युवा बिहार की गलियों में तलाश रहे रोजगार

**लखीसराय (एनएसबी)।** उत्तर भारत के ग्रामीण अंचलों में आज भी यह धारणा प्रबल है कि नौकरी करो तो सरकारी, वरना बेचो तरकारी। इसी सामाजिक मानसिकता और श्रम के प्रति संकोच के बीच उत्तर प्रदेश के कुछ युवाओं ने बिहार की धरती को अपनी कर्मभूमि बनाकर स्वावलंबन की एक नई मिसाल पेश की है। आधुनिकता के इस दौर में जहाँ लोग छोटे कामों को करने में लज्जा का अनुभव करते हैं, वहीं ये युवा अपनी मोपेड बाइक पर ताला-चाबी की चलती-फिरती दुकान सजाकर घर-घर सेवाएं दे रहे हैं। सड़कों पर अक्सर दिखने वाला यह नजारा कौतूहल का विषय बना हुआ है, जहाँ एक टीवीएस 100 मोपेड पर दो युवक सवार हैं और उनके पास पांच लेदर के ब्रीफकेस हैं। इन ब्रीफकेस में न केवल विभिन्न प्रकार के आधुनिक ताले हैं, बल्कि चाबियाँ बनाने के औजार और हुनर भी बंद है। यूपी से बिहार आकर काम कर रहे इन युवाओं का मानना है कि काम छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि उसे करने की नीयत बड़ी होनी चाहिए। विडंबना यह है कि बिहार में रोजगार के अवसर और बाजार की कमी नहीं है, लेकिन स्थानीय युवाओं में अभी भी छोटे व्यवसायों या हस्तशिल्प के कार्यों को लेकर एक प्रकार की हिचक देखी जाती है। यहाँ का युवा वर्ग या तो सरकारी नौकरी की लंबी प्रतीक्षा में समय व्यतीत करता है या फिर बड़े शहरों की ओर पलायन कर जाता है। ऐसे में दूसरे राज्य से आए इन युवाओं का यह प्रयास यह संदेश देता है कि यदि हुनर पास हो और शर्म को किनारे रख दिया जाए, तो अपनी ही गलियों में सम्मानजनक आजीविका कमाई जा सकती है। चलता-फिरता बाजार बनकर घूम रहे ये युवा न केवल अपनी जीविका चला रहे हैं, बल्कि उस रूढ़िवादी सोच को भी चुनौती दे रहे हैं जो मेहनत और मजदूरी को प्रतिष्ठा से जोड़कर देखती है।

### कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकताः जिला पदाधिकारी

**लखीसराय (एनएसबी)।** महिला एवं बाल विकास निगम के तत्वावधान में जिला मुख्यालय स्थित मंत्रणा कक्ष में 'कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने स्पष्ट किया कि महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण तैयार करना सरकार और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, राज्य परियोजना प्रबंधक अंकिता कश्यप, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी बंदना पाण्डेय और जिला परियोजना प्रबंधक ड़ मनोज कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डीपीओ बंदना पाण्डेय ने अतिथियों को अंगवस्त्र और नवपौधा भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि जिले के सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य रूप से किया जाए और जहां अब तक यह लंबित है, वहां तत्काल इस प्रक्रिया को पूर्ण करें। प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित राज्य परियोजना प्रबंधक अंकिता कश्यप ने अधिनियम की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कानून महिलाओं को शारीरिक, मौखिक और गैर-मौखिक उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने जानकारी दी कि जिस भी संस्थान में 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां समिति का होना अनिवार्य है। कार्यशाला में बताया गया कि अनुचित स्पर्श, भद्दी टिप्पणियां या अश्लील चित्र दिखाना अपराध की श्रेणी में आते हैं। पीड़ित महिला घटना के तीन माह के भीतर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। कार्यशाला में आंतरिक समिति के सदस्यों को निष्पक्ष जांच, साक्ष्य संकलन और गोपनीयता बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए गए। साथ ही नियोक्ताओं को प्रेरित किया गया कि वे अपने संस्थानों में नियमित अंतराल पर जागरूकता सत्र आयोजित करें। इस अवसर पर डा रूपा, मुखिया जुली, जिला मिशन समन्वयक प्रशांत कुमार सहित सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, निजी विद्यालयों के शिक्षक और विभिन्न विभागों के कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल को सुरक्षित बनाकर महिलाओं की कार्यक्षमता और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना रहा।

## प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति : विजय

**लखीसराय (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत नया बाजार मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को स्थानीय विधानसभा प्रधान कार्यालय में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, जिला प्रभारी संजय कुमार एवं पूर्व जिलाध्यक्ष देवानंद साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सशक्त विचारधारा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं। भाजपा एक कैडर आधारित पार्टी है, जहाँ कार्यकर्ताओं



संबोधित करते बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा।

का प्रशिक्षण संगठन की मजबूती का मुख्य आधार है।

उपमुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ कार्य करने तथा संगठन की विचारधारा एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित



उपस्थित भाजपाई।

दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान संगठन को बूथ स्तर तक सुदृढ़ करने की एक संगठित और दीर्घकालिक पहल है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण का सक्रिय सहभागी है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक दक्षता प्राप्त होती है, जिससे वे सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच ले जा सकते हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कुल सात महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। इसमें सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग, भाजपा का इतिहास, वैचारिक अधिष्ठान, संगठन की कार्यपद्धति, कार्य विस्तार की रणनीति, बूथ प्रबंधन तथा सरकार की उपलब्धियों जैसे विषयों पर जिला मीडिया प्रभारी अजय कुशवाहा, प्रो मनोरंजन कुमार, मणिकांत सिंह, जिला प्रभारी संजय सिंह, प्रो वाल्मीकि शाह, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो देवानंद साहु एवं जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार ने विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार ने की एवं मंच संचालन जिला मंत्री हिमांशु पटेल ने किया।

इस मौके पर भाजपा महामंत्री सनोज साहू, अभिषेक सिंह, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास आनंद, मंडल महामंत्री रूपेश कुमार 'बंटी' एवं अमित कुमार, धर्मेन्द्र कुशवाहा, मंटू नटराज, गौतम मंडल, नवीन सिंह, हिमांशु कुमार, गोपी कुमार, शोभा रानी, रंजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ईद मिलन में झलकी गंगा-जमुनी तहजीब जिलाधिकारी ने दिया भाईचारे का संदेश

**लखीसराय (एनएसबी)।** रमजान-उल-मुबारक के पाक महीने के 30 रोजे पूरे होने के बाद शनिवार को जिलेभर में ईद-उल-फितर का त्योहार अकीदत और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस विशेष अवसर पर किउल थाना क्षेत्र के गोड्डीह गांव में सामाजिक संस्था खिदमत फाउंडेशन, बिहार की ओर से भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम ने आपसी सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब की एक बेमिसाल तस्वीर पेश की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र शामिल हुए।

उनके साथ जदयू जिला अध्यक्ष रामानुज शर्मा, जिला वक्फ बोर्ड व उर्दू एक्शन कमेटी के अध्यक्ष सरफराज आलम समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरफराज आलम ने की। खिदमत फाउंडेशन के सचिव व समाजसेवी फैयाज रहमानी के सौजन्य से आयोजित इस भव्य मिलन समारोह में समाजसेवी व अधिवक्ता योगेंद्र कुमार योगी, राजद नेता प्रेम सागर चौधरी, पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, निपेंद्र कुमार और डा. मोहम्मद आरिफ सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



डीएम को गुलदस्ता भेंट करते।

समारोह के दौरान गोड्डीह गांव के युवाओं ने मधुर ईदी तराने प्रस्तुत कर समां बांध दिया, जिससे जिलाधिकारी और उपस्थित अतिथि भावविभोर हो गए। इस आयोजन की एक खास बात जिलाधिकारी के पिता की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसने कार्यक्रम की रौनक और बढ़ा दी। समारोह में हिंदू समुदाय के लोगों की बढ़-चढ़कर भागीदारी ने समाज में एकता का कड़ा संदेश दिया।

इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने ईद की शुभकामनाएं दीं और कहा कि ईद का पर्व शांति, प्रेम और अटूट मोहब्बत का संदेश देता है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे को बनाए रखते हुए लखीसराय के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने सभी के बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि एक स्वस्थ समाज ही खुशहाल और समृद्ध समाज की असली नींव होता है।

### लखीसराय में तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह का भव्य आयोजन, सांस्कृतिक और कलात्मक कार्यक्रमों की मचेगी धूम

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार राज्य के स्थापना दिवस के गौरवमयी अवसर पर इस वर्ष लखीसराय जिले में बिहार दिवस-2026 का आयोजन बेहद भव्य तरीके से किया जा रहा है। उन्नत बिहार-उज्ज्वल बिहार की परिकल्पना के साथ आयोजित होने वाला यह तीन दिवसीय समारोह 22 मार्च से 24 मार्च 2026 तक नगर भवन, लखीसराय में आयोजित होगा। जिला प्रशासन, लखीसराय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिलेवासियों को कला, संस्कृति और साहित्य के विभिन्न रंगों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा के अनुसार, उत्सव के पहले दिन यानी 22 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक समूह लोक गायन, रंगोली, पेंटिंग और मूर्तिकला जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। वहीं संध्या बेला में शाम 6:30 बजे से रात 8:30 बजे तक सुरांगन पटना की टीम द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

समारोह के दूसरे दिन 23 मार्च को सुबह के सत्र में समूह लोक नृत्य, कविता लेखन, वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

इसी दिन शाम के सत्र में सुप्रसिद्ध साहित्यकार नीलोत्पल मृणाल ग्रुप एवं कला जत्था द्वारा विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा।

समारोह के अंतिम दिन 24 मार्च को सुबह 10 बजे से फरोग-ए-उर्दू सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, जबकि शाम को कवि सम्मेलन और मुशायरा के साथ इस तीन दिवसीय उत्सव का समापन होगा।

जिला प्रशासन ने इस गौरवशाली आयोजन में सभी जिलेवासियों को सादर आमंत्रित किया है ताकि सामूहिक भागीदारी के साथ बिहार की अस्मिता और विकास का यह उत्सव मनाया जा सके।

### विश्व गौरैया दिवस पर पर्यावरण भारती ने किया पौधारोपण, गौरैया संरक्षण का लिया संकल्प

**लखीसराय (एनएसबी)।** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पर्यावरण भारती द्वारा भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व पर्यावरण प्रहरी विवेक कुमार ने किया, जिसमें नवीन कुमार का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमियों ने नन्हीं गौरैया को बचाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यावरण भारती के संस्थापक राम बिलास शाण्डिल्य ने कहा कि संसार में जैव विविधता बनाए रखने के लिए छोटे पक्षियों का अस्तित्व अनिवार्य है। गौरैया हमारे इको सिस्टम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो कीड़े-मकोड़ों को खाकर उनकी संख्या को नियंत्रित रखती है।

उन्होंने बताया कि विश्व गौरैया दिवस की शुरुआत पहली बार 20 मार्च 2010 को पक्षी संरक्षण संगठन नेचर फार एवर द्वारा की गई थी। आज यह दिवस दुनिया के 50 से अधिक देशों में मनाया जाता है। इसकी महत्ता को देखते हुए ही वर्ष 2012 में दिल्ली सरकार ने गौरैया को अपना राज्य पक्षी घोषित किया था।

श्री शाण्डिल्य ने गौरैया की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 1980 के दशक की तुलना में आज गौरैया की आबादी में 80 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण खेतों में अत्यधिक कीटनाशकों का प्रयोग है। जब गौरैया इन जहरीले कीट-पतंगों को खाती है, तो उसकी मृत्यु हो जाती है।

उन्होंने विशेष रूप से शमी का पौधा लगाने पर जोर दिया ताकि गौरैया को सुरक्षित आवास मिल सके। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने घरों के आसपास गौरैया के लिए दाना-पानी रखें और खेतों में कीटनाशकों के प्रयोग से बचें। इस अवसर पर विवेक कुमार, नवीन कुमार, राजेश साह, संगीता कुमारी, जीयांशू कुमार, अंकित कुमार, संतोष कुमार, राम बिलास शाण्डिल्य, सदन प्रसाद, सागर महतों और प्रेम प्रकाश सहित कई पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

## जमालपुर स्टेशन पर शुद्ध पानी को लेकर यात्रियों में हाहाकार, 2 रूपये अधिक दाम वसूल रहे हैं वेंडर्स

**यात्रियों की शिकायत पर कार्रवाई का स्टेशन प्रबंधक ने दिया निर्देश**

**स्टेशन पर पानी की कीमत में खेल, यात्रियों से वसूले जा रहे अवैध रूप से अतिरिक्त राशि**

**जमालपुर (एनएसबी)।** मार्च महीने में ही मॉडल स्टेशन जमालपुर पर पानी के लिए हाहाकार मचा है। यात्रियों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है। स्टेशन प्रशासन ने शुद्ध पेयजल के लिए वेंडर्स द्वारा राशि पर मुहैया कराया जा रहा है। लेकिन अतिरिक्त राशि वसूलने की शिकायत यात्रियों ने शुरू कर दी है। प्लेटफार्म संख्या - 1 और 4 मुंगेरिया प्लेटफार्म के बीच में एक पानी का वेंडर यात्रियों को दो रुपये अधिक वसूल करते पाया गया है। इससे यात्रियों खासा नाराजगी थी।




पानी के नाम पर यात्रियों से अधिक रुपए लेते वेंडर।

यात्री अरुण पासवान, अशोक कुमार, रमेश ठाकुर, रवि शंकर सिंह, बल्लभ कुमार, गुड़िया देवी, बादल यादव, विक्की कुमार ने बताया कि पानी की बोतल पर अंकित मूल्य 8 प्रति लीटर है, लेकिन विक्रेता यात्रियों से 10 रुपये वसूल रहे हैं।

जब यात्री इस पर आपत्ति जताते हैं, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि खुदरा नहीं है, अगर आपके पास अनलाइन स्कैन की सुविधा है तो 8 रुपये भेज दीजिए, नहीं तो 10 रुपये ही देना होगा।

इस जवाब से यात्रियों में असंतोष और आक्रोश साफ देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था पूरी तरह गलत और अवैध है। स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि स्टेशन पर शुद्ध पानी के लिए वेंडर्स शप की व्यवस्था की गई है। लेकिन अधिक राशि लेने की जानकारी नहीं है। अगर ऐसी बात है तो वेंडर्स की दुकान का जांच करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें : एक नजर में

### लखीसराय में मद्यनिषेध विभाग की बड़ी कार्रवाई 9 गिरफ्तार, भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद



अवैध शराब मामले में गिरफ्तार।

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए मद्य निषेध विभाग द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने शराब बेचने और पीने के आरोप में कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि अलग-अलग स्थानों से लावारिस हालत में भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब भी बरामद की गई है। छापेमारी की शुरुआत किउल थाना अंतर्गत वंशीपुर गांव से हुई, जहाँ वार्ड नंबर 5 निवासी मदन मांझी को 4 लीटर अवैध चुलाई शराब के साथ शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इसी गांव से शराब पीने के आरोप में बालेश्वर यादव, रंजीत मांझी, बैजू मिस्त्री और अनिल कुमार को हिरासत में लिया गया। इसके उपरांत विभाग ने हाकिमगंज में दबिश देकर वार्ड नंबर 2 निवासी अशोक चौधरी को शराब पीने के जुर्म में पकड़ा।कार्रवाई का सिलसिला बड़हिया थाना क्षेत्र तक भी पहुँचा, जहाँ कोठारी चौक के पास से छोटी दुर्गा स्थान निवासी गौरी शंकर को 7.200 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वहीं, उत्पाद थाना के समीप से पुरानी छावनी इंग्लिश निवासी संचुरी कुमार और लोहिया चौक से राजेश कुमार को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारियों के अलावा, विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर लावारिस खेप भी बरामद की है। लखीसराय स्टेशन के समीप से अज्ञात अवस्था में 54 लीटर और किउल रेलवे पुल के पास से 29.500 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त की गई है। इन मामलों में अज्ञात तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार और सेवन के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### ईद का पैगाम मोहब्बत फैलाना है : पप्पू

**सपाध्यक्ष ने घूम घूम कर दी मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई**

**जमालपुर / मुंगेर (एनएसबी)।** ईद उल फितर के मौके पर शनिवार को सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने शहर में घूम-घूम कर मुस्लिम भाइयों को ईद की शुभकामनाएं दी इस मुकद्दस मौके पर सपा अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि ईद का असली पैगाम मोहब्बत फैलाना है हम सपाई अल्लाह पाक से कामना करते हैं कि वह हम सभी को खुशियां सेहत और कामयाबी फरमाए और हम अपने देश की एकता अखंडता संप्रभुता एवं धर्मनिरपेक्षता को अक्क्षुण रख अपने गंगा जमुनी तहजीब का पैगाम विश्व विश्व में फैलाते रहे। वहीं दूसरी ओर ईद को लेकर ईदगाह में इमाम हाफिज मुजाहिद नवाज अदाकर अमन चैन भाईचारे का पैगाम देते हुए ईद मुबारक



गले मिलकर ईद की बधाई देते पप्पू यादव।



ईदगाह परिसर में अलर्ट पुलिस प्रशासन नेता।

बोल कर सबों को बधाई दिए। इसके अलावा हर साल की तरह इस साल भी मुख्य पार्षद पार्वती देवी कई पार्षदों के साथ ईाह पहुंचकर ईद की बधाई मुसलमान भाइयों को देते हुए सर्व धर्म समभाव की कड़ी को मजबूत किया। ईद की बधाई देने के लिए ईाह परिसर के अलावे शहर के तमाम मस्जिद एवं बाजारों में राजद नेता राजेश रमन उर्फ राजू यादव एवं पूर्व महागठबंधन इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के उम्मीदवार नरेंद्र ताती गले मिलकर ईद की बधाई देते देखे गए। मौके पर वार्ड पार्षद दीपा सिन्हा, आलोक कुमार, कैलाश सिंह, समाजसेवी राजन मंडल, बादल सिंह, दिलीप कुमार सहित कई मौजूद थे।

पैक्सों को सशक्त करने के लिए शहर के होटल पनाश कौटिल्य में चल रही दो दिवसीय कार्यशाला हुई संपन्न

# सरकारी सहयोग लेकर खुद को आत्मनिर्भर बनाएं पैक्स : प्रो. चंद्र

**पटना (एनएसबी)।** राज्य के पैक्सों को सशक्त करने के लिए शहर के होटल पनाश कौटिल्य में चल रही दो दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को सम्पन्न हो गई। इस मौके पर नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले पैक्स और अन्य समूह सरकारी सहयोग लें, लेकिन खुद को आत्मनिर्भर बनाएं। अपने आप को इतना विकसित करें कि लोग आपसे सहयोग मांगें।

इस कार्यशाला को नीति आयोग ने पूर्वी भारत में किसान संगठनों का सशक्तिकरण विषय पर आयोजित किया था। इसे सहकारिता विभाग और डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (आरपीसीयू), पूसा के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसमें प्रो. रमेश चंद ने कहा कि इस कार्यशाला में बिहार सहित 9 राज्यों से आए पैक्स अध्यक्षों और अधिकारियों से पैक्स की चुनौतियों और सफल कार्यों को सुना है। सहकारिता अब एक कामयाब मॉडल बन चुका है, इससे देश-विदेश के लोग प्रेरणा ले रहे हैं। हर पैक्स को खुद को विकसित करना चाहिए।

**किसान समूहों को सशक्त करने के लिए बिहार सहित 9 राज्यों से आए पैक्स अध्यक्षों को दिया गया प्रशिक्षण**

**इस दौरान नीति आयोग, नाबार्ड, सुधा और आरपीसीयू के विशेषज्ञों ने पैक्सों को सिखाए मूल्य वर्धन के गुर**

इस मौके पर सहकारिता विभाग के निबंधक, सहयोग समितियां, रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला कई तरह से लाभदायक रही। हमें कई राज्यों के पैक्सों में हो रहे कामों को जानने का इसमें मौका मिला है। दूसरे राज्यों के पैक्सों के सफल मॉडलों को हम बिहार के पैक्सों में अपनाएंगे। वहीं नीति आयोग की प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. राका सक्सेना ने कहा कि पैक्स अब एक नए अवतार में आ गए हैं। कुछ राज्यों में पैक्सों का बहुत अच्छा मॉडल है, जिसे दूसरे राज्यों में कैसे लागू किया जाए, इस पर नीति आयोग काम करेगा।

## विभिन्न राज्यों के पैक्स अध्यक्षों ने साझा किए अपने अनुभव

**पटना (एनएसबी)।** इस दो दिवसीय कार्यशाला में सहकारिता क्षेत्र में देशभर के सफल प्रयोगों से सीख लेते हुए पैक्स को एक सशक्त, बहुउद्देशीय और आत्मनिर्भर आर्थिक इकाई के रूप में विकसित करने को लेकर मंथन हुआ। पैक्सों को विकसित करने को लेकर विभिन्न विशेषज्ञों ने अपनी बातें रखीं। देश के विभिन्न राज्यों में संचालित सहकारी मॉडलों और किसान संगठनों की सफल पहलों को प्रस्तुत किया गया। इस दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल सहित कुल 9 राज्यों के पैक्सों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए।

## पैक्स बनेंगे वन-स्टॉप संस्थान

**पटना (एनएसबी)।** तकनीकी सत्र में भविष्य के लिए तैयार पैक्सः एकीकृत ग्रामीण सेवा केंद्र की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें कहा गया कि आने वाले समय में पैक्स ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बहुआयामी सेवा केंद्र के रूप में विकसित होंगे।

इस दौरान पैक्सों के लिए कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण, डिजिटल सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन और तकनीकी उन्नयन की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से यह सहमति बनी कि पैक्स को स्थानीय अर्थव्यवस्था के वन-स्टॉप संस्थान के रूप में विकसित कर उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन, भंडारण, वित्तीय सेवाएं और डिजिटल सेवाओं को एकीकृत किया जाएगा।

## पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने बोधगया में किये तथागत बुद्ध के दर्शन



**पटना (एनएसबी)।** पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने शनिवार को बोधगया पहुंचकर तथागत बुद्ध के दर्शन किये। तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- "आज बोधगया में स्थित बौद्ध मंदिर में दर्शन कर आत्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। यह स्थल न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि समस्त मानवता को शांति, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।"

## संक्षिप्त खबरें

### हनुमान जी की पूंछ असीम शक्ति और भक्ति का प्रतीक है : नंद जी महाराज

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के सझुआर गांव स्थित महावीर जी स्थान परिसर में चल रही राम कथा के तीसरे दिन पूज्य श्री नंद जी महाराज ने शिव जी के विवाह और वायु पुत्र हनुमान जी की कथा का मार्मिक वर्णन किया। महाराज जी



ने बताया कि हनुमान जी की पूंछ मात्र शरीर का अंग नहीं, बल्कि असीम शक्ति और भक्ति का प्रतीक है। कथा में लंका दहन की घटना का जिक्र करते हुए कहा गया कि रावण के सैनिकों ने उनकी पूंछ पर तेल डालकर कपड़ा लपेटा और आग लगाई, फिर भी वह दिव्य पूंछ नहीं जली—यह उनकी अद्भुत शक्तियों का प्रमाण है। श्री राम जी की चर्चा करते हुए महाराज जी ने समाज को संदेश दिया कि प्रभु राम की तरह हमें सत्य, निष्ठा और वचन पर कायम रहना चाहिए। जिस तरह उन्होंने अपने पिता दशरथ के एक वचन के कारण उन्होंने 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया, जो उन्हें आदर्श पुत्र और राजा बनाता है।

कार्यक्रम में महाराज जी के परिचारक श्री अजीत पाठक और तबला वादक बम-बम झा ने सहयोग किया। जानवी, प्रीति, ओभरशीयल गायक ने भजन "बिना चैन ना आए राम" पर श्रोताओं को भक्तिमय आनंद प्रदान किया।

### गृह विभाग में आयोजित महिला सुरक्षा विषयक प्रशिक्षण का द्वितीय चरण सम्पन्न

**पटना (एनएसबी)।** अभियोजन निदेशालय (गृह विभाग), बिहार पटना के सभा कक्ष में "महिला सुरक्षा" विषय पर 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण आज दिनांक 21.03.2026 को सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में अभियोजन निदेशालय, गृह विभाग, बिहार, पटना द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों से नामित कुल 25 (पच्चीस) अभियोजन पदाधिकारियों ने भाग लिया। उक्त समापन समारोह के मुख्य अतिथि डा० अजय कुमार, शैक्षणिक संकाय, उठछ्व, श्री रंजीत शंकर प्रसाद, मुख्य विधि पदाधिकारी, गृह विभाग. बिहार थे। श्री सुधांशु कुमार चौबे, विशेष सचिव-सह-प्रभारी निदेशक, अभियोजन निदेशालय, बिहार, पटना, श्री धर्मेश कुमार, उप निदेशक, अभियोजन निदेशालय, बिहार, डा० रविकान्त देव, उपनिदेशक-सह-सत्र समन्वयक, अभियोजन निदेशालय, बिहार तथा उपस्थित अतिथि द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, सामुहिक तस्वीर एवं मोमेन्टो प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में श्री अरविन्द कुमार, सहायक निदेशक, श्री राजेश कुमार, सहायक अभियोजक, श्रीमति सीमा शर्मा, अभियोजन पदाधिकारी, सुश्री रागिनी कुमारी, अभियोजन पदाधिकारी, नेयाज अहमद, अभियोजन पदाधिकारी, श्री रंजय कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, श्री आलोक कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी तथा श्री ईशाद आलम, प्रोग्रामर, एवं अभियोजन निदेशालय के कर्मी उपस्थित थे।

### पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली 16 महिला रेलमर्मियों को किया गया सम्मानित

**हाजीपुर (एनएसबी)।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आज दिनांक 21.03.2026 को अधिकारी क्लब, पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती सुनीता सिंह, अध्यक्षा, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने महिलाओं के उत्थान और कार्यों के साथ सामंजस्य स्थापित करने के विषय में महत्वपूर्ण सलाह महिला रेलकर्मियों के साथ साझा की।



कार्यकारिणी की सदस्या श्रीमती श्रुति पांडे ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और उनके निदान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की । कार्यकारिणी की सदस्या वन्दना कुमार ने अपनी कविता से कार्यक्रम को उजार्वान बनाया वहीं, कोषाध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव ने अपने गायन से कार्यक्रम में आए सभी श्रोतागण को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुरक्षा विभाग, हाजीपुर द्वारा साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी और उससे बचने के उपायों के बारे में रेलकर्मियों को सजग किया । कार्यक्रम के दौरान पूरे जोन से चयनित 16 उत्कृष्ट महिला रेल कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा निशी कुमारी, एकाउंटेंट, हाजीपुर को नई दिल्ली में आयोजित फ्हउउड द्वारा सम्मानित किए जाने पर विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती रंजना कुमार, सचिव श्रीमती मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्ष श्रीमती पूनम श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह एवं कार्यकारिणी की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं ।

बिहार दिवस के मौके पर चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था, 24 घंटे काम करेगा नियंत्रण कक्ष

# सीसीटीवी से पूरे गाँधी मैदान की होगी निगरानी

**नव संदेश ब्यूरो**

**पटना।** जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने कहा है कि बिहार दिवस के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारीद्वय आज प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को गाँधी मैदान, पटना में आयोजित संयुक्त ब्रीफिंग में संबोधित कर रहे थे। जिलाधिकारी व वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी पदाधिकारियों को सजग, सतर्क एवं सक्रिय रहना पड़ेगा। साथ ही आपस में सार्थक समन्वय एवं सुदृढ़ संवाद भी कायम रखना होगा।

ब्रीफिंग के पूर्व जिलाधिकारी व वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पूर्ण गाँधी मैदान का निरीक्षण किया गया तथा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अधिकारीद्वय ने कहा कि तैयारी अंतिम चरण में है।

जिलाधिकारी ने कहा कि गाँधी मैदान, श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल, एवं रविन्द्र भवन, पटना में बिहार दिवस समारोह 22-24 मार्च, 2026 का आयोजन हो रहा है। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन गाँधी मैदान, पटना में होगा। इस आयोजन में सरकार की विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का वृहत स्तर पर प्रदर्शन होगा। साथ ही कला, संस्कृति एवं खान-पान का प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन, लोक गीतों की प्रस्तुति सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि गाँधी मैदान, पटना में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का एक फिक्स्ड प्रोटोकॉल है। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार प्रोटोकॉल का अक्षरशः अनुपालन सभी पदाधिकारियों को सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम में काफी बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है। बुजुर्ग, युवा, महिला एवं बच्चे भी बहुत बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी की सुविधा का ख्याल रखा जाएगा। किसी को कोई असुविधा न हो इसके लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा विशेष सतर्कता तथा निगरानी बरता जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विभिन्न सेक्टर के पदाधिकारीगण आपसी समन्वय स्थापित रखेंगे ताकि सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था एवं उत्कृष्ट भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

जिलाधिकारी व वरीय पुलिस अधीक्षक ने पदाधिकारियों को निदेश दिया कि सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुँच जाएंगे तथा तब तक अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर मुस्तैद रहेंगे जबतक कि भीड़ कार्यक्रम स्थल से पूरी तरह वापस न चली जाए एवं मैदान पूर्णतः खाली न हो जाए। जिलाधिकारी व वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी विनम्रता परन्तु दृढ़तापूर्वक अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

**बिहार दिवस के अवसर पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग**

जिलाधिकारी व वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से पूरे गाँधी मैदान को चार सेक्टर में विभाजित किया गया है। हर एक सेक्टर में अपर जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों को वरीय प्रभार में रखा गया है। सभी सेक्टर में एम्बुलेंस, फायर यूनिट एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी चिकित्सकों, फायर यूनिट के पदाधिकारियों एवं पेयजल व्यवस्था के प्रभारी पदाधिकारियों से समन्वय बनाए रखेंगे ताकि किसी भी तरह की कोई समस्या न हो।

### जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा

- उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुचारू यातायात एवं सुदृढ़ विधि-व्यवस्था संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता
- पदाधिकारीगण सजग रहें, विशेष सतर्कता बरतें तथा आपस में समन्वय कायम रखें
- गाँधी मैदान में लोगों का आवागमन सुगम एवं सुचारू रहे
- निकास का मार्ग हर हाल में अवरोधमुक्त रहना चाहिए
- प्रशासनिक दृष्टिकोण से गाँधी मैदान को 4 सेक्टर में बांटा गया है
- वरीय दंडाधिकारियों के नेतृत्व में तैयारियाँ अंतिम चरण में
- 4 सेक्टर दंडाधिकारियों के साथ दो पालियों में 94 मजिस्ट्रेटों को तैनात किया गया है

सेक्टर के प्रभारी दंडाधिकारियों एवं वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ गाँधी मैदान एवं आस-पास विधि-व्यवस्था संधारण हेतु कुल 56 विभिन्न स्थानों पर दो पालियों में 94 दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। दंडाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारियों को भी तैनात किया गया है। महिला बल, लाठी बल एवं अन्य पुलिस बल भी ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे। दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुँच जाएंगे तथा अपनी पाली समाप्त होने पर भी तब तक अपने कर्तव्य स्थल को नहीं छोड़ेंगे जब तक उनके प्रतिस्थानी न आ जाएँ।

कार्यक्रम समाप्ति के समय दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी विशेष सतर्कता बरतेंगे। जिलाधिकारी व एसएसपी ने कहा कि अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) तथा नगर पुलिस अधीक्षक मध्य प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की स्पॉट ब्रीफिंग (प्रतिनियुक्ति स्थल पर ब्रीफिंग) भी करेंगे।

## आईआईटी पटना परिसर में संचालित फाउंडेशन एकेडमी 30 मार्च से बंद

**पटना (एनएसबी)।** आईआईटी पटना परिसर के भीतर संचालित फाउंडेशन एकेडमी (एफ ए) का संचालन 30 मार्च 2026 से बंद किया जाएगा। यह निर्णय आईआईटी पटना के प्रोफेसर-इन-चार्ज (स्कूल) के आधिकारिक ईमेल निर्देश के बाद लिया गया है। इसके अतिरिक्त, कार्यालय आदेश संख्या IITP/RO/OO/2026/175 दिनांक 18.03.2026 के माध्यम से विवाश्वान एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी (वी ई डब्ल्यू एस) के सचिव तथा फाउंडेशन एकेडमी के प्राचार्य को औपचारिक रूप से समापन सूचना प्रदान की जा चुकी है। उपरोक्त निर्देशों के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए फाउंडेशन एकेडमी को आईआईटी पटना परिसर से संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**आईआईटी पटना परिसर खाली करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2026 निर्धारित**

सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि फाउंडेशन एकेडमी के प्राचार्य या उससे जुड़े किसी भी अधिकारी द्वारा आईआईटी पटना परिसर में निरंतर संचालन के संबंध में दी गई कोई भी सूचना, संचार या प्रस्तुति असत्य, भ्रामक, अवैध एवं गैरकानूनी है। ऐसे कृत्यों को गंभीरता से लिया जाएगा तथा इन्हें अभिभावकों को गुमराह करने का जानबूझकर किया गया प्रयास माना जाएगा। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि ऐसी भ्रामक जानकारी के कारण छात्रों एवं उनके अभिभावकों को होने वाले किसी भी प्रतिकूल परिणाम के लिए केवल विवाश्वान एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी (वी ई डब्ल्यू एस) तथा फाउंडेशन एकेडमी (एफ ए) ही उत्तरदायी होंगे। फाउंडेशन एकेडमी द्वारा आईआईटी पटना परिसर खाली करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इस तिथि के बाद किसी भी प्रकार का विस्तार प्रदान नहीं किया जाएगा।

## सुमेरा पंचायत की मुखिया ने रोजगार को दी नई पहचान

**पटना (एनएसबी)।** बिहार की पंचायती राज व्यवस्था में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण मिलने के बाद नई-नई इबारतें लिखी जा रही हैं, जो महिला सशक्तीकरण की मिसाल पेश कर रही हैं। कुछ महिला मुखियाओं की उन्नत सोच और विकासात्मक कदम से पंचायतों को नई दिशा मिल रही है। गांवों को इको-फ्रेंडली बनाना हो या बच्चों का स्कूल ड्रॉपआउट कम करना, हर मोर्चे पर ये महिला जनप्रतिनिधि सक्रिय हैं। इसी क्रम में मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी प्रखंड अंतर्गत सुमेरा पंचायत की मुखिया गुड़िया कुमारी ने पंचायत की सभी महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का संकल्प लिया है। उनकी सकारात्मक पहल से घर से निकलने में संकोच करने वाली महिलाएं अब बाहर जाकर अच्छी कमाई कर रही हैं।

**मुखिया गुड़िया कुमारी ने लाह की चूड़ियां बनाने वाली महिला समूहों को मुख्य बाजार से जोड़ा**

गुड़िया कुमारी ने वर्ष 2021 में मुखिया पद संभाला और तबसे महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। नाला-सड़क जैसे पारंपरिक काम से आगे बढ़कर उन्होंने महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया, जिससे पंचायत की दर्जनों महिलाएं अब स्वावलंबी बन चुकी हैं। उन्होंने पंचायत की 30 वर्षीय विभा देवी और उनके समूह को बड़े बाजार से जोड़ा। विभा देवी के साथ आधा दर्जन महिलाएं पिछले वर्ष से हाथ से लाह की चूड़ियां बनाकर बेच रही हैं। पंचायती राज मंत्री द्वारा उद्यमी पुरस्कार से सम्मानित यह समूह घर पर ही उत्पादन करता है और अब शहर के खादी मॉल में इनकी चूड़ियां उपलब्ध हैं। ये महिलाएं उद्यमी मेलों में सक्रिय भागीदारी कर रही हैं। विभिन्न अवसरों के लिए खास डिजाइन वाली चूड़ियों से उनकी मांग तेजी से बढ़ रही है।

### कमाई से स्कूटी खरीद रही महिलाएं

मुखिया गुड़िया ने कम पढ़ी-लिखी महिलाओं को मनरेगा से जोड़ा। स्वयं सहायता समूहों की मदद से कई महिलाएं पशुपालन और बकरी पालन कर रही हैं। यहां एक दर्जन से अधिक महिलाएं विभिन्न छोटे-बड़े उद्यमों से जुड़कर आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। कुछ महिलाएं ऑनलाइन सामान बेच रही हैं। इसके अलावा 28 महिलाएं फैक्ट्री में सिलाई ऑपरेटर के रूप में अच्छी मासिक कमाई कर रही हैं, जबकि कुछ मॉल में नौकरी कर रही हैं। इनमें से कई ने अपनी बचत से स्कूटी खरीद ली है।

### बाल हितैषी पहल भी जारी

सुमेरा पंचायत में बाल कल्याण के लिए तीन आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्री-स्कूल शुरू किया गया, जहां अन्नप्राशन और स्तनपान की उचित व्यवस्था है। महादलित टोले में शिक्षा के अवसर पहुंचाने के लिए स्कूल नहीं जा पाने वाले करीब तीन दर्जन बच्चों को टोले में ही पढ़ाया जा रहा है।

# पीएचईडी मुख्यालय में 23 महिला पदाधिकारी व कर्मी सम्मानित

**पटना (एनएसबी)।** लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मुख्यालय स्थित सभागार में आज विभागीय कार्यों के सफल क्रियान्वयन, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए 23 महिला पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह ने सभी चयनित महिला कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। सम्मानित होने वालों में विभिन्न संवर्गों की कर्मी एवं पदाधिकारी शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान विभाग में कार्यरत राष्ट्रीय स्तर की महिला कबड्डी खिलाड़ी संतोषी कुमारी को खेल के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मंत्री संजय कुमार सिंह ने विभाग की समस्त नारी-शक्ति को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह अवसर केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है। माननीय मंत्री द्वारा 08 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित करने का संकल्प व्यक्त किया गया था।

मंत्री ने कहा कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल का जल के सफल क्रियान्वयन में महिला कर्मियों का अमूल्य योगदान है, जो समाज की बुनियादी संरचना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि 08 मार्च से 22 मार्च 2026 तक मनाया जा रहा जल महोत्सव सशक्त समाज, समृद्ध भविष्य एवं महिलाओं के अदम्य साहस का उत्सव है।

उन्होंने आगे कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने से महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और वे आज पुरुषों के समकक्ष कार्य करते हुए राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। यह राज्य सरकार की नारी सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

**हर घर नल का जल के सफल क्रियान्वयन में योगदान को मिली सराहना**

मंत्री ने बताया कि हर घर नल का जल योजना के अंतर्गत राज्य में लगभग 1.20 लाख जलापूर्ति योजनाओं का निर्माण किया गया है, जिनके संचालन एवं अनुरक्षण के लिए नियुक्त पम्प चालकों एवं अनुरक्षकों में महिलाओं की भागीदारी लगभग आधी है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 18 मार्च 2026 को, बापू टावर पटना में प्रत्येक लोक स्वास्थ्य प्रमंडल से एक-एक महिला पम्प चालक को सम्मानित किया गया है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का विस्तार करते हुए अधिकाधिक महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

इस दौरान सम्मानित महिला पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी अपने अनुभव एवं सुझाव मंत्री के समक्ष साझा किए। मंत्री संजय कुमार सिंह ने उनके वक्तव्यों को गंभीरता एवं धैर्यपूर्वक सुना और कहा कि जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मियों के सुझाव विभागीय कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होंगे। कार्यक्रम के दौरान नित्यानंद प्रसाद, अभियंता प्रमुख-सह-विशेष सचिव, श्री अभय कुमार, अभियंता प्रमुख-सह-विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), श्री अरविंद कुमार, अपर सचिव सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री द्वारा सम्मानित महिला पदाधिकारियों एवं कर्मियों में विशेष कार्य पदाधिकारी पूजा कुमारी, अवर सचिव सुनीता कुमारी एवं स्वाति सजल सहित अधीक्षण अभियंता पूनम, मालती कुमारी श्रीवास्तव, कार्यपालक अभियंता प्रियम्वदा, सहायक अभियंता शालिनी, पूजा वर्मा, प्रतिमा साह, मीनू, आईटी मैनेजर स्नेहलता, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी ममता कुमारी एवं अंजली कुमारी, सुषमा कुमारी, निजी सहायक अंजू कुमारी, आशुलिपिक रीना कुमारी, प्रशाखा-08 की पल्लवी राज, विशेष पदाधिकारी कोषांग की शगुफ्ता तसनीम, डाटा एंट्री ऑपरेटर मोनिका कुमारी, रूबी यादव एवं ज्योति अभिषेक शामिल हैं।